बैशाख कृष्ण पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 25 अप्रैल 2024
वर्ष 4, अंक 67, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रॉउन ड्वार्फ के मीथेन की आश्चर्यजनक खोज 14

किंग में डॉन का किरदार निभाएंगे शाहरूख 13




## एक नजर

### बांदीपोरा में आतंकवादियों से मुठभेड़, दो जवान घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में दो सैनिक घायल हो गए। आतंकवादियों का पता लगाने के लिए बांदीपोरा के अरागाम के रेन्जी वन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर तलाश अभियान जारी है। बुधवार तड़के सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई थी। शुरुआती गोलीबारी में दो सैनिक घायल हो गए और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। आतंकवादियों को इलाके से फरार होने से रोकने के लिए हवाई निगरानी के लिए आज सुबह से हेलीकॉप्टर और ड्रोन को भी सेवा में लगाया गया है।

### इन्वेस्ट ट्रेडिंग के नाम पर 95 लाख की ठगी

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान के हनुमानगढ़ में ऑनलाइन इन्वेस्ट ट्रेडिंग में निवेश करने के नाम पर 95 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। शातिर ठग ने शिकार बने व्यक्ति को उसके कॉलेज के दोस्त की पुरानी फोटो टेलीग्राम एप पर लगाकर धोखा दिया। गांव पक्का सहारन निवासी सुनील कुमार जाट ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र के आधार पर साइबर थाने में 94 लाख 70 हजार 300 रुपये की ठगी का मामला दर्ज हुआ है, जिसकी जांच उपाधीक्षक अरुण कुमार द्वारा की जा रही है।

### दो बच्चों को यमुना में फेंक खुद भी कूद गई

**बांदा।** पति से झगड़कर एक महिला ने बुधवार की शाम पुल के ऊपर से पहले बेटी, फिर बेटे को यमुना नदी में फेंक दिया और फिर खुद पुल से नदी में छलांग लगा दी। गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद तीनों की लाशें बरामद कर ली हैं। कमासिन थाना क्षेत्र के दादौं गांव निवासी राजेश निषाद अपनी पत्नी मंटू देवी (26) के साथ मंगलवार को फतेहपुर जनपद के किशनपुर क्षेत्र के एक भट्ठे से वापस घर आया था। राजेश टीबी का मरीज है। बुधवार सुबह पत्नी मंटू ने भट्ठा चलने की जिद पकड़ ली। इसी बात पर दोनों में विवाद शुरू हो गया।

## चुनावी भाषण के दौरान नितिन गडकरी बेहोश

**यवतमाल।** भाजपा नेता व केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी पूर्वी महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में एक चुनावी रैली में भाषण के दौरान बेहोश हो गये। वह पुसाद में चुनाव प्रचार कर रहे थे, जो यवतमाल-वाशिम लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। गडकरी जैसे ही बेहोश हुए उनके साथ मौजूद सुरक्षाकर्मी उन्हें मंच से बाहर ले गए। हालांकि, केंद्रीय मंत्री कुछ मिनट बाद ठीक हो गए और उन्होंने अपना भाषण पूरा किया। गडकरी (66) ने ''एक्स'' पर इस घटना की जानकारी देते हुए एक पोस्ट में कहा महाराष्ट्र के पुसाद में एक चुनावी रैली में गर्मी के कारण बेचैनी महसूस हुई। लेकिन अब मैं पूरी तरह ठीक हूं और अगली रैली में हिस्सा लेने के लिए वरुड जा रहा हूं।


मंच पर बेहोश गडकरी को संभालते पार्टी कार्यकर्ता।

# दूसरे चरण की 88 सीटों पर मतदान कल

- 89 सामान्य पर्यवेक्षक, 53 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार अभियान बुधवार शाम थम गया। इस चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर शुक्रवार को मतदान होगा।

निर्वाचन आयोग के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दूसरे चरण में मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर भी चुनाव होना था, लेकिन बसपा उम्मीदवार के निधन के बाद अब इस सीट पर चुनाव 7 मई को तीसरे चरण में होगा। इन सीटों पर कुल 1206 प्रत्याशी चुनावी मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। मत सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक डाले जायेंगे और मतगणना चार जून को होगी। निर्वाचन आयोग के अनुसार इस चरण के लिये 89 सामान्य पर्यवेक्षक, 53 पुलिस पर्यवेक्षक और 109 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किये गये हैं। प्रचार के अंतिम दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा की जीत की संभावनाओं को मजबूत करने के लिये कई रैली और रोड शो किये। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भी प्रचार किया। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा तथा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने जमकर चुनाव प्रचार किया।

### इन राज्यों की सीटों पर होगा मतदान

इस चरण में केरल की 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की आठ- आठ , मध्य प्रदेश की छह, असम और बिहार की पांच-पांच, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की तीन-तीन और जम्मू-कश्मीर, मणिपुर तथा त्रिपुरा की एक-एक सीट पर मतदान होगा।

### उप्र में 81 पुरुष व 10 महिला प्रत्याशी चुनाव मैदान में

**लखनऊ।** प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों पर कुल 91 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिसमें 81 पुरुष व 10 महिला प्रत्याशी हैं। कुल 1,67,77,198 मतदाता मतदान करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में 90,26,051 पुरुष मतदाता, 77,50,356 महिला मतदाता व 791 थर्ड जेंडर हैं। सभी सीटों अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा में मतदान के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। पोलिंग पार्टियों को रवाना होने के निर्देश दिये गये हैं। मतदान के दौरान मतदाताओं को गर्मी व लू से बचाने के लिए पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। मतदान केंद्रों पर समुचित सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी। उन्होंने बताया कि मतदाता पहचान पत्र के लिए 12 विकल्पों का प्रयोग भी कर सकेंगे।

# हमारी प्राथमिकताएं मानव के साथ प्रकृति केंद्रित भी हो : द्रौपदी मुर्मू

## राष्ट्रपति ने देहरादून में वन अधिकारियों को प्रमाण पत्र और पदक सौंपे

ब्यूरो, देहरादून

- जलवायु की आपातकालीन स्थिति को देखते हुए पाठ्यक्रम में संशोधन का भी सुझाव दिया

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी में प्रशिक्षणरत व्यावसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के भारतीय वन सेवा के अधिकारियों के दीक्षांत समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने वन अधिकारियों को प्रमाण पत्र और पदक भी सौंपे।

राष्ट्रपति मुर्मू ने भारतीय वन सेवा के वर्ष 2022 बैच के सभी प्रशिक्षु अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस बैच में 10 महिला अधिकारी हैं, जो समाज के प्रगतिशील बदलाव का प्रतीक है। भारतीय वन सेवा के अधिकारियों पर जंगलों के संरक्षण, संवर्धन एवं पोषण की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा की हमारी प्राथमिकताएं मानव के साथ प्रकृति केंद्रित भी होनी चाहिए। पृथ्वी की जैव-विविधता एवं प्राकृतिक सुंदरता का संरक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसे हमें अति शीघ्र करना है। वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण और संवर्धन के जरिए मानव जीवन को संकट से बचाया जा सकता है। भारतीय वन सेवा के पी. श्रीनिवास, संजय कुमार सिंह, एस मणिकन्दन जैसे अधिकारी ड्यूटी के दौरान कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए प्राण न्योछावर किए हैं तो कई ऐसे अधिकारी हैं जिन्होंने पर्यावरण के लिए अतुलनीय काम किया है। प्रशिक्षु अधिकारियों को ऐसे अधिकारियों को रोल मॉडल बनाकर उनके आदर्शों पर आगे बढ़ना चाहिए।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि विश्व के कई भागों में वन संसाधनों की क्षति बहुत तेजी से हुई है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी की मदद से क्षतिपूर्ति तेज गति से कर सकते हैं। विकास रथ के दो पहिये होते हैं परंपरा और आधुनिकता। आज मानव समाज पर्यावरण संबंधी कई समस्याओं का दंश झेल रहा है। इसके प्रमुख कारणों में विशेष प्रकार की आधुनिकता है, जिसके मूल में प्रकृति का शोषण है। इस प्रक्रिया में पारंपरिक ज्ञान को उपेक्षित किया जाता है। जनजातीय समाज ने प्रकृति के शाश्वत नियमों को अपने जीवन का आधार बनाया है। जनजातीय जीवन शैली मुख्यतः प्रकृति पर आधारित होती है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने कहा कि वानिकी पेशेवरों के रूप में, इन अधिकारियों का एक महत्वपूर्ण चरण आरंभ होने जा रहा है जहां उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और सिक्किम जैसे राज्यों के विषम क्षेत्रों में वनाग्नि और बाढ़ जैसी आपदाओं से निपटने की चुनौतियां सामने होंगी। इस दौरान मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, वन महानिदेशक और विशेष सचिव जितेन्द्र कुमार, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के निदेशक जगमोहन शर्मा, पीसीसीएफ धनंजय मोहन आदि मौजूद रहे।



देहरादून में इंदिरा गांधी वन अकादमी में प्रशिक्षु अधिकारी को प्रमाण पत्र सौंपतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व साथ में मौजूद राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह।

## 31 मई तक लिंक किया तो कम कटौती के लिए कार्रवाई नहीं

**पैन-आधार लिंक मामले में टीडीएस कटौती**

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने कहा कि यदि करदाता 31 मई तक अपने पैन को आधार से जोड़ देते हैं, तो टीडीएस की कम कटौती के लिए कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। आयकर नियमों के अनुसार, यदि स्थायी खाता संख्या (पैन) को बायोमेट्रिक आधार से नहीं जोड़ा जाता है, तो लागू दर के मुकाबले दोगुनी दर से स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) की जाएगी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने परिपत्र में कहा कि करदाताओं से कई शिकायतें मिली हैं कि उन्हें इस बारे में नोटिस मिले हैं। नोटिस में कहा गया है कि उन्होंने ऐसे लेनदेन करते समय टीडीएस / टीसीएस की कम कटौती/ संग्रह करने की चूक की है, जहां पैन निष्क्रिय थे। ऐसे मामलों में चूंकि कटौती/ संग्रह उच्च दर पर नहीं किया गया है, लिहाजा विभाग ने टीडीएस/ टीसीएस विवरणों के प्रसंस्करण के दौरान कर मांग की है। एकेएम ग्लोबल में साझेदार (कर) संदीप सहगल ने कहा कि जल्द से जल्द पैन को आधार से जोड़ लेना चाहिए।

## देश में शरिया कानून और तालिबानी बर्बरता चाहती है कांग्रेस : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- कांग्रेस की मंशा एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण में कटौती कर अल्पसंख्यकों को देने की

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कांग्रेस और इंडी गठबंधन की नीयत पर सवाल उठाए। योगी ने कहा कि कांग्रेस को देश की कीमत पर येन केन प्रकारेण सत्ता चाहिए। वह महिलाओं पर बर्बर अत्याचार करने वाले तालिबानी प्रवृत्ति को भारत में लागू करना चाहती है। ये लोग तीन तलाक का समर्थन करते हैं। कांग्रेस देश में शरिया कानून लागू करके तालीबानी बर्बरता की समर्थक है।

मुख्यमंत्री बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आमंत्रित मीडिया के सामने अपनी बात रख रहे थे। इससे पहले उन्होंने पाटी कार्यालय में मीडिया सेंटर की शुरुआत भी की। योगी ने यहां कहा, कांग्रेस के घोषणापत्र में आधी आबादी के अपमान के इरादे साफ दिखाई देते हैं। ये देश की सुरक्षा, संप्रभुता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, जिसमें कांग्रेस की मंशा स्पष्ट उजागर होती है। उन्होंने यह भी कहा कि इनकी मंशा एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण में डकैती डालने की है। कहा कि यूपीए सरकार अपने शासनकाल में पूर्व चीफ जस्टिस एवं कांग्रेस सांसद रंगनाथ मिश्रा कमीशन सिफारिशों को लागू करना चाहती थी। रंगनाथ मिश्रा कमीशन के तहत ओबीसी को मिलने वाले 27 प्रतिशत आरक्षण में छह प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदाय को देने की बात है। मुख्यमंत्री के अनुसार कांग्रेस की मंशा एससी, एसटी के अधिकारों में भी घुसपैठ करने की है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण यूपीए सरकार में आई सच्चर कमेटी की रिपोर्ट है, जिसे भाजपा के भारी विरोध के कारण उन्हें वापस लेना पड़ा था।

## पीआईटी एनडीपीएस एक्ट में राज्य की पहली गिरफ्तारी देहरादून में हुई

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- आरोपी अमरकांत बच्चों के माध्यम से स्मैक आदि की करता था तस्करी

**अमृत विचारः** राजधानी में सक्रिय एक नशा तस्कर को देहरादून पुलिस ने पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत पहली बार जेल भेजने की कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट गृह सचिव को भेजी इस पर उन्होंने आरोपी को पांच सप्ताह के लिए जेल में बंद करने के निर्देश दिए।

एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि रायपुर थाने में एसओ कुंदन राम के नेतृत्व में एक टीम का गठन नशा तस्करों के खिलाफ किया गया। सक्रिय नशा तस्करों को चिह्नित किया गया। इसमें तस्कर अमरकांत उर्फ डोला के बारे में पता चला कि वह अब भी छोटे-छोटे बच्चों के माध्यम से स्मैक व अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी करता है। उसके खिलाफ नशा तस्करी के तीन मुकदमे दर्ज हैं। रायपुर पुलिस और एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स ने अमरकांत के आपराधिक इतिहास की जानकारी लेकर उसके खिलाफ पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई के लिए न्यायालय से दस्तावेज हासिल किए। इनके आधार पर 173 पन्नों की रिपोर्ट तैयार कर उसे गृह सचिव के सामने रखा गया। गृह सचिव ने आरोपी अमरकांत अंतिवाल उर्फ डोला को पांच माह के लिए जेल में बंद रखने के निर्देश दिए। आरोपी अमरकांत को सुद्धोवाला जेल में दाखिल कर दिया गया है। आरोपी मूल रूप से फ्रेंड्स कॉलोनी, लेन नंबर सात तपोवन रोड, रायपुर का रहने वाला है।

## सोना तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, 10.48 करोड़ का सामान जब्त

**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने सोने की तस्करी करने वाले एक गिरोह का मुंबई में भंडाफोड़ किया है और 10.48 करोड़ की बहुमूल्य धातु, नकदी और अन्य कीमती सामान जब्त किए हैं। डीआरआई के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सोमवार को दक्षिण मुंबई में उस जगह तलाशी अभियान चलाया गया, जहां सोना को पिघलाने का काम किया जाता है और यहां से दो अफ्रीकी नागरिक सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने एक बयान में बताया कि डीआरआई को तस्करी की सूचना मिली थी।

## कोटक महिंद्रा बैंक को ऑनलाइन ग्राहक जोड़ने और क्रेडिट कार्ड जारी करने पर रोक

मुंबई, एजेंसी




- अनियमितताओं के चलते रिजर्व बैंक ने लिया निर्णय

भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक को तत्काल प्रभाव से अपने ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग चैनलों के माध्यम से नए ग्राहकों को जोड़ने और नए क्रेडिट कार्ड जारी करने से रोक दिया।

रिजर्व बैंक ने कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के खिलाफ पर्यवेक्षी कार्रवाई को लेकर जारी बयान में कहा कि बैंक अपने क्रेडिट कार्ड ग्राहकों सहित अपने मौजूदा ग्राहकों को सेवाएँ प्रदान करना जारी रखेगा। वर्ष 2022 और 2023 के लिए रिज़र्व बैंक की बैंक की आईटी जांच से उत्पन्न महत्वपूर्ण चिंताओं और इन चिंताओं को व्यापक और समय पर ढंग से निपटान करने में बैंक की ओर से लगातार विफलता के आधार पर ये कार्रवाई की गयी है।

आईटी इन्वेंट्री प्रबंधन और परिवर्तन प्रबंधन, उपयोगकर्ता पहुंच प्रबंधन, विक्रेता जोखिम प्रबंधन, डेटा सुरक्षा और डेटा लीक रोकथाम रणनीति, व्यापार निरंतरता और आपदा वसूली कठोरता और ड्रिल के क्षेत्रों में गंभीर कमियां और गैर-अनुपालन देखे गए। लगातार दो वर्षों तक, नियामक दिशानिर्देशों के तहत बैंक के आईटी जोखिम और सूचना सुरक्षा प्रशासन में कमी का आकलन किया गया था। बाद के आकलन के दौरान, बैंक को वर्ष 2022 और 2023 के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा जारी सुधारात्मक कार्य योजनाओं के साथ काफी गैर-अनुपालनकारी पाया गया, क्योंकि बैंक द्वारा प्रस्तुत अनुपालन या तो अपर्याप्त, गलत या टिकाऊ नहीं पाया गया।

## हृदय घात से हाथरस के भाजपा सांसद का निधन



- अलीगढ़ में तबियत बिगड़ने पर अस्पताल में कराया भर्ती

**अलीगढ़।** भाजपा नेता एवं हाथरस लोकसभा क्षेत्र से सांसद राजवीर सिंह दिलेर का हृदयघात से निधन हो गया। अलीगढ़ में आवास पर हालत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके निधन से समर्थकों और परिजनों में शोक है। राजवीर का इस बार बीजेपी ने टिकट काट दिया है। बुधवार को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे बेहोश हो गए थे। वह 66 वर्ष के थे। राजवीर सिंह दिलेर 2019 में हाथरस लोकसभा सीट से 2.60 लाख मतों से जीते थे। तीन दिन पहले वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अलीगढ़ में आयोजित जनसभा में मंच पर उपस्थित रहे थे। राजवीर सिंह दिलेर के पिता किशनलाल दिलेर भी भाजपा के दिग्गज नेता रहे। वह लगातार पांच बार विधायक और चार बार सांसद रहे थे।

## तुलसियानी ग्रुप के 10 ठिकानों पर ईडी का छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- निवेशकों का करोड़ों रुपये डकारने के आरोप में दर्ज है रिपोर्ट

ईडी ने रियल एस्टेट कंपनी तुलसियानी ग्रुप के प्रयागराज, लखनऊ, दिल्ली और नोएडा स्थित ठिकानों पर बुधवार को छापेमारी की। ग्रुप पर निवेशकों और बैंक के करोड़ों रुपये हड़पने का आरोप है। ईडी ने दिसंबर 2023 में कंपनी के खिलाफ मनी लॉड्रिंग के तहत केस दर्ज किया था। छापेमारी में क्या-क्या मिला यह स्पष्ट नहीं है।

गौरतलब है कि तुलसियानी ग्रुप के खिलाफ दर्जनों निवेशकों ने एफआईआर दर्ज करा रखा है। पंजाब नेशनल बैंक ने भी कर्ज हड़पने के आरोप में एफआईआर भी दर्ज करा रखा है। ग्रुप ने फर्जी दस्तावेज लगाकर बैंक से 4.63 करोड़ का कर्ज लिया था। बता दें कि बैंक मैनेजर की शिकायत पर ग्रुप के निदेशक महेश तुलसियानी, अनिल कुमार तुलसियानी और अन्य पूर्व निदेशकों पर हजरतगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज हुआ था। पुलिस उक्त आरोपियों को जेल भी भेज चुकी है। फिल्म अभिनेता शाहरुख खान की पत्नी भी बतौर ब्रांड एंबेस्डर तुलसियानी ग्रुप से जुड़ी थीं।

## मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना अब्दुल अलीम फारुकी का इंतकाल

**लखनऊ।** मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना अब्दुल अलीम फारुकी का बुधवार की सुबह लखनऊ के चौधरी गढैया स्थित आवास पर इंतकाल हो गया। वह 76 साल के थे और पैंक्रियाज कैंसर से जूझ रहे थे। शाम को अस्र की नमाज के बाद नदवतुल उलेमा में उनकी नमाज-ए-जनाजा हुई और उसके बाद ऐशबाग कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द-ए-ख़ाक कर दिया गया। मौलाना जमीयत उलेमा-ए-हिन्द के उपाध्यक्ष थे। वह दारुल उलूम देवबंद और नदवतुल उलेमा लखनऊ के कार्यकारिणी सदस्य थे।



# क्या ईवीएम के माइक्रोकंट्रोलर को री-प्रोग्राम किया जा सकता है

## मतों के वीवीपैट से मिलान के मुद्दे पर न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रखा

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने इलेक्ट्रॉनिंग वोटिंग मशीन' (ईवीएम) के माध्यम से डाले गए सभी वोट का वोटर वेरिफियेबिल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) के साथ पूरी तरह मिलान करने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर बुधवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

न्यायालय ने निर्वाचन आयोग के समक्ष उठाए गए सवालों के जवाबों का संज्ञान लेने के बाद फैसला सुरक्षित रखा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी से ईवीएम की कार्य-प्रणाली के संबंध में पांच प्रश्न पूछे थे जिनमें यह प्रश्न भी शामिल है कि क्या ईवीएम में लगे माइक्रोकंट्रोलर को फिर से प्रोग्राम किया जा सकता है या नहीं।



वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त नीतेश कुमार व्यास ने इससे पहले ईवीएम की कार्य-प्रणाली के बारे में अदालत में प्रस्तुतिकरण दिया था। पीठ ने उन्हें अपराह्न दो बजे प्रश्नों के उत्तर देने के लिए बुलाया था। पीठ ने कहा था कि उसे कुछ पहलुओं पर स्पष्टीकरण की जरूरत है क्योंकि आयोग द्वारा ईवीएम के बारे में बार-बार पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) पर दिए गए उत्तरों को लेकर कुछ भ्रम की स्थिति है। पीठ ने कहा हमें कुछ संशय है और स्पष्टीकरण की जरूरत है और इसलिए हमने मामला निर्देशों के लिए सूचीबद्ध किया है। उसने कहा, हम अपने निष्कर्षों में तथ्यात्मक रूप से गलत नहीं होना चाहते, बल्कि पूरी तरह सुनिश्चित होना चाहते हैं।

### ईसीआईएल व बीईएल ने वोटिंग मशीन, वीवीपैट के कल-पुर्जों के निर्माताओं के नाम बताने से इनकार किया

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल) और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) ने ईवीएम और वीवीपैट के विभिन्न कल-पुर्जों के निर्माताओं और आपूर्तिकर्ताओं के नाम और संपर्क विवरण का खुलासा करने से इनकार कर दिया है। सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत एक कार्यकर्ता ने इस संबंध में सवाल किया था और सार्वजनिक क्षेत्र के इन उपक्रमों ने आरटीआई कानून के तहत व्यावसायिक विश्वास का हवाला देते हुए जानकारी देने से इनकार कर दिया। कार्यकर्ता वेंकटेश नायक ने इन कंपनियों के पास एक समान आवेदन दायर किया था। इस आवेदन में वेंकटेश ने ईवीएम और वीवीपैट के निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले विभिन्न उपकरणों के निर्माताओं और आपूर्तिकर्ताओं का विवरण मांगा था। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम ईसीआईएल और बीईएल रक्षा मंत्रालय के तहत आते हैं। दोनों उपक्रम निर्वाचन आयोग के लिए ईवीएम और वीवीपैट का निर्माण करते हैं। नायक ने दोनों सार्वजनिक उपक्रमों से कल-पुर्जों के खरीद आदेश की एक प्रति भी मांगी थी। बीईएल ने अपने जवाब में आरटीआई अधिनियम की धारा 8(1)(डी) का हवाला देते हुए कहा कि मांगी गई जानकारी वाणिज्यिक विश्वास से जुड़ी है, इसलिए इसे प्रदान नहीं किया जा सकता।



कुदरत का कमाल। यह चमकादड़ नहीं बल्कि उसके जैसा दिखने वाला बैट फेस कूफिया है। फूल प्रेमियों को शीघ्र ही यह पौधा भीमताल के फ्लोरीवैल नर्सरी में बरसात और उसके बाद उपलब्ध होगा। इन दिनों इस पौधे की अन्य पौध तैयार की जा रही है। मुख्यत : यह मैक्सिको का पौधा है। ● फोटो : राकेश सनवाल

# जंगल की आग से गेठिया में घर और सामान जला

## दमकल कर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर पाया नियंत्रण, जंगलों में धधकती आग से कीमती वन सम्पदा को भारी नुकसान

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** जंगलों की आग अब वन विभाग के साथ-साथ जंगल के आसपास रहने वालों के लिए भी खतरा बनने लगी हैं।

बुधवार को नैनीताल के गेठिया क्षेत्र के जंगल में आग की चपेट में एक घर आ गया, जिससे घर जल गया। साथ ही घर में रखा हजारों का सामान भी जलकर राख हो गया। घर में आग लगने की सूचना स्थानीय लोगों ने दमकल विभाग को दी। मौक पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से घर में लगी आग पर नियंत्रण पाया।

अग्निनशमन अधिकारी किशोर उपाध्याय ने बताया कि जंगल में लगी आग की चपेट में आने से गेठिया निवासी नियोल मैसी का घर जल गया। सूचना पर मौके पर पहुंची दकमल की टीम ने घर की आग पर नियंत्रण पाया। इस दौरान अमरदीप सिंह, राजेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र सिंह, हर्ष कुमार, रविन्द्र सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



घर में लगी आग को नियंत्रित करते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

### खुर्पाताल और साततल के जंगल में लगी भीषण आग

**नैनीताल :** जंगलों में आग लगने का सिलसिला थम नहीं रहा है। बुधवार को शहर के खुर्पाताल, बजून और साततल के सूर्या गांव के जंगल में भीषण आग लग गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग और दमकल कर्मियों को दी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों और वन विभाग की टीम ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद जंगल में लगी आग पर नियंत्रण पाया। अग्निशमन सुरक्षा अधिकारी किशोर उपाध्याय ने बताया कि जंगल में लगी आग आवासीय क्षेत्र की तरफ बढ़ रही थी। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने 6 घंटे तक रेस्क्यू के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान उमेश कुमार, हर्ष कुमार, विवेक थापा, आनंद गिरी, रविंद्र सिंह समेत वन कर्मी व स्थानीय लोग मौजूद रहे।



जंगल की आग को बुझाते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### वनाग्नि की घटनाओं पर सरकार गंभीर, त्वरित हो रही कार्रवाई : भगत

**हल्द्वानी :** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने नैनीताल संसदीय सीट से कांग्रेस उम्मीदवार प्रकाश जोशी के वनाग्नि की घटनाओं पर सरकार उदासीन वाले बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने जोशी के बयान को हास्यपद बताया है। प्रदेश प्रवक्ता भगत ने कहा कि राज्य सरकार वन क्षेत्र में लगी आग की घटनाओं पर गंभीरता से काम कर रही है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने प्रमुख सचिव वन, सभी वन संरक्षकों और प्रभागीय वन अधिकारियों को वनाग्नि पर जल्द से जल्द नियंत्रण के आदेश दिए हैं। वनाग्नि से निपटने को प्रभागीय वन अधिकारी स्तर से नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। राज्य से डिवीजन स्तर के हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं, ताकि किसी भी सूचना पर रिस्पांस टीम तुरंत पहुंच सकें। कांग्रेस प्रत्याशी जोशी को धरातल की कोई भी जानकारी नहीं है। वह सिर्फ सुर्खियां बटोरने के लिए अनर्गल बयानबाजी करते हैं। वह खुद वर्ष 2012 में पैराशूट लेकर कालाढूंगी से विधानसभा का चुनाव लड़ने आए और हारने के बाद गायब हो गए। फिर वर्ष 2017 में चुनाव लड़ने पहुंचे और करारी हार के बाद फिर से गायब हो गए। अब पैराशूट लेकर लोकसभा चुनाव लड़ने पहुंचे परंतु कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उदासीनता से वह फिर करारी हार का सामना करने जा रहे हैं।



विकास भगत।

### आग की लपटें हाइटेंशन लाइन के पास पहुंची, हड़कंप

**गरमपानी:** गरमपानी अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर स्थित भौर्या बैंड क्षेत्र में कोसी नदी से सटे जंगल क्षेत्र में आग धधकने से हड़कंप मच गया। आग की लपटें विद्युत विभाग की हाइटेंशन लाइन तक पहुंचने से लोग सकते में आ गए हैं। हाईवे पर स्थित भौर्या बैंड क्षेत्र में कोसी नदी से सटा जंगल आग की चपेट में आ गया। कुछ ही देर में आग की लपटें विकराल होती चली गई। आसपास के क्षेत्रों के लोगों के साथ ही हाईवे पर आवाजाही कर रहे यात्री भी आग का तांडव देख सकते में आ गए। कुछ ही देर में आग की लपटें जंगल क्षेत्र से होकर गुजर रही विद्युत विभाग की हाइटेंशन लाइन तक बढ़ने लगीं, जिससे खतरा बढ़ता ही चला गया। वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचा। व्यापारी नेता विरेन्द्र सिंह बिष्ट, मनीष तिवारी, गजेन्द्र सिंह नेगी, फिरोज अहमद, गोविन्द सिंह, विनोद मेहरा, रघुराज सिंह, महेंद्र सिंह, संजय आदि ने जंगलों को आग से बचाने में नाकाम साबित हो रहे वन विभाग की कार्यप्रणाली पर रोष जताया है।

### आग से भवाली और आसपास के जंगलों का बुरा हाल

**भवाली :** भवाली और आसपास के जंगलों में भयंकर आग लगी है, जिससे कीमती वन सम्पदा को नुकसान पहुंच रहा है। वहीं कई जीव जन्तु इस आग की चपेट में आकर भस्म हो गये हैं। पिछले कुछ दिनों से चल रही तीव्र गति की हवा ने स्थिति को और खराब कर दिया है। श्यामखेत, घोड़ाखाल व नगारीगांव के जंगलों का आग से बुरा हाल है। लड़ियाकाठा के जंगल में भी मंगलवार को भीषण आग लग गई।

### जंगलों की आग के धुएं से सांस लेना हो रहा मुश्किल

**नैनीताल :** जंगलों में लग रही आग वातावरण के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो रही है। नैनीताल में बीते तीन दिनों से छाए धुएं के बाद लोगों को सांस और त्वचा संबंधी दिक्कते होने लगी हैं। धुएं से बुजुर्गों को सांस लेने और त्वचा रोग, एलर्जी के मरीजों की संख्या में इजाफा देखने को मिल रहा है। प्रतिदिन औसतन 80 से 90 त्वचा रोग के मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. आरुषि गुप्ता ने बताया कि मौसम में परिवर्तन के चलते त्वचा रोग से संबंधित मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है।

## सार-संक्षेप

### तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने छात्रों को सिखाए गेंदबाजी के गुर



स्कूल के प्रधानाचार्य अमनदीप संधू और छात्रों के साथ मोहम्मद शमी।

**नैनीताल :** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी बुधवार को नैनीताल के शेरवुड स्कूल पहुंचे, जहां उनका स्कूल प्रधानाचार्य अमनदीप संधू ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मोहम्मद शमी को अचानक अपने बीच देखकर छात्र-छात्राएं काफी खुश नजर आए। इस दौरान शमी ने छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान मोहम्मद शमी ने स्कूल के सीनियर छात्रों को गेंदबाजी के गुर सिखाए और लंबा समय छात्रों के साथ गुजारा। जानकारी देते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य ने बताया कि मोहम्मद शमी अचानक स्कूल पहुंचे और उन्होंने विस्तार से जानकारी ली।

### झील के सौंदर्यीकरण के लिए मांगा बजट

**भीमताल :** भीमताल झील की गाद व मिट्टी निकासी और सौंदर्यीकरण के लिए बजट स्वीकृत करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी ने जिलाधिकारी समेत मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव उत्तराखंड व मुख्य सचिव पर्यटन विभाग को ज्ञापन भेजकर भीमताल झील की सुध लेने की मांग की। ज्ञापन में अवगत कराया कि झील के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए खासा बजट की आवश्यकता है। बजट के अभाव में लगभग तीन दशक से गाद मिट्टी निकासी का मामला रुका पड़ा है। अभी अप्रैल में ही झील के मल्लीताल छोर में डेल्टा मैदान दिखाई देने शुरू हो गए हैं। झील के आसपास कई जरूरी जल स्रोत सूख गए हैं, जिससे लगातार झील की स्टोरेज क्षमता घट रही है।

### रामलीला ग्राउंड में रक्तदान शिविर आज

**भीमताल :** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हेमवती नंदन बहुगुणा की 105वीं जयंती के अवसर पर मल्लीताल भीमताल रामलीला ग्राउंड में गुरुवार को रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। आयोजनकर्ता समाजसेवी नितेश बिष्ट व नीरज रैकुनी ने सवेरे दस बजे से आयोजित होने वाले शिविर में अधिक से अधिक लोगों से प्रतिभाग करने का निवेदन किया।

### धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती

**भवाली :** प्रसिद्ध कैंची धाम में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। बाबा नीम करौली को हनुमान का ही अवतार माना जाता है, इसलिये वहां पर हनुमान पूजन किया जाता है। इस बार मंगलवार व हनुमान जयंती का ऐसा संयोग रहा कि लगभग आठ से दस हजार पर्यटकों ने बाबा व हनुमान जी के दर्शन किये। वहीं पर्यटकों की बढ़ती संख्या व उनकी सुविधा के लिये स्थानीय व्यापारियों ने निशुल्क जूता स्टैन्ड की शुरुआत की। कैंची धाम के अलावा भवाली के हनुमान मन्दिर व भूमियाधार स्थित हनुमान मन्दिर में भी पूजन कर प्रसाद वितरित किया गया। कई मन्दिरों में हनुमान चालीसा का पाठ कर लड्डू का प्रसाद वितरित किया गया।

### अवैध रूप से खड़े वाहनों से बड़ा बाजार का रास्ता बंद



अवैध रूप से खड़ी बाइकों से बंद हुआ रास्ता।

**नैनीताल :** प्रशासन की ओर से नगर में जाम से निपटने के लिए कई क्षेत्रों को नो पार्किंग जोन घोषित किया है। उसके बावजूद तल्लीताल से लेकर मल्लीताल चीना बाबा तक जगह-जगह सड़क पर अवैध रूप से वाहन खड़े किए जा रहे हैं, जिससे यातायात भी बाधित हो रहा है। साथ ही लोगों को भी आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, हालांकि पुलिस की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है। उसके बावजूद अवैध पार्किंग से निजात नहीं मिल रही है। नगर के मल्लीताल कोतवाली के सामने गाड़ी पड़ाव में वाइन शॉप व खाने पीने की दुकानों के चलते लोग अवैध रूप से बाइके खड़ी कर देते हैं जिससे अक्सर यातयात बाधित रहता है वहीं बड़ा बाजार को पैदल जाने वाले लोगों को भी काफी फजीहत उठानी पड़ती है।

# पर्यटकों से सरोवर नगरी गुलजार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** मैदानी क्षेत्रों में गर्मी बढ़ने से देशभर से पर्यटक सरोवर नगरी नैनीताल समेत आसपास के पर्यटक स्थलों का रुख करने लगे हैं। मैदानी क्षेत्रों में इन दिनों तापमान बेहद गर्म है तो वहीं पहाड़ों में मौसम बेहद सुहावना बना हुआ है, जिसका लुत्फ उठाने के लिए पर्यटक देश के कोने-कोने से सरोवर नगरी पहुंचने लगे हैं। पर्यटकों की आमद से सरोवर नगरी गुलजार हो उठी है।

पर्यटकों के नैनीताल पहुंचने से पर्यटन कारोबारी अब खुश नजर आ रहे हैं। पर्यटकों की आमद से नैनीताल में खासी रौनक दिखाई दे रही है, जबकि स्थानीय पर्यटन स्थलों पर पूरे दिन सैलानियों की भीड़ रहती है। बुधवार को स्नो व्यू, हिमालय दर्शन, किलबरी, केव गार्डन, चिड़ियाघर, सरिता ताल, वॉटर फॉल, बॉटनिकल गार्डन व हनुमान गढ़ी समेत नगर के सभी पर्यटन स्थलों में पूरे दिन सैलानियों की आवाजाही बनी रही।

सैलानियों ने नैनीझील में नौका विहार का लुत्फ उठाया। नैनीताल में बड़ी संख्या में पहुंचे पर्यटकों के कारण अब कार पार्किंग में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नैनीताल आने वाले पर्यटकों को कार पार्किंग के लिए अभी से भटकना पड़ रहा है।



नैनी झील में नौकायन करते पर्यटक। ● अमृत विचार

### पर्यटन कारोबारी कर रहे हैं पार्किंग की मांग

लंबे समय से नैनीताल में कार पार्किंग के निर्माण की घोषणाएं होती रहती हैं, लेकिन आज तक कार पार्किंग का निर्माण न होने से पर्यटन कारोबारी निराश नजर आ रहे हैं। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय बिष्ट का कहना है कि प्रशासन को नैनीताल आने वाले पर्यटकों के लिए कार पार्किंग की व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि पर्यटन सीजन के दौरान पर्यटकों को किसी प्रकार की दिक्कत ना। इसके साथ ही शहर के लिए बेहतर यातायात प्लान बनाया जाना चाहिए।

# अवमानना याचिका पर डीएम से मांगा जवाब

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने दैवीय आपदा के संबंध में पूर्व दिए आदेश का पालन नहीं करने के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई की। वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने डीएम नैनीताल से दो सप्ताह के भीतर जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई के लिए दो सप्ताह की तिथि नियत की है।

बुधवार को याचिकाकर्ता भुवन चन्द्र पोखरिया निवासी चोरगलिया ने मामले की स्वयं पैरवी कर हाईकोर्ट को बताया कि मामले में उच्च न्यायलय ने डीएम नैनीताल व डीएम हरिद्वार को 18 मार्च को अवमानना का नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिए थे, लेकिन नैनीताल डीएम ने इसका जवाब नहीं दिया, जबकि डीएम हरिद्वार ने जवाब पेश कर दिया है। मानसून में लगभग दो माह का समय शेष है, इसलिए हाईकोर्ट के 14 फरवरी 2023 के आदेश का अनुपालन करवाया जाए, ताकि वर्ष 2023 की तरह बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न नहीं हो। याचिकाकर्ता ने कहा कि हाईकोर्ट ने 14 फरवरी 2023 को राज्य सरकार को निर्देश दिए थे कि बाढ़ से बचाव की दशा में राज्य सरकार सिंचाई, वन, भूमि संरक्षण व अन्य विभागों को साथ लेकर आरक्षित क्षेत्रों की नदियों से मलबा, बोल्डर व सिल्ट को हटाएं और नदियों का चैनलाइजेशन करें। डीएम नैनीताल व डीएम हरिद्वार ने आदेश का पालन नहीं किया। इसकी वजह से नंधौर, गौला, रकसिया नाला और हरिद्वार में गंगा नदी ने हरिद्वार के भोगपुर, रायवाला, लक्सर में भारी तबाही मचाई थी। इससे स्कूल, पुल, सड़क, कृषि भूमि, वन भूमि सहित 600 करोड़ का नुकसान हुआ था।

### विधायक कैड़ा ने आग बुझाने में किया सहयोग

**हल्द्वानी/भीमताल :** जंगलों की आग बुझाने में वन अधिकारी-कर्मी के साथ ही जनप्रतिनिधि भी जुट रहे हैं। बुधवार को विधायक राम सिंह कैड़ा स्यूड़ा, रोशिल, पसोली के भ्रमण पर थे। इस बीच उन्होंने देखा कि जंगलों में आग लगी हुई है, ग्रामीण आग बुझा रहे हैं। इस पर वह भी ठहर गए और ग्रामीणों के साथ आग बुझाने में जुट गए। विधायक कैड़ा ने कहा कि गर्मी शुरू होते ही ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ व भीमताल के जंगल आग की चपेट में हैं।

### पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

# झीलपार ने जीता क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नगर के डीएसए मैदान में आयोजित स्वर्गीय विकास जोशी क्रिकेट प्रतियोगिता का बुधवार को शीला माउंट व झीलपार क्रिकेट क्लब के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। इसमें झीलपार ने 5 रनों से जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच झीलपार के मनीष रहे। मैन ऑफ द सिरीज शीला माउंट के विवेक, बेस्ट बैट्समैन शीला माउंट के जनक, बेस्ट बॉलर झीलपार के अमित, बेस्ट विकेटकीपर झीलपार के सुमंग और बेस्ट फील्डर का खिताब शीला माउंट के आयुष को मिला। अंपायर की भूमिका भूपेश बिष्ट और रियान सैयद ने निभाई। स्कोरर हर्षित और वरुण रहे। कार्यक्रम का संचालन हेमंत बिष्ट ने किया।

फाइनल मुकाबले में बतौर मुख्य अतिथि शेरवुड कॉलेज के प्रधानाचार्य अमनदीप संधू ने विजेता विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि अभाव में भी आयोजकों की ओर से इतनी सुंदर प्रतियोगिता का आयोजन किया करवाया गया है। कहा कि समय-समय पर ऐसे खेलों का आयोजन होता रहना चाहिए, जिससे युवाओं की प्रतिभा निखरकर सामने आएगी। इस दौरान भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता, सचिन नेगी, रवी जोशी, विवेक साह, हरीश राणा आदि मौजूद रहे।




तैयारी — दस-पंद्रह सालों में हुए कार्यों की स्थानीय निवासियों ने समीक्षा शुरु की

# नगर निकाय चुनाव समीप आते ही समस्याओं पर चर्चा तेज

**नाराजगी**

- ड्रेन की सफाई नहीं होने पर लोगों ने नाराजगी जताई
- मुख्य मुद्दों पर चर्चा से संभावित प्रत्याशियों की धड़कन तेज

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** नगर निकाय चुनाव के शीघ्र होने की संभावना को देखते हुए अब विभिन्न समस्याओं पर चिंतन प्रारंभ हो गया है। वार्ड से लेकर पूरे नगर निकाय में पिछले दस पंद्रह सालों में हुए कार्यों की समीक्षा स्थानीय निवासियों की ओर से प्रारंभ कर दी गई है।

वहीं चाय की दुकानों में नगर निकाय में संभावित प्रत्याशियों पर भी चर्चा होनी आम बात हो गई है। नगर के मुख्य मुद्दों पर चर्चा होने से संभावित प्रत्याशियों की धड़कन तेज है।

भीमताल में सिंचाई विभाग के अन्तर्गत आने वाली ड्रेन ए की सफाई की मांग काफी समय से की जा रही है, जिसको लेकर पंद्रह सालों से जनता मांग कर रही है। कोई कार्रवाई नहीं होने से जनता निराश है। भीमताल में कई दशकों से नैनीताल की तर्ज पर अग्निशमन का कार्यालय खोलने और वहां पर स्थाई तौर पर आग पर काबू पाने वाले उपकरण होने की मांग भी राजनीति के चलते लंबित हैं।

### जल संस्थान की लचर कार्यप्रणाली

भीमताल और आस पास के क्षेत्रों में जल संस्थान विभिन्न बोरिंग के माध्यम से पानी की सप्लाई करते आ रहा है। ऐसे में स्थानीय जनता के मुताबिक किसी पंप के खराब हो जाने पर सामान्य तौर पर चार दिनों तक पानी नहीं आने से जनता खासी परेशान रहती है। ऐसे में किसी भी पार्टी के द्वारा एक अतिरिक्त पंप होने की मांग पर किसी के द्वारा कोई कार्रवाई प्रारंभ नहीं करने से जनता खासी परेशान है।

### रोडवेज बस स्टैंड नहीं होने से लोग परेशान

भीमताल नगर में कहीं भी रोडवेज बस स्टैंड नहीं होने से स्थानीय जनता को काफी परेशानी है। पिछले कई सालों से विभिन्न राजनीतिक पार्टियों की ओर से शीघ्र निर्माण होने के आश्वासन से जनता त्रस्त है।

### कई मार्गों की वर्तमान दशा से भी जनता नाखुश

भीमताल के नौ वार्ड में कई मार्ग ऐसे हैं जिन पर सीसी करने और उनको दुरस्त करने की मांग जनता करते आ रही है। पर वर्तमान में रोज इन मार्ग की दशा खराब है। स्थानीय लोगों की मानें तो विभागीय अधिकारी भी प्रभावशाली लोगों के दबाव में आकर वर्तमान में भी कई बार एक ही मार्ग की दशा सुधार चुकी है और जिन मार्ग की दशा सुधारने की मांग जनता करते आ रही है। उस का सुध लेने वाला कोई नहीं है।

### जनप्रतिनिधि बोले



मेरी ओर से अपने कार्यकाल में जहां तक संभव था मैंने हर क्षेत्र में कार्य करवाया। आगे भी मौका मिलेगा तो लोगों की आशा के अनुरूप कार्य किया जाएगा। **-देवेन्द्र चनौतिया**, निर्वतमान नगर पंचायत अध्यक्ष



क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करते आ रहे हैं। पार्टी मौका देगी तो और कार्य किया जाएगा। पूरे क्षेत्र को जाना पहचाना है। मौका मिलने पर किसी को निराश नहीं किया जाएगा। **-मनोज भट्ट**, पूर्व मंडल अध्यक्ष, भाजपा



एक ठोस रणनीति के तहत इस बार मैदान में उतरा जाएगा। पांच साल तक लोगों के बीच रहा हूं। क्षेत्र की समस्या से वाकिफ हूं। जनता मौका देगी तो निश्चित तौर पर लोगों की आसा के अनुरूप खरा उतरूंगा। **-हितेन्द्र चनौतिया**, पूर्व प्रत्याशी, नगर पंचायत चुनाव



भीमताल के विकास पर फोकस रहेगा। सभी संपर्क का लाभ लेकर भीमताल को पर्यटन नक्शे में पहचान दिलाने और पूरे उत्तराखंड में एक मॉडल के रूप में बनाने का प्रयास किया जाएगा **-दिनेश सांगुड़ी**, पूर्व प्रत्याशी, नगर पंचायत चुनाव

### प्रभावशाली लोगों के निर्माण पर रोक लगाने में विभाग नाकाम

जिला विकास प्राधिकरण की ओर से इस समय भीमताल के कई स्थानों में निर्माण पर पाबंदी लगाई गई है। बावजूद इसके कई प्रभावशाली लोगों के निर्माण पर रोक लगाने पर विभाग नाकाम रहा है। विभाग के इस सौतेलेपन की कार्रवाई से भी जनता त्रस्त है।

## एक नजर

### मौसम बदलने से नहीं बढ़ा तापमान

**हल्द्वानी :** पहाड़ों में मंगलवार को हुई बारिश की वजह से मैदानी इलाकों में तापमान में बढ़ोत्तरी नहीं हुई। तापमान विगत दिनों की तरह ही रहा है। गर्मी में बढ़ोत्तरी नहीं हुई। हल्द्वानी में दोपहर के समय गर्मी का असर रहा। हालांकि पहाड़ों में हुई बारिश की वजह से बुधवार को अधिकतम तापमान 36 .4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गर्मी से राहत तो नहीं मिली, लेकिन गर्मी में बढ़ोत्तरी भी नहीं हुई है। न्यूनतम तापमान 18 .8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने पिथौरागढ़ जिले में कुछ स्थानों में बारिश होने का अनुमान जताया है।

### ग्रामीणों की शिकायत पर कुमाऊं आयुक्त ने मारा छापा, हिरण के अवशेष व अवैध रूप से संचालित आरा मशीन हुई बरामद

# बजून में जंगल काटकर बन रहा था रिजॉर्ट, सील किया

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** मंगोली क्षेत्र के बजून घिंघारी तोक में जंगल काटकर बनाया जा रहा रिजॉर्ट बुधवार को कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने सील करवा दिया। छापेमारी के दौरान आयुक्त को रिजॉर्ट में हिरण के अवशेष व कई अनियमितताएं मिलीं। आयुक्त ने रिजॉर्ट स्वामी के खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने बताया कि क्षेत्र के ग्रामीणों ने गांव में अवैध रूप से हरे पेड़ काटकर रिजॉर्ट का निर्माण कराये जाने की शिकायत की थी। जिस पर उन्होंने


रिजॉर्ट में छापेमारी के बाद अधिकारियों से निर्देश देते कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

रिजॉर्ट पर छापा मारा। निरीक्षण के दौरान रिजॉर्ट से बड़े पैमाने पर चीड़ और बांज के कटे पेड़ मिले। साथ ही हिरण के अवशेष, अवैध रूप से संचालित आरा मशीन, पत्थर, बजरी और काटे गए पेड़ों के गिल्टे भी मिले। आयुक्त दीपक रावत ने मौके पर उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार को अवैध खनन की खरीद की जांच करने व वन विभाग के एसडीओ राजकुमार को रिजॉर्ट में पाए गए सभी पेड़ों की जांच करने निर्देश दिए। उन्होंने बजून क्षेत्र के फॉरेस्टर मनोज बुधलाकोटी के खिलाफ समय से उच्च अधिकारियों को सूचित न करने के मामले में कार्रवाई करने के भी निर्देश दिये। साथ ही फॉरेस्टर के खिलाफ की गई कार्रवाई के दस्तावेजों को तत्काल पेश करने को कहा। आयुक्त ने उप जिलाधिकारी नैनीताल और एसडीओ वन विभाग को होटल स्वामी धर्मेंद्र सिंह मेहरा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणों सहित एसई जल संस्थान विपिन चौहान, क्षेत्र के कानूनगो और पटवारी आदि मौजूद रहे।

> शिकायत के बाद क्षेत्र व रिजॉर्ट का निरीक्षण किया गया, जहां हिरण के अवशेष, जंगल से काटे पेड़ समेत कई अनियमितताएं मिलीं। रिजॉर्ट स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिये गये हैं। मामले की रिपोर्ट मुख्य सचिव और सचिव वन एवं पर्यावरण को भेजी जाएगी। अगर इसमें वन अधिकारी संलिप्त होंगे तो उन पर भी कार्रवाई की जाएगी। **– दीपक रावत**, कुमाऊं आयुक्त

## जयपुर पाडली के प्राथमिक विद्यालय की सुधरेगी हालत

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** जयपुर पाडली के प्राथमिक विद्यालय में सौंदर्यीकरण और चहारदीवारी के निर्माण के साथ ही भवन की मरम्मत होनी है। इसके लिए आचार संहिता से पहले शासन से बजट स्वीकृत हो गया था। जल्द ही इसमें काम शुरू हो जायेगा। करीब चार लाख रुपये की लागत से विद्यालय में कार्य होंगे। ग्राम पंचायत की ओर से पूर्व में प्रस्ताव भेजा गया था। काम शुरू होने की जानकारी मिलने पर विद्यालय स्टाफ व क्षेत्र के लोगों ने ग्राम प्रधान कमल पडलिया का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान के प्रयासों से जर्जर हो चुके विद्यालय की हालत सुधरेगी।

# सात दिन बाद भी पेयजल लाइनों में एयर वाल्व नहीं लगने पर जेई को घेरा

### प्रगति विहारवासियों ने किया प्रदर्शन, जल निगम ने इस समस्या के समाधान का किया था वादा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** तल्ली हल्द्वानी की प्रगति विहार कॉलोनी में पेयजल समस्या से जूझ रहे लोगों का गुस्सा बुधवार को फिर फूट पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि आश्वासन के बाद भी पानी नहीं मिल रहा है। मौके पर पहुंचे जल निगम विश्व बैंक के जेई का लोगों ने घेराव करते हुए आक्रोश प्रकट किया। साथ ही जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी दी।

क्षेत्र के निवर्तमान पार्षद मनोज जोशी ने बताया कि कई दिनों से पानी की समस्या बनी हुई है। कुछ दिन पूर्व लोगों ने जल निगम विश्व बैंक के जेई का घेराव किया था, जिस पर उन्होंने एक सप्ताह के अंदर पानी की आपूर्ति सुचारू करने का आश्वासन दिया, लेकिन वर्तमान में समस्या जस की तस बनी है। बुधवार को जब जेई मौके पर पहुंचे तो लोगों ने उनका घेराव करते हुए आक्रोश प्रकट किया। उन्होंने बताया कि जब पूर्व में पानी की लाइनों को चेक किया गया था तो उसमें से एयर निकल रही थी, लेकिन पानी नहीं निकला। इसके लिए विभाग को एयर वाल्व लगवाना था, लेकिन अभी तक एयर वाल्व नहीं लग पाई है। जिसके चलते पानी की लाइनों से पेयजल आपूर्ति बाधित है। मनोज जोशी ने कहा कि यदि शीघ्र एयर वाल्व नहीं लगाई गई तो लोग धरना-प्रदर्शन के लिए मजबूर होंगे। घेराव करने वालों में लीलाधर जोशी, हरीश चंद्र मेलकानी, धन सिंह बिष्ट, कमला, चम्पा मेलकानी आदि मौजूद रहे।


प्रगति विहार कॉलोनी में पानी की समस्या को लेकर जेई का घेराव करते लोग।

#### गर्मी बढ़ते ही बढ़ गई पानी की मांग

गर्मी बढ़ने के साथ ही पानी की भी मांग बढ़ने लगी है। हल्द्वानी शहर में वर्तमान में 72 एमएलडी पानी की आपूर्ति हो रही है, जबकि मांग 90 एमएलडी पहुंच गई है। जल संस्थान को गौला नदी पेयजल योजना से नियमित 35 मिलियन लीटर पानी मिल रहा है। वहीं 88 नलकूपों से 32 ओर पेयजल निगम से 5 एमएलडी पानी मिलता है। जल संस्थान के मुताबिक मांग के अनुरूप 17 एमएलडी पानी की और आवश्यकता है, जिसे विभाग पूरा नहीं कर पा रहा है।

#### टैंकरों से भी नहीं बुझ रही प्यास

जल संस्थान के टैंकर ड्राई जोन इलाके में लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। विभाग की ओर से टैंकरों की क्षमता बढ़ाने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। दमुवाढूंगा, कुसुमखेड़ा, इंदिरानगर, दुर्गा मंदिर, आनंदपुर, भगवानपुर समेत अनेक क्षेत्रों में पेयजल संकट बना हुआ है, यहां टैंकरों से पानी बंटवाया जा रहा है, लेकिन नियमित पानी न मिलने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

## दहेज न मिलने पर विवाहिता को ससुराल से निकाला

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** विवाहिता ने अपने पति सहित ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए उत्पीड़न और मारपीट करने का आरोप लगाया है। विवाहिता का कहना है कि उसकी सास उस पर तलाक लेने का भी दबाव बनाती है। साथ ही ससुराल पक्ष के लोग रोजाना मारपीट करते हैं।

आनंदपुर मानपुर पश्चिम निवासी एक महिला ने पुलिस को दी सूचना में बताया कि फरवरी 2023 में उसकी शादी रवि टम्टा पुत्र मोहन राम टम्टा निवासी गांधीनगर टाकुला पटवाडांगर से हुई थी। विवाह के बाद ही उसका पति, ससुर और सास तुलसी उससे दो लाख रुपये नगद और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। सास उस पर तलाक लेने का दबाव बनाने लगी। आरोप है कि सास अपने बेटे का विवाह कहीं और कराने की बात भी कहती है। पति रोज शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता है। मारपीट में पीड़िता के सास और ससुर भी साथ देते। बीती 12 मार्च को पीड़िता के ससुराल वालों ने दो लाख रुपये और बुलेट मोटरसाइकिल लाने की मांग के साथ उसे घर से निकाल दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल उमेश मलिक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

# नशे की लत ने बनाया 'करोड़पति' को नकली डॉक्टर और चोर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में डॉक्टरों के भेष में डॉक्टरों का सामान चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया है। पुलिस बहुद्देश्यीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी पीएन मीणा ने बताया कि आरोपी को नशे की लत है। अपनी नशे की लत को पूरा करने के लिए वह चोरी करता है। पकड़ा न जाए इसलिए वह चोरी करने के लिए नकली डॉक्टर बनता था।

बीते दिन एसटीएच में उस समय हड़कंप मच गया था, जब तीन वार्डों में डॉक्टरों का सामान चोरी हो गया। चोर डॉक्टरों के कीमती लैपटॉप, आईफोन, चार्जर व अन्य सामान अपने साथ ले गया। मेडिसन विभाग के डॉ. राहुल सिंह ने मामले में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई तो पता चला कि चोर ने डॉक्टर के कपड़े पहन रखे हैं और साथ ही चेहरा भी ढक रखा है। इस घटना के बाद डॉक्टरों में आक्रोश फैल गया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

सीसीटीवी कैमरे की मदद से आखिरकार आरोपी अरुण पाठक (34) निवासी मानपुर पश्चिम देवलचौड़ को पकड़ लिया। आरोपी अपनी मोटरसाइकिल से एफटीआई मोड रामपुर रोड के पास से गुजर रहा था। पूछताछ में बताया कि उसे नशे की लत है। जिसकी वजह से वह चोरी करने लगा है।

पकड़ में न आए इसलिए अस्पतालों में डॉक्टर का सामान चोरी करने की योजना बनाई। बताया कि अस्पतालों के वार्ड में डॉक्टर व्यस्त होते हैं। इसी बात का फायदा उठाकर वह डॉक्टर के भेष में वार्डों में घुस गया और सामान पार कर दिया।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

#### खुलासा

- डॉक्टर के भेष में डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में की थी चोरी
- पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपी को पकड़ा

#### करोड़ों की संपत्ति का मालिक है अरुण

**हल्द्वानी :** चोरी के मामले में पकड़ा गया अरुण दो भाई हैं। उसकी अभी शादी नहीं हुई है। परिवार के पास करोड़ों रुपये की संपत्ति है। साथ ही परचून की दुकान और जिम भी है। नशे की लत को पूरा करने के लिए उसके पास रुपयों की कमी होने लगी थी। घटना के दिन चोरी करने के लिए उसने डॉक्टर का एप्रेन भी चुराया था। चोरी के बाद वह एचएन इंटर कॉलेज के पास पहुंचा, जहां उसने अपना एप्रेन फेंक दिया और बाइक से घर चला गया। चोरी करने से पहले घटना के दिन सुबह ही वह अस्पताल में पहुंच गया था। जहां उसने रेकी भी की। बाद में उसने बाइक एचएन इंटर कॉलेज के पास खड़ी कर दी और चोरी करने के लिए पैदल की अस्पताल पहुंच गया।

#### बताया, आसानी से बिक जाता है इलेक्ट्रॉनिक सामान

**हल्द्वानी :** आरोपी अरुण के पास से पुलिस को सैमसंग टेबलेट, एलजी विंग मोबाइल, पावर बैंक, रेडमी मोबाइल, चार्जर, स्मार्ट वॉच आदि मिले हैं। उसने बताया कि यह सामान आसानी से बिक जाता है। ऐसे में चोर इस तरह के आइटम को जल्द चोरी करते हैं।

## वेदांत को गोली मारने वाले दोनों आरोपी पकड़े

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** तमंचे से गोली मारकर किशोर को घायल करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नेपाल निवासी साथी भी पकड़ा गया है। दोनों ही अपने दोस्त के घर पर रूके थे। ऑनलाइन गेमिंग के लिए क्रिकेट टीम बनाने में विवाद हो गया, जिस पर परिवार के किशोर पर गोली चला दी।

बुधवार को पुलिस बहुद्देश्यीय भवन में एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि आनंदपुर निवासी सुशील मौर्य ने पुलिस को सूचना दी कि उसके दो दोस्त किशन ठाकुर उर्फ बबलू निवासी ढकरानी देहरादून और सुरेंद्र सिंह निवासी सूर्य विनायक जिला भक्तपुर नेपाल घर पर रूके हुए थे। बीती 20 अप्रैल को दोनों घर की छत पर शराब पी रहे थे। जिसके बाद दोनों में आपसी विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि बबलू ने आवेश में आकर सुशील के 16 वर्षीय भतीजे वेदांत मौर्य को गोली मार दी, जो उसके पेट में जाकर लगी। घटना के बाद बबलू और किशन तुरंत भाग गए। वेदांत का उपचार बरेली में चल रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू की। इस दौरान पता चला कि बबलू पहले से ही आपराधिक किस्म का व्यक्ति है। देहरादून में पुलिस ने उस पर एनडीपीसी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया था। कोर्ट के आदेश के बाद वह जेल भी जा चुका है। दोनों ही आरोपियों की पुलिस ने उत्तर प्रदेश, देहरादून और नेपाल सीमा तक तलाश की। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों से मिली सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को पुलिस ने बेलबाबा के पास से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े जाने के बाद बबलू ने बताया कि वह ऑनलाइन गेमिंग के लिए आईपीएल में टीम बनाता है। गलत टीम बन गई थी इसी बात को लेकर उसका सुधीर से झगड़ा हो गया था। पुलिस ने दोनों ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।


पुलिस गिरफ्त में मानपुर पश्चिम में गोली चलाने के आरोपी। ● अमृत विचार

#### नेपाल भागने की थी योजना

**हल्द्वानी :** किशन और सुरेंद्र नेपाल भागने की योजना बना रहे थे। घटना की रात दोनों पास में ही गेहूं के खेत में छिपे रहे। सुबह होने पर वह खेत के रास्ते गन्ना सेंटर पहुंचे। वह ट्रक से रुद्रपुर जा रहे थे। वह दो दिन पुलिस की पकड़ से बाहर रहे। पुलिस यह भी जांच कर रही है वह दो दिन कहां थे। पुलिस ने बताया कि दोनों ही आरोपी आपस में रिश्तेदार हैं। दोनों ही मूल रूप से नेपाल के रहने वाले हैं। किशन ठाकुर के पास भारत का आधार कार्ड, वोटर आईडी सहित अन्य प्रूफ भी हैं। पुलिस उसके दस्तावेजों का पता लगाया जा रहा है।

## ओपीडी से डॉक्टर गायब, मरीज परेशान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल की ओपीडी में बुधवार को मरीजों की खासी भीड़ रही। दोपहर के समय बाल रोग विशेषज्ञ ओपीडी से नदारद हो गये। जिससे मरीजों को परेशानी उठानी पड़ी। काफी देर बाद चिकित्सक ओपीडी में पहुंचे, जिससे मरीजों को राहत मिली।

बेस अस्पताल में प्रतिदिन 600 से 700 मरीज ओपीडी में इलाज के लिए पहुंचते हैं। अस्पताल में बड़ी संख्या में बीमार बच्चे भी आते हैं। बुधवार की दोपहर बाल रोग ओपीडी से चिकित्सक अचानक नदारद हो गये। जिस पर कई अभिभावक अपने बीमार बच्चों के साथ ओपीडी के बाहर चिकित्सक के इंतजार में बैठे रहे। उन्होंने बताया कि करीब आधे घंटे से चिकित्सक का इंतजार कर रहे हैं। अस्पताल में दो बाल रोग विशेषज्ञ मरीजों को देखते हैं और उस समय दोनों ही नदारद थे। बाद में काफी देर बाद चिकित्सकों के आने के बाद बीमार बच्चों की जांच शुरू हो पाई। अस्पताल के पीएमएस डॉ. केके पांडे ने बताया कि चिकित्सकों को कभी-कभी आपात स्थिति में राउंड पर भी जाना होता है।


बाल रोग ओपीडी के बाहर चिकित्सक का इंतजार करते मरीज। ● अमृत विचार

## अज्ञात शव की हुई शिनाख्त

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** काठगोदाम थाना क्षेत्र में मंगलवार को मिले अधेड़ के अज्ञात शव की शिनाख्त हो गई है। शव आम के बाग में पेड़ से लटका था।

बुधवार को परिजनों ने शव की पहचान की। पुलिस ने बताया कि मृतक का नाम जीवन सिंह बिष्ट (45) निवासी स्प्रिंग फील्ड मल्लीताल है। एसओ विमल मि श्रा ने कहा कि जीवन इन दिनों कुमाऊं कॉलोनी दमुवाढूंगा में रह रहा था। पुलिस मामले में आगे भी जांच कर रही है।

# नंधौर नदी में उपखनिज आंकलन का होगा सर्वे

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नंधौर एवं कैलाश नदी में उपखनिज निकासी का लक्ष्य बढ़ाने के लिए छह सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। यह समिति नदी में सर्वे करने के बाद उपखनिज निकासी की मात्रा निर्धारित करेगी।

वन निगम के अधिकारियों के मुताबिक नंधौर नदी में खनन सत्र 2023-24 में खनन का लक्ष्य 5.20 लाख घन मीटर निकासी का था। बीते सोमवार को 5.20 लाख घनमीटर निकासी का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। खनन सत्र में अभी समय है, इस वजह से वन निगम ने नदी में 50 हजार घनमीटर उपखनिज की और निकासी का प्रस्ताव बनाया है। इस प्रस्ताव को शासन भेजा था। इधर, प्रस्ताव के बाद शासन ने नदी में उपखनिज आंकलन के लिए एक समिति का गठन किया है। यह समिति नदी का निरीक्षण कर उपखनिज का आंकलन करेगी। इसके बाद उपखनिज निकासी का लक्ष्य निर्धारित होगा। समिति में भूतत्व एवं खनिकर्म के निदेशक को अध्यक्ष, तराई पूर्वी वन डिवीजन के डीएफओ, एसडीएम हल्द्वानी, सिंचाई ईई, भूतत्व एवं खनिकर्म के उप निदेशक, जिला खनन अधिकारी को सदस्य बनाया गया है। इस समिति को सर्वे कर तीन दिन के भीतर रिपोर्ट देनी होगी।

### मानव वन्यजीव संघर्ष

### मंगलवार की देर रात घुसी मादा भालू, कर्मचारियों में मचा हड़कंप, वन विभाग की टीम ने ट्रैंकुलाइज करने के बाद पकड़कर जंगल में छोड़ा

# हल्दूचौड़ स्लीपर फैक्ट्री में घुसी मादा भालू, पांच घंटे में किया रेस्क्यू

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी/लालकुआं

**अमृत विचार :** वन विभाग ने रेलवे के स्लीपर बनाने वाली फैक्ट्री में घुसी मादा भालू को पांच घंटे के ऑपरेशन में ट्रैंकुलाइज करने के बाद सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर लिया है। भालू को उसके प्राकृतिक आवास जंगल में छोड़ दिया गया है।

वन अधिकारियों के अनुसार बीते मंगलवार की रात लगभग 11 बजे हल्दूचौड़ स्थित स्लीपर फैक्ट्री में एक भालू घुस गया। फैक्ट्री कर्मियों ने भालू देखते ही वन विभाग को इसकी सूचना दी। इस पर तराई पूर्वी वन डिवीजन की गौला रेंज की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने भालू को पकड़ने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। टीम ने भालू को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन रात के अंधेरे में फायदा उठाकर भालू यहां-वहां छिप जाता था। लगभग पांच घंटे बुधवार की सुबह तड़के चार बजे भालू झाड़ियों में छिपा दिखाई दिया। पशु चिकित्सक डॉ. आयुष उनियाल ने तुरंत भालू को बेहोश करने के लिए ट्रैंकुलाइज किया। भालू के बेहोश होने के बाद उसे पिंजड़े में बंद किया गया। फिर दो घंटे तक स्वास्थ्य की निगरानी की गई और तंदरुस्त मिलने पर भालू को जंगल में छोड़ दिया गया। भालू मादा थी और उसकी आयु लगभग चार वर्ष की होगी।

भालू अमूमन फल, चींटी और दीमकों को खाता है। वास स्थल और शिकार की वजह से इसकी संख्या में कमी आई है। यह अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ की रेड सूची में दर्ज है। इसके संरक्षण को लेकर वन विभाग भी संजीदा है।



रेस्क्यू किए गए भालू के साथ गौला रेंज की वन टीम। ● अमृत विचार

#### टांडा से भटककर आबादी क्षेत्र में पहुंचने की आशंका

वन अधिकारियों ने भालू के टांडा से आने की आशंका जताई है। रेंजर चंदन सिंह अधिकारी ने बताया कि तराई केंद्रीय वन डिवीजन की टांडा रेंज के जंगल और तराई पूर्वी वन डिवीजन की गौला रेंज के जंगल मिले हुए हैं। गौला रेंज के जंगलों में भालू नहीं है। ऐसे में आशंका है कि मादा भालू टांडा से भटककर आबादी में पहुंची होगी।

#### दो दिन पूर्व भी दिखा था भालू

स्लीपर फैक्ट्री के समीप भालू दो-तीन दिन पूर्व भी देखा गया था। फैक्ट्री कर्मियों ने इसकी चर्चा आपस में की थी, लेकिन वन विभाग को सूचना नहीं दी थी। जब मंगलवार की देर रात भालू फैक्ट्री में घुस गयी तब उन्होंने वन विभाग को सूचना दी।

> मंगलवार की रात 11 बजे भालू हल्दूचौड़ में रेलवे के स्लीपर बनाने वाली फैक्ट्री में घुस गया था। पांच-छह घंटे चले ऑपरेशन में ट्रैंकुलाइज करने के बाद उसे पकड़ लिया गया। भालू को सकुशल जंगल में छोड़ दिया गया है। भालू मादा थी और उसकी उम्र लगभग 4 वर्ष की होगी। **-चंदन सिंह अधिकारी**, रेंजर गौला, तराई पूर्वी वन डिवीजन हल्द्वानी

## सार-संक्षेप



मालधन डिग्री कॉलेज में फर्राटा दौड़ में भाग लेतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### निखिल और अंजली ने जीती चैंपियनशिप

**रामनगर :** राजकीय महाविद्यालय मालधनचौड़ में प्राचार्या डॉ. सुशीला सूद के निर्देशन में सम्पन्न हुए वार्षिक क्रीड़ा समारोह में बालक वर्ग में निखिल कुमार एवं बालिका वर्ग में अंजली ने चैंपियनशिप जीती। दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में 100 मीटर की दौड़ बालक/ बालिका वर्ग, 200 मीटर की दौड़ बालक/बालिका वर्ग, 400 मीटर की दौड़ बालक/ बालिका वर्ग, चक्का फेंक, भाला फेंक, लंबी कूद, बालक बालिका वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें ऑल ओवर चैंपियनशिप बालक वर्ग में निखिल कुमार और बालिका वर्ग में अंजली रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को समापन समारोह के दौरान पुरस्कृत किया गया। प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) जीसी पंत ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ खेल जगत में भी निरंतर अभ्यास के जरिये विद्यार्थी नाम रोशन कर सकते हैं। इस दौरान क्रीड़ा प्रभारी प्रो. मनोज कुमार, डॉ. आनंद प्रकाश, डॉ. मनोज रावत, शुभम ठाकुर, मो. नफीस, राकेश चंद्र, जसवंत सिंह, जगदीश चंद्र, हरीश चंद्र तथा छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



विद्यार्थियों को लेखन सामग्री वितरित करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### विद्यार्थियों को लेखन सामग्री वितरित की

**नैनीताल :** जनहित संस्था ने बुधवार को राजकीय प्राइमरी विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को लेखन सामाग्री वितरित की। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था संरक्षक जगमोहन सिंह बिष्ट व अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी ने किया। इस दौरान एक प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्रा फिजानूर को संस्था के अध्यक्ष द्वारा एक हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम के आयोजन में संरक्षक जगमोहन सिंह बिष्ट, उपाध्यक्ष अशोक साह, महासचिव महेश चंद्र आर्य, उपाध्यक्ष दिव्या साह, भोला दत्त तिवारी, रीता बिष्ट, प्रदीप कुमार साह, महेश चंद्र पाठक, सुदर्शन साह, देवकी कुंवर, वकीलउद्दीन, विजय साह आदि मौजूद रहे।



नैनीताल में दिवंगत पत्रकारों को श्रद्धांजलि देते साथी। ● अमृत विचार

### दिवंगत पत्रकारों को दी श्रद्धांजलि

**नैनीताल :** एनयूजेआई के जिलाध्यक्ष और वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय प्रशांत दीक्षित की तीसरी पुण्यतिथि पर एनयूजेआई के सदस्यों ने मल्लीताल नगर पालिका पंत पार्क में श्रद्धांजलि दी। साथ ही एएनआई के स्वर्गीय विपुल गोयल को भी श्रद्धांजलि दी गई। और उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। एनयूजेआई के नगर अध्यक्ष अफजल फौजी ने बताया कि हर वर्ष उनकी पुण्यतिथि पर स्वास्थ्य शिविर लगाया जाता है। परंतु इस वर्ष लोकसभा चुनाव और शादी के सीजन के चलते शिविर नहीं लगाया जा सका। जल्द ही उनकी स्मृति में स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। श्रद्धांजली देने वालों में कुमाऊं महासचिव रवि पांडे, कुमाऊं महामंत्री राजू पांडे, जिला अध्यक्ष नवीन जोशी, जिला महासचिव नवीन पालीवाल, उपाध्यक्ष गौरव जोशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसएम इमाम, महासचिव पंकज कुमार, उपाध्यक्ष तेज सिंह नेगी, संगठन मंत्री रितेश सागर, सचिव संतोष बोरा, सुरेश कांडपाल, अजमल हुसैन आदि मौजूद रहे।



कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढुंगसिल में विधिक साक्षरता शिविर में मौजूद लोग।

### बच्चों को अधिकार और कर्तव्यों की जानकारी दी

**भीमताल :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के तत्वावधान में राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढुंगसिल में नवाब खान ने विधिक साक्षरता शिविर में बच्चों को उनके अधिकार और कर्तव्य, शिक्षा का महत्व, स्कूल के महत्व, बाल विवाह, बाल श्रम, राष्ट्रीय लोक अदालत, घरेलू हिंसा, चाइल्ड ट्रैफिकिंग आदि के बारे में बच्चों को जानकारी दी। शिविर में प्रधानाचार्य समेत स्कूल का स्टाफ तथा समस्त विद्यार्थी मौजूद रहे।

# होटल बुक होने पर ही पर्यटक ले जा सकेंगे वाहन

## अन्य पर्यटकों को शटल सेवा से नैनीताल में प्रवेश मिलेगा, पर्यटन कारोबारियों के साथ डीएम ने की बैठक

समीक्षा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** पर्यटन सीजन के दौरान नैनीताल आने वाले पर्यटकों को बेहतर पर्यटन सेवा देने और शहर को जाम मुक्त रखने के लिए जिलाधिकारी वंदना सिंह ने पर्यटन कारोबारियों के साथ बैठक की। इसमें पर्यटकों के लिए पार्किंग की बेहतर व्यवस्था करने, जाम की समस्या, निजी वाहनों के टैक्सी में प्रयोग में रोक लगाने, सड़कों के किनारे से अतिक्रमण हटाने पर चर्चा की गई।

बैठक में तय किया गया कि जिन पर्यटकों की होटल में बुकिंग नहीं होगी और जिन होटल में पार्किंग की व्यवस्था नहीं होगी उन पर्यटकों के वाहन को शहर के बाहर रोक कर शटल सेवा से होटल तक भेजा जाएगा। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखकर शहर के मेट्रोपोल, पाइंस आईटीआई, रूसी बाईपास और नारायनगर क्षेत्र में पॉकेट पार्किंग का निर्माण किया जाएगा। जहां पर्यटक वाहन पार्क कर सकेंगे। इस बार नैनीताल आने वाले पर्यटकों को पार्किंग की दिक्कत से जुझाना नहीं पढ़ेगा। शहर में पार्किंग फुल होने के बाद ही पर्यटकों के वाहन के शहर के बाहर रूसी बाईपास में रोका जाएगा, ताकि शहर में जाम की स्थिति न बने और स्थानीय लोगों के साथ ही पर्यटकों को सहूलियत मिले।



नैनीताल में पर्यटन कारोबारियों के साथ बैठक करतीं जिलाधिकारी वंदना सिंह। ● अमृत विचार

### जू तिराहे पर खड़े वाहनों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई

सीजन के दौरान माल रोड और-जू मार्ग में जाम की समस्या नहीं हो इसके लिए जिलाधिकारी ने पुलिस प्रशासन से जू शटल सेवा के लिए चार से अधिक वाहन खड़े नहीं होने देने को कहा। माल रोड, दुकानों के आसपास आढ़े तिरछे वाहनों के चालान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से माल रोड में कार्य में प्रगति लाने, आंतरिक सड़कों को दुरुस्त करने की बात कही। बताया कि कैंची धाम, भवाली, भीमताल आदि मार्गों में जाम की समस्या होने पर बाहरी वाहनों को सेनिटोरियम-नैनी बैंड बाई पास में पार्किंग व्यवस्था की कराई जाएगी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी पीआर चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पीएन मीणा, एसडीएम प्रमोद कुमार, आरटीओ नंद किशोर, होटल एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय बिष्ट, सचिव वेद शाह, पुनीत टंडन, रुचिर साह, त्रिभुवन फर्तियाल, किशन नेगी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

> नैनीताल में वीकेंड और सीजन के दौरान अव्यवस्था न हो इसके लिए पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी है। शहर के पर्यटक स्थलों में विशेष पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। इसके साथ ही शहर में भीड़ होने पर सीपीयू की तैनाती भी की जाएगी। **-प्रहलाद नारायण मीणा**, एसएसपी, नैनीताल

## निर्माणाधीन स्याली पुल टूटने पर अफसरों को घेरा

**भीमताल, अमृत विचार:** विकासखंड ओखलकांडा के निर्माणाधीन स्याली पुल के टूटने की भारतीय जनता युवा मोर्चा अध्यक्ष ने निंदा की। विकासखंड के समस्त निर्माण कार्यों की जांच की मांग की है।

मदन परगांई ने कहा कि लगातार विभागीय अधिकारी एवं ठेकेदार हर कामों को मनमानी कर रहे हैं एवं जो ग्रामीण उनसे शिकायत करते हैं उनको डरा धमकाकर उन पर दबाव बनाकर खूब सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहे हैं, मदन परगांई ने कहा कि ओखलकांडा ब्लॉक में चाहे प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से हो रहे कार्यों में डामरीकरण का मामला हो या पुल में लोकल नाले का रेता बजरी लगाना हो या हर घर नल जल का मामला हो या केनाल का मामला हो या रास्तों का मामला हो या अन्य जो भी सरकार द्वारा योजनाएं चलाई जा रही हैं, उनमें खूब भ्रष्टाचार एवं अनियमिताएं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि ठेकेदार और विभागीय अधिकारी अपनी मनमानी से काम को गलत तरीके से कराकर खूब धन अर्जित कर रहे हैं। इसकी निंदा की एवं जल्द ही ओखलकांडा ब्लॉक के सभी कामों की उच्चस्तरीय जांच करने की मांग की और जांच नहीं होने पर ग्रामीणों के साथ मिलकर धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन करने की बात कही।

# घर से गहने और नगदी चोरी में एक गिरफ्तार

संवाददाता, रामनगर

शिकंजा

▸▸ **पांच माह पहले हुई थी चिल्किया में चोरी, चोरी का सामान अभी तक बरामद नहीं हो पाया**

**अमृत विचार :** चिल्किया में पांच माह पहले घर में चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की ओर से चुराए गए गहनों को पुलिस बरामद नहीं कर पाई, जबकि चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपी फरार हैं।

बता दें कि 27 नवंबर 2023 की रात चिल्किया निवासी राम सिंह पटवाल पुत्र हरीश पटवाल के घर पर चोरों ने सेंध लगाकर सोने के जेवरात और नकदी चोरी कर ली थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर इसकी जांच शुरू की। टीम ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की तो उसमें वारदात की रात दो लोग घर की दीवार फांदकर घर की छत से भीतर जाते देखा गया। पुलिस ने आरोपियों की शिनाख्त इरफान निवासी गड्डा कालोनी काशीपुर और नाहिद खान निवासी अल्ली खां अहाते के पीछे काशीपुर के रूप में की। घर के बाहर रेकी करने वाला मोसीन निवासी गड्डा कालोनी काशीपुर पाया गया। बुधवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपी मोसीन को चेकिंग के दौरान बसई से मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मोसीन ने बताया कि उसने इरफान और नाहिद ने गत वर्ष माह में चिल्किया के एक घर में नकदी और सोने के जेवरात चुराए थे। मोसीन ने बताया कि उसने अपने हिस्से के पैसे से मोटरसाइकिल खरीद ली, बाकी पैसा खर्च कर लिया।

## गैस वितरण की व्यवस्था दुरुस्त हो

**लालकुआं:** क्षेत्र में तीन महीने से गैस एजेंसी की अस्थिरता के चलते भाजपा कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट से मुलाकात कर गैस वितरण व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की व ज्ञापन सौंपा। जिस पर केंद्रीय मंत्री ने देहरादून इंडेन के एरिया मैनेजर से दूरभाष पर वार्ता कर व्यवस्था सुचारु करने के निर्देश दिए।

लालकुआं, बिन्दुखत्ता और हल्दूचौड़ क्षेत्र में घरेलू एवं व्यावसायिक गैस वितरण व्यवस्था की अस्थिरता की वजह से लोगों को भारी परेशानी हो रही है, जिसे लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष धन सिंह बिष्ट, भाजपा नेता सरदार गुरदीप सिंह और सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण खाती ने केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट से मुलाकात कर गैस वितरण व्यवस्था को लेकर हो रहीं दिक्कतों को दूर करने की मांग को लेकर उन्हें ज्ञापन दिया।

# हाइड्रेंट के भूमिगत चैंबर की नियमित सफाई करें : एसडीएम

संवाददाता, रामनगर



भूमिगत हाइड्रेंट चेम्बर्स का निरीक्षण करते एसडीएम राहुल शाह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शहर में अग्निकांड की स्थिति में राहत तैयारियों का बुधवार को प्रशासन ने जायजा लिया। इनमें शहर में लगाए गए 15 फायर हाइड्रेंट में से एक में कचरा फंसा मिला। इस कारण इससे पानी की सप्लाई नहीं हो सकी।

औचक निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी राहुल शाह ने निर्देशित किया कि सभी हाइड्रेंट के भूमिगत चैंबर की नियमित सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। बता दें कि उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति ने बुधवार को शहर के सभी हाइड्रेंट की अचानक जांच की। इस निरीक्षण में शहरी क्षेत्र के 15 हाइड्रेंट, जो भूमिगत हैं, उनके चैंबर खोलकर पानी का प्रवाह चेक किया गया।

इस दौरान कई हाइड्रेंट के चैंबर में कचरा मिला, जिन्हें एसडीएम ने तत्काल हटाने के निर्देश जल संस्थान को दिए।

इस दौरान शिवलालपुर चुंगी में स्थापित हाइड्रेंट अत्यधिक मलवा होने के कारण पानी नहीं दे सका। साथ ही अग्निशमन अधिकारी को पाक्षिक रूप से सभी के क्रियाशील होने की जांच करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण में तहसीलदार, कुलदीप पांडे, अग्निशमन अधिकारी उमेश चंद्र परगाई, अधिशासी अभियंता जल संस्थान मनोज गंगवार मौजूद रहे।

# युवक की जान लेने वाला बाघ नहीं पकड़े जाने पर रोष

संवाददाता, रामनगर

दहशत

▸▸ **गांव में बाघ के बाद दो-दो गुलदार दिखने से दहशत**

▸▸ **ग्रामीणों ने दी विधायक कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी**



> वारदात के बाद से बाघ को पकड़ने के लिए सीटीआर की रेस्क्यू टीम लगी है। मौके पर ट्रैकुलाइज टीम भी लगाई गई है। उम्मीद है कि हमला करने वाला बाघ जल्द पकड़ा जाएगा। **-दिगंथ नायक**, उपनिदेशक, सीटीआर

**अमृत विचार :** कॉर्बेट पार्क के ढेला रेंज से सटे बासीटीला गांव में पिछले आठ दिन पूर्व युवक की जान लेने वाले बाघ को पकड़ पाने में महकमा अभी तक असफल रहा है। सीटीआर के बाघ पकड़ने की सारी कवायद पूरी तरह से बेजान साबित हुई है।

लोग अभी बाघ की गाव में धमक से डरे हुए थे कि अब गांव के मंदिर के आसपास गुलदार का जोड़ा दिखने से ग्रामीणों जान सांसत में है। हालत यह है कि गांव में दिन ढलते ही लोगो को अपने घरों में कैद होने को विवश होना पड़ रहा है। ग्रामीणों की संयुक्त संघर्ष समिति ने बाघ से निजात न दिलाए जाने पर 28 अप्रैल को विधायक का घेराव करने की चेतावनी दी है। बता दें कि 17 अप्रैल की शाम मनोरथपुर बासीटीला में खेत पर जा रहे प्रमोद उर्फ पप्पू तिवारी पर हमला कर बाघ ने मार डाला था।

तब से कार्बेट टाइगर रिजर्व ने गांव में दो पिंजरे, कैमरा ट्रैप लगाए। साथ ही ड्रोन उड़ाकर हिंसक बाघ की लोकेशन ट्रेस करनी चाही, लेकिन बाघ का पता नहीं चला। इस बीच पिछले दो दिन से गांव में मंदिर के आसपास गुलदार का जोड़ा भी दिखने लगा है।

सीटीआर टीम ने दोनों दिन गुलदारों को जंगल की भगाया। इससे खेतों में फसल काट रहे किसानों और खेतीहर मजदूरों में दहशत और बढ़ गई है।

## दुराचार के आरोपी पर मुकदमा दर्ज

**नैनीताल:** जमानत पर चल रहे दुराचार के आरोपी ने पीड़िता पर केस वापस लेने के लिए मोबाइल पर अभद्र व गालियां देकर जान से मारने की धमकी दीं। आरोपी की धमकियों व गालियों को पीड़िता ने मोबाइल में रिकॉर्ड कर रिकॉर्डिंग को प्रार्थना पत्र के साथ बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुबीर कुमार के समक्ष पेश किया। जिसका अदालत ने संज्ञान लेते हुए तल्लीताल थानाध्यक्ष को आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिये हैं। मुकदमा दर्ज कर लिया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार लामाचौड़ हल्द्वानी निवासी विवेक पांडे पर भवाली के निकटवर्ती गांव की एक युवती के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में भवाली थाने में मुकदमा दर्ज है। इस मामले में आरोपी इन दिनों जमानत पर है, जिसकी बुधवार को कोर्ट में सुनवाई हुई।

# निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ी

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** निकाय चुनाव मई माह में होने की सम्भावनाओ को देखते हुए अब देश के सबसे छोटे सदन को लेकर सियासी तपिस भी बढ़ती दिखाई देने लगी है। यह बात दीगर है कि अभी चुनाव की तिथि घोषित नही हुई है। मगर भाजपा, कांग्रेस जैसे राजीनीतिक दलों के कई लोग पालिकाध्यक्ष के पद की दावेदारी करने के लिए अभी से अपनी तैयारियों में जुट चुके हैं। तो सभासद के लिए भी कई लोग दावेदारी अभी से करते दिखाई देने लगे है।

कुछ ने तो बकायदा लोगो से कहना भी शुरू कर दिया है। चेयरमैन की अगर बात करे तो सबसे ज्यादा दावेदार भाजपा के हो सकते हैं जबकि कांग्रेस से भी कई लोग इस बार पालिकाध्यक्ष का चुनाव लड़ने का मन बनाये बैठे हैं। इसके अलावा कुछ लोग स्वतंत्र रूप से भी ताल ठोकने का मन बनाये हुए हैं।

मगर यह सब पालिकाध्यक्ष की सीट के आरिक्षित होने या सामान्य होने पर निर्भर करेगा। यदि रामनगर की पालिकाध्यक्ष की सीट सामान्य घोषित हुई तो चेयरमैन पद के कई दावेदार मैदान में उतरकर अपना भाग्य आजमा सकते हैं। बरहाल अभी हर गली और मोहल्ले में लोग लोकसभा निर्वाचन की बात को भूलकर अब निकाय चुनाव की चर्चा में मशगूल होते दिखाई देने लगे हैं।

अनदेखी | लंबे समय से नियुक्ति प्रक्रिया नहीं होने के कारण बनी स्थिति

# कुविवि व परिसरों में शिक्षकों के आधे पद खाली

गौरव जोशी, नैनीताल





### कर्मचारियों के पद भी अभी तक रिक्त

लंबे समय से शिक्षक और कर्मचारियों के पद रिक्त चलने के कारण एक बार विश्वविद्यालय में पढ़ाई के कार्यालय के कार्य अन्य कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं, हालांकि कार्य किए जाने को लेकर विश्वविद्यालय में आउटसोर्स से कर्मचारी रखे लेकिन इसके बावजूद भी कई पद रिक्त चल रहे हैं जिन्हें अब स्थाई पदों से भरने की मांग उठने लगी है।

पढ़ाई प्रभावित

▸▸ **कई बार प्रक्रिया आयोजित करने के बावजूद नहीं हो सकी भर्ती**

> नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर रोस्टर समेत अन्य बिंदुओं पर पड़ताल की जा रही है। बड़ी संख्या में प्राध्यापकों व कर्मियों के पद रिक्त होने की दशा में जल्द नियुक्तियां की जाएंगी। विवि में बेहतर रिसर्च पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। **- प्रो. डीएस रावत**, कुलपति

**अमृत विचार:** कुमाऊं विश्वविद्यालय में पिछले 10 वर्षो से सहायक प्राध्यापकों के पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है जो आज तक पूरी नहीं हो सकी। विवि के 50 फीसदी पद खाली हैं। इससे न सिर्फ शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है बल्कि शोध कार्य पर भी असर पड़ रहा है।

कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर और भीमताल परिसर में सहायक अध्यापक, एसोसिएट प्राध्यापक समेत प्रोफेसरों के 205 पद सृजित हैं, जिसमें से 50% पर अब रिक्त चल रहे हैं। अधिकांश प्रोफेसर सेवानिवृत हो चुके हैं। इसके बावजूद भी इन पदों को आज तक नहीं भरा गया, 205 पदों के सापेक्ष विश्वविद्यालय में अब 111 प्रोफेसर छात्र-छात्राओं को पढ़ा रहे हैं जबकि 94 पद काफी लंबे समय से रिक्त चल रहे हैं। रिक्त पदों के सापेक्ष 59 पदों पर गेस्ट फैकल्टी छात्र-छात्राओं को अध्ययन करा रही है। लंबे समय से रिक्त चल रहे पदों पर नियुक्ति को लेकर कुमाऊं विश्वविद्यालय में वर्ष 2013 में विज्ञप्ति जारी हुई थी, जिसके बाद से अब तक इन पदों पर चार बार पॉलिसी बदलने और रोस्टर बदलने के चलते स्थाई भर्ती नहीं हो सकी।

# समाज शास्त्र परिषद की प्रदर्शनी को सराहा

संवाददाता, रामनगर



प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में समाजशास्त्र परिषद् की ओर से प्रोजेक्ट प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ कर प्राचार्य एमसी पांडे ने कहा कि प्रदर्शनी से विद्यार्थियों के साथ-साथ समाज के समक्ष भी हम अच्छा सन्देश दे सकते हैं। प्रदर्शनी भी हमारे ज्ञान को बढ़ाने का एक अच्छा माध्यम है। प्रदर्शनी की संयोजिका डॉ. अलका ने समस्त अध्यापकों का अभिनंदन कर प्रदर्शनी की विशेषता के बारे में बताया। बता दें कि समाजशास्त्र विभाग के एमए द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के लगभग 40 विद्यार्थियों ने प्रोजेक्ट प्रतियोगिता के तहत महाविद्यालय के सभागार में प्रदर्शनी लगाई। प्रदर्शनी में निर्णायक की भूमिका में राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रोफेसर आरएस कनौजिया, गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. निवेदिता अवस्थी एवं प्रोफेसर अनुमिता अग्रवाल रहे। प्रदर्शनी में प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों की ओर से बनाए गए अलग-अलग प्रोजेक्ट कार्यों पर प्रश्न किए, जिनका सटीक प्रत्युत्तर विद्यार्थियों ने दिया। इस दौरान विभागाध्यक्ष डॉ. सुमन कुमार, डॉ. योगेश चन्द्र एवं डॉ. विजयानन्द ने सहयोग प्रदान किया। मौके पर महाविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर एसएस मौर्या, डॉ. प्रमोद जोशी आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम ने क्षतिग्रस्त पुल का निरीक्षण किया

**भीमताल :** जिलाधिकारी के आदेश पर बुधवार को धारी के एसडीएम केएन गोस्वामी ने स्याली में क्षतिग्रस्त पुल का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों और ठेकेदार से पूछताछ भी की।

एसडीएम ने बताया कि पुल को रोकने के लिए लगी केबल के बीच से टूटने से पुल टूट गया। वहीं बताया कि पुल को नीचे से रोकने के लिए लोहे के पोल लगाने होते हैं पर वहां लकड़ी के पोल लगाए गए थे। बताया कि निरीक्षण की रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी। उसके बाद जो निर्देश जिलाधिकारी की तरफ उसे आएगा उसका पालन किया जाएगा।

# कहीं रोड़ी बिछाकर छोड़ी तो कहीं टेंडर के बाद भी सड़क अधूरी

## नगर निगम के अधिकारियों ने सड़कों की खस्ता हालत पर आंखें मूंदी, गड्ढों से वाहन चालकों व राहगीरों को हो रही परेशानी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर के अनेक वार्डों में सड़कें बदहाल हैं। नगर निगम के अधिकारियों ने सड़कों की खस्ता हालत पर पूरी तरह से आंखें मूंद ली हैं। कहीं सड़क पर रोड़ी बिछाकर छोड़ दी गई है तो कहीं टेंडर निकालने के बाद सड़क का निर्माण शुरू नहीं हो पाया है। सड़कों के गड्ढों से वाहन चालकों के साथ ही राहगीरों को भी आवागम में हर रोज काफी परेशानी हो रही है।

गौजाजाली उत्तर वार्ड 59 के स्वामी विहार, चौधरी कॉलोनी, आम का बगीचा में सड़कें बननी शुरू हुईं, लेकिन बाद में काम रोक दिया गया। क्षेत्र के निवर्तमान पार्षद रईस अहमद गुड्डू ने बताया कि बीते चार माह से सड़क का काम रुका हुआ है। ठेकेदार ने सड़क पर रोड़ी बिछाकर छोड़ दी है, जिसमें बाइक सवार फिसलकर आये दिन चोटिल हो रहे हैं। ठेकेदार ने बीते मार्च में फिर से काम शुरू करने की बात कही थी, लेकिन अब बजट नहीं होने व नगर निगम के अधिकारियों से संपर्क करने की बात कह रहा है। उन्होंने कहा कि सड़कें खराब होने से लोगों को परेशानी हो रही है।



गौजाजाली में सड़क पर बिछी रोड़ी, जिससे राहगीरों के साथ वाहन चालकों को परेशानी हो रही है।



तल्ली बमोरी में टूटी सड़क, टेंडर निकलने के बाद भी सड़क नहीं बन पाई है। ● अमृत विचार

चौधरी कॉलोनी निवासी मुरारी प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि सड़क खराब होने से कई बार एक्सीडेंट हो चुके हैं। तल्ली बमोरी वार्ड 9 में टेंडर निकलने के बावजूद अब तक सड़क नहीं बन पाई। वार्ड 9 में आनंद पुरी फेस 2 में 150-150 मीटर की दो सड़कें व निशांत विहार में 160 मीटर एक सड़क करीब 45 लाख रुपये में बननी थी। निवर्तमान पार्षद राजेंद्र सिंह जीना ने बताया कि सड़कों के टेंडर निकले डेढ़ वर्ष से अधिक समय हो गया है, लेकिन सड़क नहीं बनने से लोगों को दिक्कतें हो रही हैं। बताया कि तीन साल पहले हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के कर्मचारियों ने गैस लाइन के लिए सड़कों की खुदाई की थी तब से सड़क खस्ताहाल है। सड़क के साथ नालियां भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इधर, संबंधित मामलों की जानकारी के लिए नगर निगम के अधिकारियों से संपर्क नहीं हो पाया।

### ठेकेदारों का नगर निगम पर 15 करोड़ रुपया बकाया

**हल्द्वानी :** सड़क व अन्य कार्यों को पूरा करने के बावजूद नगर निगम ने ठेकेदारों का भुगतान नहीं किया, जिससे अब ठेकेदार नए कार्यों को लटकाने लगे हैं। जानकारी के अनुसार जिन ठेकेदारों ने अपने कार्य पूरे कर लिए हैं, उन्हें नगर निगम की ओर से करीब 15 करोड़ रुपए का भुगतान करना है। इसमें उन कार्यों को भी जोड़ दिया जाए, जहां अभी निर्माण कार्य चल रहे हैं तो निगम को करीब 50 से 55 करोड़ रुपये का ठेकेदारों को भुगतान करना है।

## सार-संक्षेप



संत निरंकारी मिशन में शिविर के दौरान रक्तदान करते लोग।

### शिविर में 150 लोगों ने किया रक्तदान

**हल्द्वानी :** संत निरंकारी मिशन की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 150 लोगों ने रक्तदान किया। बुधवार को संत निराकरी सत्संग भवन गौजाजाली में शिविर लगाया गया। जिसमें सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल और डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल की टीम ने सहयोग किया। इस दौरान संत निराकरी मिशन के शाखा प्रमुख आनंद सिंह नेगी ने बताया कि रक्तदान, मानव जीवन को बचाने के लिए सेवा है। इस दौरान लंगर की भी व्यवस्था की गई।

### पीएम मोदी के बयान की आलोचना

**हल्द्वानी :** युवा कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष गुरुप्रीत सिंह प्रिंस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान की आलोचना की है। उन्होंने जारी बयान में कहा कि राजस्थान की चुनावी सभा में प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के बयानों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया है। कहा कि सबका साथ सबका विकास का नारा देने वाले मोदी अल्पसंख्यक समाज को घुसपैठी बता रहा हैं। प्रथम चरण के मतदान के बाद ही पीएम मोदी को अपनी कुर्सी खिसकती दिख रही है।

### दून में 28 व 29 अप्रैल को होगा कोच प्रशिक्षण

**हल्द्वानी :** देहरादून स्थित राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में 28 व 29 अप्रैल को कोच प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। इसमें राज्य के सभी 13 जनपदों से जिला क्रीड़ा अधिकारी, उपक्रीड़ा अधिकारी, सहायक प्रशिक्षक और मानदेय प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला क्रीड़ा अधिकारी वरूण बेलवाल ने बताया कि दो दिन के प्रशिक्षण में नवीनी तकनीकीरण और खेल विज्ञान के विषयों पर कोचों को प्रशिक्षित किया जाएगा।



मुखानी स्थित खाटू श्याम मंदिर में भजन-कीर्तन करतीं क्लब की सदस्य।

### लीनस क्लब ने खाटू श्याम मंदिर में किया भजन-कीर्तन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** आगामी 30 अप्रैल को मनाए जाने वाले लीनस चार्टर्ड डे के अवसर पर क्लब की महिला सदस्यों की ओर से कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को मुखानी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में लीनस क्लब प्रेरणा की सदस्यों ने भजन-कीर्तन का आयोजन किया। जिसमें सभी ने भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी। सदस्यों ने बताया कि लीनस के अलग-अलग क्लबों की ओर से 30 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे, जिसमें शरबत पिलाने, भंडारा करने आदि हैं। इस अवसर पर प्रेरणा क्लब की अध्यक्षा मोनिका गुप्ता, एकता गुप्ता, रश्मि शर्मा, राखी शर्मा, रमा चौपड़ा, रेनू शर्मा, सीमा अग्रवाल, सुशीला बगडवाल आदि उपस्थित रहीं।

# बहुसंख्यकों के लिए खतरनाक है कांग्रेस का घोषणा पत्र : पासी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** तराई बीज विकास निगम के अध्यक्ष बलराज पासी ने बुधवार को मुखानी स्थित भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता कर कांग्रेस के घोषणा पत्र को बहुसंख्यकों के लिए खतरनाक बताया है।

पासी ने कहा कि वर्ष 1960 के दशक से कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति कर रही थी। वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकास का एजेंडा देश में सेट किया, जिसके बाद कांग्रेस लगातार हार रही है।

अब कांग्रेस फिर से एक बार तुष्टिकरण के आधार पर आगे बढ़ना चाहती है। उन्होंने कांग्रेस के घोषणापत्र को हिडेन एजेंडा बताते हुए कहा कि कांग्रेस जातियों व उप-जातियों और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को जानने के लिए राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना करना चाहती है।



भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता करते दर्जा मंत्री बलराज पासी। ● अमृत विचार

कांग्रेस के घोषणापत्र में बहुसंख्यकवाद की कोई जगह नहीं है, जबकि बैंक बिना किसी भेदभाव के अल्पसंख्यकों को ऋण दें, उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, सार्वजनिक रोजगार, सार्वजनिक कार्य अनुबंध, कौशल विकास, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में उचित हिस्सा मिले इस पर जोर रहेगा। इस दौरान प्रदेश सह मीडिया प्रभारी चंदन बिष्ट, जिला मीडिया प्रभारी भुवन भट्ट मौजूद रहे।

## गर्मी बढ़ने से बीमार हो रहे पालतू जानवर

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** गर्मी बढ़ने के साथ ही पालतू जानवरों के बीमार होने की संख्या बढ़ गई है। ऐसे में पशु प्रेमियों को अपने पालतू पशुओं के खानपान का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

कालाढूंगी रोड स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय में इन दिनों बीमार पशुओं की संख्या बढ़ गई है। वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आरके पाठक ने बताया कि गर्मी बढ़ने व पालतू जानवरों के खानपान पर ध्यान नहीं देने से वे बीमार पड़ रहे हैं। इन दिनों कुत्ते, बिल्ली आदि पालतू जानवरों को हल्का व तरल भोजन देना चाहिए, जिससे उनका पाचन तंत्र सही रहे। पालतू जानवरों को छांछ, दही, पानी, सलाद, सब्जियां आदि देना चाहिए, बासी खाना कतई न दें। पशु चिकित्सक डॉ. अनुज अग्रवाल ने बताया कि पालतू जानवरों का खाना एक-दूसरे को नहीं देना चाहिए, इससे बीमारियां फैलने की आशंका रहती है। खाना जानवरों के वजन के अनुसार देना चाहिए। कहा कि पालतू जानवरों को मौसमी व रेशेदार सब्जियां, दाल, सोयाबीन की बड़ी, पनीर आदि अच्छे से पकाकर देनी चाहिए।

# स्थानांतरण को स्क्रीनिंग कमेटी का हुआ गठन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** डिग्री कॉलेजों के प्राध्यापकों और मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों के स्थानांतरण के लिए उच्च शिक्षा निदेशालय में स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी आवेदनों की जांच कर सूची शासन को भेजेगी। शासन से मंजूरी मिलते ही स्थानांतरण की अंतिम सूची जारी की जाएगी।

राज्य के डिग्री कॉलेजों व निदेशालय में कार्यरत अधिकारियों, प्राध्यापकों, मिनिस्ट्रीयल कर्मियों के स्थानांतरण के लिए उच्च शिक्षा निदेशालय स्तर से प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। स्थानांतरण के लिए 30 अप्रैल तक और अनिवार्य स्थानांतरण के लिए 15 मई तक आवेदन किए जा सकेंगे। उच्च शिक्षा निदेशक ने राज्य के सभी डिग्री कॉलेजों के प्राचार्यों को स्थानांतरण के लिए आवेदन भेजने के आदेश जारी किए, जिसके बाद कॉलेज स्तर से निदेशालय को आवेदन मिलने शुरू हो गए हैं। उच्च शिक्षा निदेशालय स्तर पर स्क्रीनिंग कमेटी का गठन कर लिया गया है। उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. सीडी सूठा ने बताया कि अनुरोध के आधार पर स्थानांतरण के तहत 30 अप्रैल तक संयुक्त निदेशक, प्राचार्य, उपनिदेशक, सहायक निदेशक, असिस्टेंट प्रोफेसर व विभिन्न वर्गों के मिनिस्ट्रीयल कर्मियों के आवेदन लिए जाएंगे। इसी तरह से अनिवार्य स्थानांतरण के तहत कार्मिक 15 मई तक आवेदन कर सकेंगे। स्क्रीनिंग कमेटी आवेदन पत्रों की जांच करेगी।

### कोटिकरण की त्रुटि तीन दिन में ठीक करें

**हल्द्वानी :** वार्षिक स्थानांतरण के तहत वर्तमान में स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू हो रही है। सीईओ जगमोहन सोनी ने इस संबंध में आदेश जारी कर जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को सभी विद्यालयों के कोटिकरण में त्रुटि होने पर इसे सही कर तीन दिन के अंदर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# प्रसव पीड़ा से कराह रहीं गर्भवतियां अल्ट्रासाउंड को जाना पड़ रहा दूर

संवाददाता, गरमपानी

**बदहाल व्यवस्था**

- रेफर सेंटर बना बेतालघाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र
- अस्पताल में एक अदद स्त्री रोग विशेषज्ञ तक की तैनाती नहीं

**अमृत विचार :** गांवों में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लाख दावे किए जाएं पर हकीकत में दावे हवा हवाई साबित हो रहे हैं। हालात यह हैं कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए दूरदराज का रुख करना ग्रामीणों की मजबूरी बन गया है। कुछ ऐसी ही हकीकत बयां कर रहा है बेतालघाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र। समुचित चिकित्सक व सुविधाएं न होने से अस्पताल रेफर सेंटर में तब्दील हो चुका है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेतालघाट पर आसपास के सैकड़ों गांवों के लोग निर्भर हैं। बेहतर उपचार के लिए ग्रामीण अस्पताल पहुंचते हैं पर महत्वपूर्ण चिकित्सकों के रिक्त पद व सुविधाएं उपलब्ध न होने पर ग्रामीण मायूस होकर वापस लौट जाते हैं। दूसरे दिन फिर हल्द्वानी, रामनगर, रानीखेत, काशीपुर आदि क्षेत्रों को रुख करते हैं। गर्भवती महिलाओं को स्त्री रोग विशेषज्ञ की तैनाती न होने से बेहतर उपचार तक नहीं मिल रहा है। उन्हें अल्ट्रासाउंड के लिए भी प्रसव पीड़ा में दूरदराज का रुख करना पड़ रहा है। रेफर सेंटर में तब्दील हो चुके अस्पताल में समुचित चिकित्सकों की तैनाती न होने व सुविधाएं उपलब्ध न होने से गांवों के लोगों को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बावजूद इसके जिम्मेदार सुध नहीं ले रहे हैं।

ग्राम प्रधान शेखर दानी, कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष नवीन चंद्र आर्या के अनुसार स्वास्थ्य विभाग लगातार उपेक्षा पर आमादा है। विशेषज्ञ चिकित्सकों व सुविधाएं उपलब्ध न होने से लोग परेशान हैं। कहा कि सक्षम व्यक्ति दूरदराज जाकर उपचार करा ले रहे हैं पर गरीब तबके के लिए बड़ी समस्या खड़ी हो रही है। ग्रामीणों ने अस्पताल में सुविधाएं तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की पुरजोर मांग उठाई है। कहा कि अनदेखी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# आंचल डेयरी के दूध कलेक्शन में हुई वृद्धि

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** वर्ष 2023 के मार्च माह की तुलना में इस वर्ष अप्रैल माह में आंचल डेयरी के दूध कलेक्शन में वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष मार्च माह में आंचल डेयरी का पूरे प्रदेश में दूध का कलेक्शन औसतन 203973 लीटर प्रतिदिन था, जो इस वर्ष बढ़कर औसतन 248396 लीटर प्रतिदिन हो गया है। नैनीताल जिले में भी दूध का कलेक्शन बढ़ा, लेकिन हरिद्वार जिले में कलेक्शन दोगुना हो गया है। नैनीताल जिले में पिछले साल मार्च में दूध का कलेक्शन औसतन 105449 लीटर प्रतिदिन और इस साल मार्च में औसतन 119957 लीटर प्रतिदिन रहा। इसी तरह हरिद्वार जिले में जहां पिछले वर्ष मार्च माह में दूध का कलेक्शन औसतन 8781 लीटर प्रतिदिन रहा जो इस वर्ष मार्च में बढ़कर औसतन 17178 लीटर प्रतिदिन हो गया। नैनीताल जिले में दूध का कलेक्शन बीते दिसंबर और हरिद्वार में बीते नवंबर माह से बढ़ना शुरू हुआ। नैनीताल में पिछले दिसंबर के मुकाबले इस साल इसी माह में दूध का कलेक्शन औसतन 8524 लीटर प्रतिदिन अधिक हुआ। इसी तरह हरिद्वार में पिछले साल नवंबर की तुलना में इस साल इसी माह में दूध का कलेक्शन अप्रत्याशित रूप से दोगुना होकर औसतन 6131 लीटर प्रतिदिन हो गया। पिछले साल हरिद्वार में नवंबर में दूध का कलेक्शन औसतन 5407 लीटर प्रतिदिन रहा।

**परेशानी** गर्मी बढ़ने से बिजली की खपत 17 मिलियन यूनिट से 22 मिलियन यूनिट पहुंची, कटौती से लोग परेशान

# शेड्यूल 24 घंटे बिजली देने का, मगर 18 घंटे भी आपूर्ति नहीं

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में बिजली कटौती का सिलसिला शुरू हो गया है।



शासन की ओर से निर्धारित 24 घंटे के शेड्यूल में से 18 घंटे भी उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति नहीं हो रही है। बिजली न आने से पेयजल आपूर्ति भी लड़खड़ाने लगी है। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

हल्द्वानी में गर्मी में बिजली की खपत 17 मिलियन यूनिट से 22 मिलियन यूनिट पहुंच गई है, लेकिन तय शेड्यूल के मुताबिक भी उपभोक्ताओं को बिजली नहीं मिल पा रही है। नियमित तौर पर 5 से 6 घंटे की बिजली कटौती जारी है। राजपुरा, बनभूलपुरा, अंबेडकर नगर, इंदिरानगर, गौजाजाली समेत कई क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या से लोग परेशान हैं। अधिशासी अभियंता प्रदीप बिष्ट ने बताया कि पेड़ों की लापिंग और लाइनों की मरम्मत के चलते बिजली कटौती की जा रही है।



गर्मी का मौसम आते ही बिजली के आने-जाने का क्रम शुरू हो जाता है। तय शेड्यूल के मुताबिक बिजली नहीं मिलने के कारण रोजमर्रा के काम बाधित हो रहे हैं।
**-मोनिका चिलवाल**, नैनी विहार



बिजली विभाग को शेड्यूल के मुताबिक आपूर्ति देनी चाहिए। ताकि कम से कम रात को आराम से सो सकें। रोजाना 4 से 5 घंटे की बिजली कटौती जारी है।
**-मृदुल पांडेय**, मुखानी



बिजली कटौती से पानी की समस्या भी खड़ी हो रही है। बिजली विभाग को कम से कम 18 घंटे आपूर्ति पूरी रखनी ही चाहिए।
**-दीवान संभल**, गौलापार



हर वर्ष बिजली के बिलों में बढ़ोत्तरी जारी है, लेकिन बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं आ रहा है।
**-गुंजन तिवारी**, जौलासाल

### 27 व 28 अप्रैल को सात घंटे गुल रहेगी बिजली

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** विद्युत विभाग सुभाषनगर उपकेंद्र में ट्रांसफार्मर की क्षमता 10 एमवीए से बढ़ाकर 12 .5 एमवीए करने जा रहा है। इसके चलते 27 व 28 अप्रैल को सुभाषनगर उपकेंद्र से जुड़े सभी इलाकों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। शहरी विद्युत वितरण उपखंड के अधिशासी अभियंता प्रदीप बिष्ट ने बताया कि सुभाषनगर उपकेंद्र में ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने के लिए पूर्व में ही प्रस्ताव भेजा गया था। इसी क्रम में 12 .5 एमवीए का ट्रांसफार्मर सुभाषनगर उपकेंद्र में स्थापित किया जाना है। जिसके चलते 2 दिन तिकोनिया, राजपुरा, नवाबी रोड, नैनीताल रोड समेत अन्य क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर लगने के बाद क्षेत्रों में लो वोल्टेज और बिजली के ट्रिपिंग की समस्या कम हो जाएगी।

### नौ घंटे ठप रही बिजली आपूर्ति

**हल्द्वानी :** 33 केवी और 11 केवी की लाइनों की चपेट में आ रहे पेड़ों की कटाई छटाई के चलते बुधवार को सुबह 8 से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। इसमें नवाबी रोड, हाईडिट गेट और शीशमहल के इलाकों में करीब 9 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। बिजली न होने से नलकूप और पानी की मोटर नहीं चल पाई।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

## एक नजर

### खेतों से उठी चिंगारी से चार घर जलकर राख

**नानकमत्ता :** अज्ञात कारणों के चलते खेतों से उठी चिंगारी ने चार घरों को जला कर राख कर दिया। लेकिन ग्रामीणों ने घर में रखा कीमती सामान बचा लिया। बिचुवा गांव में बुधवार करीब 12 बजे अचानक खेत से उठी चिंगारी ने खेतों में ही विकराल रूप ले लिया। देखते ही देखते आग करनैल सिंह, दलेर सिंह, जागीर सिंह, जसवंत सिंह के झाले में लग गई। आनन-फानन में किसानों ने ट्रैक्टर से हैरो से खेतों की जुताई कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन आग से चारों झाले राख हो गए।

### घर के बाहर से बाइक चोरी

**पंतनगर :** प्रेम नगर जगतपुरा निवासी प्रदीप कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते रविवार को उसने अपनी स्प्लेंडर बाइक संख्या यूके 06/ एएस 3057 घर के बाहर लॉक लगाकर खड़ी की थी। सुबह देखा तो उसकी बाइक घर के बाहर से गायब थी। उसने अपनी बाइक की बहुत खोजबीन की, लेकिन बाइक का कोई पता नहीं चला। एसएचओ पंतनगर आरएस डांगी ने बताया कि केस दर्ज कर बाइक की खोजबीन की जा रही है।

# पेंट की दुकान में धधकी आग, करोड़ों का नुकसान

## गांव भमरौला की है घटना, पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू, विधायक बेहड़ ने किया निरीक्षण

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** गांव भमरौला स्थित पेंट एंड सेनेटरी की दुकान में मंगलवार की देर रात आग धधक गई। इससे करोड़ों का नुकसान होने की संभावना है। सूचना मिलने पर दमकल कर्मियों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन आग से सारा सामान जलकर राख हो गया।

गांव भमरौला निवासी शोमान रहमान की किच्छा हाईवे भमरौला में रहमान पेंट एवं सेनेटरी की बड़ी दुकान है। बताया जा रहा है कि मंगलवार की रात साढ़े आठ बजे के करीब दुकान स्वामी ने रोजमर्रा की भांति दुकान को बंद किया और घर चला गया। साढ़े दस बजे के करीब पड़ोसियों ने दुकान से धुआं उठता देखा। इसकी सूचना दुकान स्वामी को दी। जब तक दुकान स्वामी घटनास्थल पर पहुंचता। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते आग की ऊंची लपटें उठने लगीं।

सूचना मिलते ही सीएफओ निशांत कटारिया दमकल की टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे, लेकिन आग का विकराल रूप देखने के बाद तत्काल रुद्रपुर, किच्छा और सिडकुल से दमकल की गाड़ियां रवाना करने का आदेश जारी कर दिया। घटनास्थल पर पांच गाड़ियां पहुंची और दमकल कर्मियों ने पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक आग ने दुकान में रखा करोड़ों का सामान जलाकर राख कर दिया।

इस दौरान किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और पीड़ित को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। उधर, दुकान स्वामी शोमान रहमान ने बताया कि दुकान के अंदर 25 से 30 हजार के कूपन, आठ हजार की नगदी के अलावा पेंट व सेनेटरी का सारा सामान भरा हुआ था। इस अग्निकांड से डेढ़ करोड़ के करीब आर्थिक क्षति होने का अनुमान है। सीएफओ निशांत कटारिया ने बताया कि दुकान स्वामी को क्षति का सही आकलन करने का नोटिस भेजा है। उसके बाद ही नुकसान का सही आकलन सामने आएगा और प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की संभावना है।


झाड़ियों में धधकती आग। ● अमृत विचार


दुकान में लगी आग के बाद जला सामान। ● अमृत विचार

### झाड़ियों में धधकी आग से घबराए दुकानदार

**रुद्रपुर :** काशीपुर हाईवे स्थित झाड़ियों में आग का विकराल रूप देखकर आसपास के दुकानदार घबरा गए और आनन-फानन में अग्निकांड की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। बताया जा रहा है कि 23 अप्रैल की देर शाम काशीपुर हाईवे स्थित स्वीट्स की दुकान के समीप स्थित झाड़ियों में अचानक लग गई। आग इतनी भयावह थी कि आग की ऊंची-ऊंची लपटें दुकानों व आसपास की आबादी इलाकों की ओर बढ़ने लगी। सूचना मिलने पर दमकल कर्मियों ने आग को बुझाया।

# वनाग्नि रोकने के लिए अलर्ट रहें अधिकारी

संवाददाता, रुद्रपुर

**निर्देश**

- आग लगाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करें
- मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से दिए निर्देश

**अमृत विचार:** गर्मी के सीजन में तापमान बढ़ने के साथ ही वनाग्नि की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। इसलिए सभी अधिकारी अलर्ट मोड पर रहें और आपसी समन्वय के साथ वनाग्नि को रोकने के साथ ही नियंत्रित करें। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने यह निर्देश वनाग्नि को लेकर वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि वनाग्नि रोकने के लिए विभिन्न माध्यमों से जन जागरूकता फैलायी जाये। स्कूली बच्चों को प्रार्थना सभा व रैलियों के माध्यम से वनाग्नि से होने वाले नुकसानों के बारे में बताया जाए। वनों में आग लगाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाए। विगत वर्षों में वनाग्नि का आकलन कर जिन क्षेत्रों में वनाग्नि की संभावनाएं अधिक हैं वहां विशेष फोकस रखा जाए। साथ ही कार्य योजना बनाते हुए वनाग्नि को रोका व नियंत्रित किया जाए। उन्होंने कहा कि वनाग्नि की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई की जाए। रियल टाइम मॉनिटरिंग की जाए और त्वरित कार्यवाही करते हुए सूचनाएं जिला व राज्य कंट्रोल रूम को शीघ्र दी जाए। वहीं जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि जनपद में अब तक 32 वनाग्नि की घटनाएं हुई हैं जिसमें 42.22 हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित हुआ है। 69 क्रू-स्टेशन स्थापित हैं साथ ही 138 फायर वाचर तैनात किये गये हैं व जिला कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी आरसी तिवारी आदि मौजूद रहे।

# बढ़ते शहरीकरण से घट रहा भू-जल स्तर

संवाददाता, रुद्रपुर

**हालात**

- प्रतिवर्ष घट रहा 4 से 5 फीट भू-जल स्तर
- जनपद में लघु सिंचाई ने बनाए 148 रिचार्ज शाफ्ट

**अमृत विचार:** ऊधमसिंह नगर जनपद में बढ़ते शहरीकरण एवं आद्यौगिकीकरण, विकास कार्यों में तेजी और कृषि क्षेत्रों में अधिक जल खपत के कारण पानी की मांग भी बढ़ रही है। इस कारण भू-जल का अधिक दोहन होने से भू-जल स्तर प्रतिवर्ष 4 से 5 फीट तक गिरता जा रहा है। जल स्तर में सुधार लाने के लिए लघु सिंचाई विभाग ने नाबार्ड की आरआईडीएफ योजना के तहत 148 रिचार्ज शॉफ्ट का निर्माण किया है। इससे 6000 लाख लीटर पानी प्रति हेक्टेयर रिचार्ज होने की उम्मीद है।

दरअसल, लघु सिंचाई विभाग ने वर्ष 2023-24 में नाबार्ड की आरआईडीएफ योजना के तहत 148 रिचार्ज शाफ्ट का निर्माण किया है। इसमें विकासखंड काशीपुर में 27 और बाजपुर में 121 रिचार्ज शाफ्ट बनाये गये हैं। इन रिचार्ज शाफ्ट के निर्माण में करीब 208 लाख रुपये व्यय हुए हैं। रिचार्ज शाफ्ट से एक वर्ष में बरसात के मौसम में वर्षा के जल को संग्रह कर करीब 6000 लाख लीटर प्रति हेक्टयर जल रिचार्ज किया जायेगा।

> जनपद में बढ़ते शहरीकरण और विकास से जल स्तर 5 से 6 फीट घट रहा है। जल स्तर में सुधार के लिए काशीपुर और बाजपुर में 148 रिचार्ज शाफ्ट बनाए गए हैं। बरसात के बाद इन रिचार्ज शाफ्ट के माध्यम से पानी के जलस्तर की रीडिंग ली जाएगी। इसके बाद हर तीन माह में दोबारा से रीडिंग ली जाएगी। उम्मीद है कि इन रिचार्ज शाफ्ट से काफी हद तक जल स्तर में वृद्धि होगी।
> **-सुशील कुमार, अधिशासी अभियंता, लघु सिंचाई**

लघु सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अनुसार वर्षा के समय वर्षा जल का कुछ भाग भूमि सतह के नीचे रिसकर प्राकृतिक रूप से भू-जल में मिल जाता है। जिससे भू-जल भंडार में वृद्धि होती है। यह एक धीमी प्रक्रिया है और अधिकांश वर्षा का जल व्यर्थ बह जाता है। बहते जल को संग्रहित कर भू-जल स्तर को जल संवर्द्धन, जल संभरण आदि के द्वारा बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए रिचार्ज शाफ्ट रिचार्ज कूप, हार्वेस्टिंग टैंक आदि का निर्माण कार्य कराया जाना अति आवश्यक है। उन्होंने बताया कि एक रिचार्ज शाफ्ट एक बारिश के मौसम में एक हेक्टेयर क्षेत्रफल वर्षा के जल को संगृहीत कर 52.20 लाख लीटर जल रिचार्ज करता है। ऐसे ही कई रिचार्ज शाफ्ट से भू-जल स्तर को बढ़ाया जा सकता है।

## शहरों और गांवों में जहां है समस्या वहां उपलब्ध कराएं पानी: डीएम

**रुद्रपुर, अमृत विचार:** जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने गर्मी का सीजन में जनमानस को सुचारू पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पेयजल विभाग को पेयजल लाइनों के लीकेज को बंद करने के साथ ही पानी की बर्बादी पर रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन शहरों, कस्बों, गांवों में पेयजल समस्या आ रही है उन्हें चिन्हित करते हुए सुचारू पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं करें।

बुधवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जिन स्थानों पर बिजली की सप्लाई की वजह से जनता को पेयजल सुचारू रूप नहीं मिल पा रहा है उन क्षेत्रों में विद्युत विभाग से वार्ता कर विद्युत सप्लाई का समय बढ़ाकर ओवर हैड टैंको को भरकर पेयजल उपलब्ध कराया जाये। जिन कस्बों, गांवो में जनसंख्या दबाव बढ़ने व पुरानी पेयजल लाइन कम ब्यास की है व पुरानी होने के कारण लिकेज भी है जिससे पानी की आपूर्ति पूरी नहीं हो पा रही है। ऐसे क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने पेयजल विभाग को निर्देश दिये कि पेयजल टैंकों की सफाई कराने के साथ ही पेयजल में क्लोरीन डालकर पानी सप्लाई सुचारू करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, परियोजना निदेशक अजय सिंह, अधीक्षण अभियंता पेयजल मृदुला सिंह, अधिशासी अभियंता पीएन चौधरी, जल संस्थान रुद्रपुर तरूण शर्मा, खटीमा अजय कुमार, काशीपुर नरेंद्र रेखाड़ी, सहायक अभियंता एलएम पांडे, कमल किशोर आदि मौजूद थे।

### पॉश कॉलोनी में रंगरलियां मनाते व्यापारी नेता को धुना

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** शहर की एक पॉश कॉलोनी में महिला के साथ रंगरलिया मनाते हुए किच्छा के एक व्यापारी नेता की पत्नी ने धुनाई कर दी और मौके पर जमकर हंगामा काटा। जिससे कॉलोनी में लोगों का जमावड़ा लग गया। व्यापारी की पत्नी ने सिडकुल चौकी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मंगलवार की देर रात किच्छा के व्यापार मंडल के नेता की पत्नी को खबर मिली कि उसका पति रुद्रपुर शहर की पॉश कॉलोनी में एक महिला के साथ उसके कमरे में रंगरलियां मना रहा है। व्यापारी की पत्नी अपने परिजनों के साथ कॉलोनी पहुंची और महिला के घर पर धावा बोल दिया। जहां व्यापारी को आपत्तिजनक हालत में देखकर पत्नी का पारा चढ़ गया और व्यापारी की पत्नी ने व्यापारी की जमकर धुनाई लगानी शुरू कर दी। हंगामे की आवाज सुनकर कॉलोनी के लोग बाहर निकले और मौके पर लोगों का जमावड़ा लग गया। सूचना मिलने पर सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार पुलिस के साथ घटनास्थल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। इस दौरान व्यापारी की पत्नी ने पुलिस को तहरीर देकर पति व आरोपी महिला के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। व्यापारी के रंगरलिया मनाने और पत्नी द्वारा पति की धुनाई करने का प्रकरण शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। उधर, चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जिला बार एसोसिएशन चुनाव में 94 फीसदी हुआ मतदान

**सरगर्मी**

- 588 अधिवक्ता में से 475 ने डाले वोट, आज होगी मतगणना

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में इस साल अधिवक्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। इस कारण अधिवक्ताओं ने 94 फीसदी मतदान करके मताधिकार का प्रयोग किया और प्रत्याशियों को सोचने पर मजबूर कर दिया। गुरुवार को वोटों की गिनती की जाएगी।

बुधवार की सुबह नौ बजे जजी परिसर में जिला बार एसोसिएशन के मतदान को लेकर चहलकदमी शुरू होने लगी। हर कोई अपने-अपने प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान करने के लिए मतदाताओं को रिझाने की कोशिश कर रहा था। सुबह 10 बजे से 11 बजे तक मतदान की गति धीमी थी। मगर दोपहर एक बजे से लेकर 5 बजे तक बार एसोसिएशन के मतदान में 94 फीसदी मतदान हो गया। इसके बाद मुख्य चुनाव अधिकारी सीपी जोशी और सहायक चुनाव अधिकारी धर्मेंद्र सिंह डंग, चंचल बाला ने प्रत्याशियों की मौजूदगी में मतपेटियों को सील किया। इसकी मॉनिटरिंग बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड की ओर से आए पर्यवेक्षक मेहरबान सिंह कोरंगा कर रहे थे।

मुख्य चुनाव अधिकारी सीपी जोशी ने बताया कि मतदान प्रक्रिया सुबह 9 बजे से शाम पांच बजे तक चली। 588 मतदाताओं में से 554 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस साल 94 फीसदी मतदान मताधिकार के प्रति सजगता को दर्शाता है।

उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद पर चार, उपाध्यक्ष पर तीन, सचिव पर तीन, उपाध्यक्ष कलेक्ट्रेट पर दो, कोषाध्यक्ष पर दो, उप सचिव पर चार, लेखा परीक्षक पर दो, पुस्तकालय अध्यक्ष पर दो, वरिष्ठ सदस्य पर तीन, कनिष्ठ पर चार प्रत्याशियों पर मतदान हुआ है। 25 अप्रैल को मतगणना सुबह 11 बजे से प्रारंभ हो जाएगी। इस अवसर पर जगदीश बिष्ट, कुलबीर सिंह ढिल्लो, विजय कुमार, सतपाल सिंह, रेनू रानी, सुरजीत कौर आदि मौजूद रहे।


मतदाताओं को रिझाने की कोशिश करते समर्थक। ● अमृत विचार

## सनातन धर्म मंदिर में 27 से राम कथा

**शक्तिफार्म :** सनातन धर्म मंदिर में 27 अप्रैल से 10 दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन होगा। श्री राम कथा में स्वामी लक्ष्मण दास जी प्रवचन करेंगे। श्री राम कथा के संयोजक कृष्ण कृपा मिशन के तत्वावधान में शक्तिफार्म मुख्य बाजार के सनातन धर्म मंदिर में 27 अप्रैल से 10 दिवसीय श्री राम कथा का भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ होगा। कलश यात्रा प्रात: 9 बजे सनातन धर्म मंदिर से निकाली जाएगी। सनातन धर्म मंदिर परिसर में आयोजित श्री राम कथा में 28 अप्रैल को मंगलाचरण गुरु वंदना होगी।






# ठग ने महिला को सम्मोहित कर लूटे गहने-नगदी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अपराध**

- तंत्र-मंत्र का है मामला, सरेराह की है घटना
- सूचना के चार घंटे तक नहीं पहुंची पुलिस

**अमृत विचार:** बाजार चौकी इलाके में किताब लेने गई महिला को सम्मोहित कर गहने लूटने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि अनजान शख्स ने तंत्र-मंत्र के जरिए महिला को सम्मोहित कर अपने वश में कर लिया। घटना की सूचना देने के बाद भी चार घंटे तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। इसको लेकर परिवार में काफी रोष देखने को मिला।

थाना ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर निवासी तुलाराम टुकटुक चलाने का काम करते हैं और परिवार के साथ रहते हैं। बताया जा रहा है कि तुलाराम की पत्नी मीना देवी बुधवार की दोपहर को अपनी तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली गौरी के साथ स्कूल की किताब लेने बाजार गई थी। जब वह गांधी पार्क रोडवेज गेट के समीप पहुंची तो अचानक तांत्रिक वेशभूषा में अनजान व्यक्ति आया और धार्मिक स्थल का पता पूछा। जब महिला ने अनभिज्ञता जताई तो आरोपी ने पन्नी में फूंक मारकर महिला की ओर मारा। इससे महिला बेसुध हो गई और अनजान शख्स ने सोने की चेन, गले का मंगलसूत्र और पर्स में रखे तीन हजार की नगदी लूट ली।

बताया जा रहा है कि इसी दौरान दो अनजान व्यक्ति आये और महिला को मुख्य बाजार में जाकर पत्थर फेंकने का आदेश दिया। इस पर महिला अपनी बेटी को छोड़कर मुख्य बाजार चली गई। थोड़ी देर में होश में आने पर महिला दौड़कर अपनी बेटी के पास पहुंची तो महिला ने देखा कि उसके गहने व नगदी गायब थे। घबराई महिला ने स्थानीय लोगों की मदद से घटना की सूचना पुलिस हेल्पलाइन नंबर डायल 100 पर दी। मगर चार घंटे बीत जाने के बाद पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। जिसको लेकर महिला के परिवार व लोगों में काफी रोष देखने को मिला। बताया जा रहा है कि लूटे गए गहने की कीमत डेढ़ लाख के करीब है। उधर, कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि घटना की तहरीर आने के बाद घटनास्थल पर सीसीटीवी कैमरों को खंगालने के बाद आरोपियों की तलाश की जाएगी। सूचना के बाद भी पुलिस नहीं पहुंची। मामले की जानकारी संबंधित चौकी से ली जाएगी।


बेटी के साथ बेसुध खड़ी पीड़ित महिला।


अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

**सार्वजनिक सूचना**

सूचित किया जाता है कि प्रार्थी कि एक किता आराजी मौजा कचनालगाजी जिसका खसरा नंबर 304 मिन रक्बा 750 वर्ग फिट यानि 69.70 वर्ग मीटर है। जिसका पूर्ववर्ती बैनामा जोकि श्रीमती इशरत जहाँ पत्नी श्री भूरा ने जरिये पंजीकृत बैनामा दिनांक 20-10-2011 के क्रमांक 10972 पर सब-रजिस्ट्रार कार्यालय काशीपुर मे श्रीमती दर्शनी देवी पत्नी स्व० श्री गुमान सिंह से क्रय की है। यह कि प्रार्थी कल दिनांक 23-04-2024 को अपने पूर्ववती बैनामें की मूल प्रति व अन्य कागजात थैले में रखकर तहसील परिसर काशीपुर में किसी आवश्यक कार्य हेतु गया था, कि प्रार्थी का थैला तहसील परिसर से वापस आते समय बाजार में कहीं गिर गया काफी तलाशने पर भी नहीं मिला है। जिसमें पंजीकृत पूर्ववर्ती बैनामा दिनांक 20-10-2011 बही० नं० 01, जिल्द नं० 2690, पृष्ठ संख्या 11-20 क्रमांक 10972 की मूल प्रति जो श्रीमती इशरत जहाँ पत्नी श्री भूरा के नाम से था। जो कि प्रार्थी को काफी तलाशने पर भी नहीं मिला जिसका प्रार्थी को डर है कि उपरोक्त खोये हुये बैनामें का कोई गलत उपयोग न कर ले। प्रार्थी ने उक्त खोये हुए बेनामें की सूचना आज दिनांक 24.04.2024 को कोतवाली काशीपुर में दर्ज करा दी है। इस बैनामें से सम्बन्धित आज तक कोई वाद-विवाद किसी भी न्यायालय में याजित नहीं है तथा उपरोक्त बैनामा किसी भी सरकारी / गैर सरकारी बैंक में बन्धक नहीं है।

- प्रार्थी अनिल कुमार यादव पुत्र श्री घासीराम, निवासी मकान सं० 80, वॉर्ड नं० 13, मौ० गंज, काशीपुर, जिला उ० सि०नगर।

नरेंद्र कुमार एडवोकेट, 9412153081
कार्यालय : भल्ला मार्केट, निकट तहसील परिसर, काशीपुर


# स्ट्रांग रूम परिसर में तैनात सुरक्षा कर्मियों को 24 घंटे सजग रहने के निर्देश दिए

संवाददाता, रुद्रपुर

**सतर्कता**

- कंट्रोल रूम में तैनात अधिकारी बनाए रखें सीसीटीवी पर नजर
- डीएम और एसएसपी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**अमृत विचार:** जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने अधिकारियों के साथ बगवाड़ा स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम परिसर में सुरक्षा में तैनात कार्मिकों को 24 घंटे सजग रहने और कंट्रोल रूम में तैनात अधिकारियों को सीसीटीवी पर नजर रखने के निर्देश दिए।

बुधवार को निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि बगवाड़ा मंडी में स्ट्रांग रूम में थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था लगाई गई है। साथ ही 180 सीसीटीवी कैमरे स्ट्रांग रूम पर पैनी नजर रखे हुए हैं। स्ट्रांग रूम परिसर में तैनात सुरक्षा कर्मिकों को सजग रहने के साथ ही बिना अनुमति के किसी भी व्यक्ति को स्ट्रांग रूम परिसर में प्रवेश नहीं करने देने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि स्ट्रांग रूम परिसर पर पैनी नजर रखने के लिए 4 पुलिस वॉच बनाए गए हैं, जिसमें सुरक्षा बल 24 घंटे तैनात किए गए हैं।

सीसीटीवी कंट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कंट्रोल रूम में तैनात अधिकारियों को सीसीटीवी पर नजर बनाए रखने व किसी प्रकार की गतिविधि पाये जाने पर तुरंत जिला कंट्रोल रूम को जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी बिना प्रतिस्थानी के कंट्रोल रूम नहीं छोड़ेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, उप निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कत्याल, सहायक निर्वाचन अधिकारी मनीष बिष्ट आदि मौजूद थे।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 9756032977, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

# काशीपुर के ओवरब्रिज पर फिलहाल नहीं चलेंगे भारी वाहन

## पुल की क्षमता मापने के बाद एनएच के अधिकारियों ने लिया है निर्णय, बाइकें, कार, स्कूल बसें आदि के लिए खुलेगा आरओबी, कई काम होने हैं बाकी

राजू वर्मा, काशीपुर

**अमृत विचार :** काशीपुर में करोड़ों की लागत से बन रहे ओवरब्रिज पर बड़े वाहन नहीं चलेंगे। पुल के भार क्षमता मापने के बाद एनएच के अधिकारियों ने शुरूआती दौर में मोटर साइकिल, कार व स्कूली बसें चलाने का ही निर्णय लिया है। एनएच ओवरब्रिज को जल्द खोलने का फैसला ले सकता है।

सात सालों से काशीपुर में रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण चल रहा है। कार्य की गति धीमी होने से लोग सवाल भी खड़े करते आ रहे हैं। भाजपा व कांग्रेस में ओवरब्रिज को खोलने को लेकर होड़ सी लग गई है। एनएच के अधिकारियों की माने तो पुल निर्माण व ट्रैफिक से संबंधित कई कार्य बाकी हैं। कार्य पूरे किए बगैर यातायात संचालन ठीक नहीं है। ओवरब्रिज को यातायात के लिए तब खोला जाएगा जब कार्य पूरे हो जाएंगे। एनएच विभाग के सूत्रों की मानें तो ओवरब्रिज पर कार, बाइक व स्कूली बसें ही चलेंगी। डंपर, रोडवेज की बसों को फिलहाल नहीं चलने दिया जाएगा। एनएच विभाग के ईई प्रवीन कुमार ने बताया कि ओवरब्रिज निर्माण को 37 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। करीब 90 प्रतिशत काम पूरा हो गया है।

**37** करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है ओवरब्रिज निर्माण को, करीब 90 प्रतिशत काम पूरा हो गया है

**15** अप्रैल को काशीपुर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा समेत कई भाजपाइयों ने जबरन ओवरब्रिज को खोल दिया था

**30** अप्रैल से पहले लोगों के लिए खोला जा सकता है ओवरब्रिज, बताया कि इसके लिए निर्माणाधीन कंपनी को कार्य जल्द पूरा करने को कहा गया है


काशीपुर में बनाया जा रहा ओवरब्रिज। ● अमृत विचार



ओवरब्रिज का निरीक्षण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

### नेताओं के चक्कर में परेशान हो रही जनता

**काशीपुर :** बीते 15 अप्रैल को काशीपुर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा समेत कई भाजपाइयों ने जबरन ओवरब्रिज को खोल दिया था। इससे लोग हल्के वाहन ओवरब्रिज में ले जाते दिखे थे, लेकिन दोबारा से ओवरब्रिज को बंद कर दिया गया। मंगलवार को कांग्रेसी विधायक आदेश चौहान ओवरब्रिज खुलवाने की बात कर घंटों बैठे रहे। नतीजा नहीं निकल सका।

### 30 अप्रैल से पहले खुल सकता है ओवरब्रिज

**काशीपुर :** एनएच के ईई प्रवीन कुमार ने बताया कि ओवरब्रिज 30 अप्रैल से पहले लोगों के लिए खोला जा सकता है। बताया कि इसके लिए निर्माणाधीन कंपनी को कार्य जल्द पूरा करने को कहा गया है। बताया कि सुरक्षित यातायात के साथ ही ओवरब्रिज को खोला जाना है।

### ओवरब्रिज का एनएच व प्रशासन ने किया निरीक्षण

**काशीपुर :** ओवरब्रिज का एनएच, प्रशासन व पुलिस अधिकारियों ने निरीक्षण किया। निर्माणाधीन कंपनी को जल्द कार्य पूरे करने के निर्देश दिए गए। बुधवार को एनएच के ईई प्रवीन कुमार, एसडीएम अभय प्रताप सिंह, एसपी सिटी अभय सिंह आदि ने ओवरब्रिज का निरीक्षण किया। एसडीएम ने बताया कि ओवरब्रिज पर यातायात संबंधित कार्य होने हैं। जल्द ही लोगों के लिए ओवरब्रिज को खोल दिया जाएगा।

## एक नजर

### बिजली लाइन से जली फसल का मुआवजा देने की मांग

**जसपुर :** प्रधान संघ ने बिजली लाइन से जली गेहूं की फसल का पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग की है। रविवार को गांव उमरपुर बहेड़ी में 11 हजार वोल्टेज की लाइन से निकली चिंगारियों से पांच किसानों की गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई थी। इससे जसविंदर सिंह की 2 एकड़, पलविंदर सिंह की 1 एकड़, कश्मीर सिंह की 3 .5 एकड़, लखविंदर सिंह की 3 .5 एकड़ व सीता कौर की ढाई एकड़ फसल जल गई थी। प्रधान संघ अध्यक्ष ब्रह्मानंद लाहोरी, प्रधान अमरजीत सिंह बाजवा, त्रिलोचन सिंह फौजी व राजीव कुमार आदि ने मुख्यमंत्री से मांग की है पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए।

### तमंचे, चाकू के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**काशीपुर :** पुलिस ने तमंचे और दो चाकू बरामद कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों का आर्म्स एक्ट में चालान किया गया है। ग्राम पच्चावाला, दोहरी वकील निवासी परमजीत सिंह समेत अन्य ग्रामीणों ने कुंडेश्वरी चौकी पुलिस को सूचना दी थी कि गांव में रहने वाला सुंदर सिंह लोगों को परेशान कर रहा है। उसने गेहूं के खेत में आग लगा दी है। वह ग्रामीणों के पीछे तलवार लेकर दौड़ रहा है। सूचना पर पुलिस ने आरोपी सुंदर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने 315 बोर का देशी तमंचा व कारतूस बरामद किया है। उधर आईटीआई थाना पुलिस ने खड़कपुर देवीपुरा निवासी विकास यादव को एक चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। जबकि कुंडा पुलिस ने जसपुर के मोहल्ला नत्था सिंह निवासी शाहनवाज के कब्जे से एक चाकू बरामद किया है। आरोपियों का आर्म्स एक्ट में चालान किया गया है।

### उक्रांद ने की मंदिर में हुई चोरी का खुलासा करने की मांग

**काशीपुर :** रामनगर रोड पर एसआरएफ के पीछे शांति नगर कॉलोनी स्थित मंदिर में हुई चोरी का एक पखवाड़े बाद भी सुराग न लगने से श्रद्धालुओं में आक्रोश है। उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ताओं ने प्रतापपुर चौकी पहुंचकर चोरी के खुलासे की मांग की। शांति नगर वार्ड नंबर एक के मंदिर परिसर से चोर बीती 09 अप्रैल को सीलिंग फैन, एम्प्लीफायर, दो दान पात्र व अन्य सामान चोरी कर ले गए। दान पात्रों में काफी नगदी थी। मंदिर के पुजारी ने कॉलोनी के लोगों को सूचना दी। समिति के अध्यक्ष की ओर से इस संबंध में पुलिस को तहरीर सौंपी गई। लेकिन एक पखवाड़े के बाद भी पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। बुधवार को उक्रांद के लोकसभा प्रत्याशी शिव सिंह व जिलाध्यक्ष जगदीश बोड़ाई के नेतृत्व में कार्यकर्ता मंदिर परिसर में एकत्र हुए। उन्होंने कहा कि तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

# यातायात व्यवस्था चरमराई, जगह-जगह लग रहा जाम

जाम का झाम

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** शहर में सड़क जाम की समस्या से लोग परेशान हैं। बेतरतीब चलते वाहन व सड़कों पर अतिक्रमण के कारण रोजाना जगह-जगह जाम लग जा रहा है। वहीं बाजपुर रोड पर बन रहे आरओबी के कारण रास्ता बंद होने से पूरे शहर के यातायात का दबाव चीमा चौराहे व टांडा तिराहे मार्ग पर आ गया है। इन रास्तों पर रेलवे क्रासिंग के चलते यहां कई घंटों तक जाम की स्थिति बनी हुई है। उधर साप्ताहिक बाजारों से इस जाम के कारण लोगों की मुसीबत और बढ़ गई है। जाम के कारण स्कूल व समय से ऑफिस जाने वाले लोगों को अत्यधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



काशीपुर में चीमा चौराहे पर रेलवे क्रासिंग के पास लगा जाम। ● अमृत विचार

निर्माणाधीन आरओबी और चैती मेले के चलते शहर में वाहनों की संख्या बढ़ गई है। बेतरतीब चलते वाहन व अतिक्रमण के चलते सड़कों के छोटे होने से शहर में आए दिन जगह-जगह जाम की स्थिति देखी जा रही है। वही यातायात पुलिस व सीपीयू के भी जाम को खुलवाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। उसके बावजूद लोगों में जरा भी सब्र नहीं दिख रहा और वह जल्द निकलने के चक्कर में लाइन से वाहन न निकाल गलत साइड में वाहनों को ले जा रहे हैं। जिससे कई घंटों तक जाम लग जा रहा है। रात के समय भारी वाहनों के यहां से गुजरने पर स्थिति और खराब हो जा रही है। जाम के झाम से निजात के लिए पुलिस ने भी मंथन शुरू कर दिया है। पुलिस भारी वाहनों के रूट डायवर्ट करने और नो एंट्री का समय बढ़ाने पर विचार कर रही है। एसी सिटी अभय सिंह ने बताया कि जाम से निजात के लिए पुलिसकर्मी लगातार कार्य कर रहे हैं। यातायात व्यवस्था को और बेहतर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। जाम वाली जगहों पर अतिरिक्त फोर्स के साथ होमगार्ड की तैनाती भी की जाएगी।

### वाहन चालकों को नहीं है किसी का डर

**काशीपुर :** शहर की यातायात व्यवस्था को ऑटो, चार पहिया बस चालकों ने भी ठेंगे पर रखा है। उन्हें न यातायात पुलिस का डर है और न ही आमजनों की परेशानी से कोई मतलब। ट्रैफिक नियमों को दरकिनार करते हुए शहर के चौक-चौराहों, मुख्य मार्गों पर यह वाहन चालक बेतरतीब तरीके से वाहनों को जगह-जगह रोककर यात्री चढ़ाते उतारते हैं। इससे उन जगहों पर जाम की स्थिति बन जाती है।

### ई-रिक्शा ने भी बढ़ाया शहर में यातायात का दबाव

**काशीपुर :** शहर में ई-रिक्शाओं की संख्या ने भी यातायात का दबाव बढ़ाया है। वर्तमान में करीब दो हजार से अधिक ई-रिक्शा काशीपुर की सड़कों पर दौड़ रहे हैं। वहीं बिना पंजीकरण वाले ई-रिक्शा भी चल रहे हैं। सवारियों को लेकर ये भी बेतरतीब खड़े होकर जाम लगाते हैं। साथ ही सड़कों पर चलते समय गड्ढे से बचने के लिए यहां वहां मोड़ देते हैं।

# लटका मिला युवती का सड़ा गला शव

## हत्या या आत्महत्या

▸▸ कृष्णा कॉलोनी में किराए पर रहती थी युवती, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक युवती का सड़ा गला शव लटका होने की सूचना से पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि कमरे के फर्श पर खून के निशान मिलने से पुलिस हत्या या फिर आत्महत्या की दिशा में अपनी तफ्तीश कर रही है।

मूल रूप से दयानतपुर हाफिजगंज बरेली व हाल निवासी थाना ट्रांजिट कैंप कृष्णा कॉलोनी की रहने वाले 22 वर्षीय प्रीती गंगवार अपने परिवार के साथ किराए के मकान में रहती थी। प्रीति का पति गदरपुर स्थित राइस मिल में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है, जबकि युवती सिडकुल की एक कंपनी में काम करती थी। बताया जा रहा है कि होली वाले दिन परिवार के सभी लोग गांव गए हुए थे, जबकि प्रीति घर पर अकेली थी।

बताया जा रहा है कि मंगलवार की देर रात्रि पड़ोसियों ने कमरे से बदबू आने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही दरोगा जगत शाही, महिला दरोगा गोल्डी व नेहा ध्यानी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। जहां पाया कि युवती का शव पंखे के कुंडे से लटका हुआ था और तीन से चार दिन पुराना होने के कारण शव सड़ गल गया था। प्रारंभिक पड़ताल में यह भी पाया कि कमरे के फर्श पर खून के धब्बे भी पड़े हुए थे। इसके बाद पुलिस ने अपनी तफ्तीश को हत्या या फिर आत्महत्या की दिशा में शुरू कर दिया है। पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


प्रीति।

### पुलिस को मिले मोबाइल पर कई मैसेज

**रुद्रपुर :** जब पुलिस ने मृतका का मोबाइल देखा तो मोबाइल से कई लोगों को मैसेज भेजे जाने की बात सामने आई है। मैसेज में लिखा था कि मेरी मौत का कारण उसके पिता व परिवार के लोग नहीं हैं और उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है। मैं खुद ही मौत को गले लगा रही हूं। पुलिस ने मोबाइल को फॉरेंसिक टीम को भेज दिया है। साथ ही मैसेज के अर्थ को स्पष्ट करने की कोशिश शुरू कर दी है।

> प्रीति गंगवार मौत प्रकरण की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। फर्श पर खून के धब्बे पड़े होने के पीछे क्या कारण है। इसकी पड़ताल एक्सपर्ट के माध्यम से भी की जा रही है। इसके अलावा यदि परिवार के लोग कोई तहरीर देते हैं तो पुलिस जांच कर कार्रवाई करेगी। बावजूद पुलिस ने अपनी जांच को शुरू कर दिया है। **-भारत सिंह**, थानाध्यक्ष, ट्रांजिट कैंप

### अनियंत्रित हुई बाइक से गिरकर महिला की मौत

**काशीपुर :** दामाद के साथ अपनी दूसरी पुत्री के घर जा रही एक महिला बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। दामाद ने राहगीरों की मदद से उसे इलाज के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव उसके परिजनों को सौंप दिया है। 9यूपी के रामपुर क्षेत्र के टांडा बादली निवासी 48 वर्षीय मंजू देवी पत्नी खेम सिंह बुधवार सुबह अपने दामाद विशाल के साथ मोटरसाइकिल से काशीपुर आ रही थी। उसे अपनी बेटी के घर ग्राम टीला थाना कुंडा जाना था। दढ़ियाल रोड पर उनकी बाइक स्पीड ब्रेकर पर बेकाबू हो गई और उस पर बैठी मंजू सड़क पर गिर गई। सड़क पर सिर लगने से वह बेहोश हो गई। हादसे में विशाल को भी खरोंच आई। दामाद विशाल ने सास को राहगीरों की मदद से उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### युवा कांग्रेस प्रदेश महामंत्री बने रौतेला

**खटीमा :** युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर सिंह भुल्लर ने नगर अध्यक्ष रमेश रौतेला को युवा कांग्रेस का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि रौतेला प्रदेश स्तर पर युवाओं को जोड़ने में विशेष सहयोग प्रदान करेंगे। नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री रौतेला ने प्रदेश अध्यक्ष भुल्लर, युवा कांग्रेस प्रदेश सह प्रभारी नवनीत कौर, प्रदेश प्रभारी शिवी चौहान, उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उसे कड़ी मेहनत से निभाएंगे।



कार्रवाई | न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने किया मामला दर्ज

# अमानत में खयानत में एक कंपनी के 8 नामजद

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर एक निजी कंपनी के कथित मालिक सहित आठ लोगों के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया है। कंपनी पर होम एप्लायंस के मॉल की सप्लाई देने और नौकरी देने के नाम पर कई लोगों को लाखों का चूना लगाने का आरोप लगाया गया है।

वार्ड संख्या आठ निवासी अनिल गुप्ता के 156(3) के तहत कहा है कि डेढ़ वर्ष पूर्व कानपुर निवासी पंकज निगम ने त्रिवेणी नगर मीर पुर कैंट, कानपुर निवासी प्रवीण कुमार दत्ता राय से बात कराई और बताया कि उनकी अहमदाबाद में जी होम प्रोडक्शन के नाम से कंपनी है और कानपुर में भी ऑफिस है। यह भी बताया कि जिसके मालिक पराग शाह, संजय तिवारी और ईशा चावला डायरेक्टर हैं। इसके बाद उन्होंने 30 मई 2022 को 2.5 लाख और दो जून 2022 को 50 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। यह भी कहा है कि 10 जून को शुभारंभ के बाद 15 अक्तूबर 2022 को माल मंगवाने के लिए तीन लाख और भेज दिए गए। वहीं डायरेक्टर ईशा चावला ने 70 हजार रुपये व्यक्तिगत खाते में लिए जिसे कंपनी खाते में डालने की बात कही गई। लेकिन कंपनी द्वारा माल नहीं भेजा गया। कंपनी ने माल बेचने के लिए कमीशन पर काम करने वाली महिलाओं को तैयार करने के लिए 15 हजार रुपये मासिक पर उमेश पवार को रखा गया और 22 हजार रुपये प्रतिमाह पर एक टाटा मैजिक वाहन भी किया गया।

प्रवीण राय ने नौकरी के लिए ने लोगों से मिलवाने की बात की जिसके बाद विजय कुमार गुप्ता और कौष्टुभानंद जोशी ने एक-एक लाख, भागीरथी मिश्रा ने तीन लाख, हेमा कार्की ने छह लाख मॉल के लिए और किशन चंद ने 24 लाख में शोरूम तैयार किया गया। यह भी कहा है कि दो तीन महीने तक किराया और कमीशन दिया गया जो बाद में बंद हो गया। 16 नवंबर 2022 को ईशा चावला ने दिल्ली अहमदाबाद की फ्लैट के दो टिकट बुक किए। जिसपर अनिल गुप्ता और किशन चंद अहमदाबाद पहुंचे और कंपनी देखने के बाद वापस आने पर उन्होंने 12 लाख रुपए और कंपनी के खाते में डाल दिए। इधर विक्रांत सिंह और अशोक ने भी छह -छह लाख कंपनी के खाते में डाल दिए। माल की सप्लाई न मिलने पर जब विक्रांत और अशोक ने अपने पैसे वापस मांगे तो उन्हें क्रमशः 6.54 लाख और 6.36 लाख का चेक काटा गया लेकिन यह चेक कंपनी में जमानत राशि के तौर पर रख लिया। बाद में कई बार चेक मांगने पर उन्हें चेक रहीं दिया गया। बाद में हमे पता चला कि हम ठगे जा चुके हैं। पीड़ित ने कहा है कि मुख्यमंत्री पोर्टल सहित पुलिस के उच्चाधिकारियों और कोतवाली में भी शिकायत कराई गई है लेकिन कोई कारवाई नहीं हुई है। जबकि कंपनी के लोगों द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404
APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES
FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
HUMANITIES AND JOURNALISM English
FACULTY OF PHARMACY
Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com
Nursing Courses
• B.Sc. Nursing (4 Year)
• Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
• G.N.M (3 Year)
• A.N.M (2 Year)
Paramedical Diploma Courses (2 Year)
• O.T. Technician
• Optometry
• Cardiology
• Physiotherapy
• C.T. Scan
Pharmacy Course (2 Year)
• D. Pharma
Facilities Available
QCI Rating 'A' Institute
Scholarship Facility
Smart Classes
100% Placement
Clinical Training in 1050 Beded Hospital
Experienced Faculty
Well Equipped Computer Lab.
Library
Modern Specialization Laboratory
Value Added Courses
Field Visits
Wi-Fi & Lush Green Campus
Hostel
Education Loan Available
Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

## सार-संक्षेप


जसपुर में सड़क दुर्घटना में घायल हुई गाय का उपचार कराते सामाजिक कार्यकर्ता।

### अज्ञात वाहन से टकराकर गाय की मौत

**जसपुर :** अज्ञात वाहन से टकराकर लावारिस गाय की मृत्यु हो गई। मंगलवार को देर सायं जसपुर काशीपुर मार्ग स्थित टोल प्लाजा के पास अज्ञात वाहन ने एक निराश्रित गाय को टक्कर मार दी। आसपास के लोगों ने किसी तरह घायल गाय को सड़क से हटाया। लेकिन उपचार के आभाव में घायल गाय रात भर तड़पती रही। बुधवार को घटना की सूचना मिलने पर गौ सेवा के क्षेत्र में सक्रिय उत्तरी देवधाम जनकल्याण समिति के संस्थापक अध्यक्ष महाराज सिंह चौहान मौके पर पहुंचे उन्होंने करनपुर पशु चिकित्सालय से डॉक्टरों की टीम को बुलाया। लेकिन घायल गाय ने दम तोड़ दिया। इस पर संस्था अध्यक्ष ने एनएचएआई के अधिकारियों से अनुरोध कर जेसीबी की सहायता से मृत गाय को दफनवाया। इस दौरान डॉक्टरों की टीम व आसपास के सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा पास स्थित शेर अली बाबा की मजार के सेवादारों ने भी सहयोग किया। इस मौके पर डॉ. योगेश शर्मा, उनके सहयोगी सतीश कुमार व मोहम्मद रिजवान तथा ओम प्रकाश, शिवम आदि मौजूद रहे।


दुबई में पुरस्कार प्राप्त करतीं आंचल अरोरा।

### रुद्रपुर की आंचल ने दुबई में लहराया परचम

**गदरपुर :** दुबई में बीइंग मुस्कान इवेंट का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें रुद्रपुर की आंचल अरोरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रुद्रपुर में रहने वाली आंचल अरोरा पिछले 2 वर्षों से दुबई में अपने पति यश कोटरीवाल और अपनी बेटी क्रिधा के साथ रहती हैं। आंचल रुद्रपुर के एलियन्स कॉलोनी में रहने वाले अशोक चराया की पुत्री हैं। पिछले दिनों दुबई में अंतरराष्ट्रीय बीइंग मुस्कान इवेंट का आयोजन किया गया था। मीना असरानी के संयोजन में हुए इस आयोजन में दुनिया भर की प्रतिभाओं ने हिस्सा लिया था। रुद्रपुर की बेटी ने दुबई में अपनी प्रतिभा को दिखाते हुए परचम फहराया। आंचल अरोरा ने इस अंतरराष्ट्रीय यूएई प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर सभी प्रतिभागियों को पीछे छोड़ दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संयुक्त अरब अमीरात के प्रतिष्ठित बिजनेसमैन याकूब अली एवं कलाकार अहमद अली अवधी ने आंचल को ताज पहनाकर सम्मानित किया। उनकी उपलब्धि पर पूर्व शिक्षा मंत्री अरविंद पांडे, कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड, व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष राजकुमार भुडडी, जय किशन अरोरा, लवली हुड़िया, चकित हुड़िया, संदीप चावला, डिंपल आहूजा आदि शामिल थे।


स्वर्ण पदक जीतने वाले डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी के बच्चों के साथ आयोजक।

### किक बॉक्सिंग में डायनेस्टी के महक, रोहित, दीपक का जलवा

**खटीमा :** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फॉर्म के छात्रों ने उत्तराखंड एमेच्योर किक बॉक्सिंग के अंतर्गत महक बिष्ट ने 45 किलो भार वर्ग, रोहित सिंह ने 81 किलो भार वर्ग और दीपक चौहान ने 67 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बैडमिंटन हॉल पर ग्राउंड देहरादून में एमेच्योर किक बॉक्सिंग संगठन ने द्वितीय राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया था। प्रतियोगिता में जिले के 17 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें विद्यालय के तीनों छात्रों का चयन उत्तराखंड किक बॉक्सिंग टीम में कर लिया गया है। यह खिलाड़ी आगामी मई माह में गोवा में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन, सुरेश ओली, मनीष ठाकुर, सुरेंद्र रावत, शिल्पा सक्सेना मौजूद रहे।


बाजपुर में कार्यशाला में शिक्षकों को संबोधित करते विजय पांडेय। ● अमृत विचार

### कार्यशाला में शिक्षकों को बेहतर शिक्षा देने के गुर सिखाए

**बाजपुर :** 'मिशन कोशिश' कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए शिक्षकों की अभिमुखीकरण कार्यशाला अजीम प्रेमजी फाउंडेशन टीचिंग लर्निंग सेंटर बाजपुर में कार्यशाला आयोजित हुई। खंड शिक्षाधिकारी बाजपुर पुरुषोत्तम सिंह ने शिक्षकों के साथ प्रभावी योजना के उद्देश्य से बच्चों की लर्निंग स्थिति में अपेक्षित संप्राप्ति आदि से जुड़े मुद्दों पर बातचीत की। इस कार्यशाला में डाइट की सदस्य सीमा त्रिवेदी व चेतना मिश्रा द्वारा 'मिशन कोशिश' से जुड़े विद्यार्थियों पर जानकारी साझा की गईं। कार्यशाला का संचालन अमित चंद्रा और विजय पांडेय ने किया।

### 2400 रुपये मिलने पर टीडीसी को देंगे बीज

**गदरपुर :** टीडीसी के बीज उत्पादक किसानों ने गेहूं के बीज का भुगतान कम मिलने पर प्रबंध निदेशक को ज्ञापन सौंपा। किसानों का कहना था कि अगर उन्हें 2400 रुपये का भुगतान नहीं किया तो वह बीज नहीं देंगे। बुधवार को टीडीसी के बीज उत्पादक किसानों का एक प्रतिनिधि मंडल कश्मीर कंबोज के नेतृत्व में प्रबंध निदेशक दीपक पांडेय से मिला। उन्होंने ज्ञापन सौंपकर कहा कि टीडीसी अंश धारी बीज उत्पादक किसानों को 2330 रुपये प्रति क्विंटल का अग्रिम भुगतान कर रहा है जबकि यूपी बीज निगम 2400 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान कर रहा है। किसानों का कहना था उनको बीज उत्पादन में 150 रुपये से अधिक का प्रति क्विंटल खर्च आ रहा है। कश्मीर कंबोज का कहना था कि अगर उन्हें यूपी बीज निगम के बराबर अग्रिम भुगतान नहीं किया गया तो इंटेग की कार्रवाई नहीं की जाएगी।

### देहरादून में एनसीसी की बेहतरी को बैठक संपन्न

**खटीमा :** देहरादून में आयोजित एडिशनल डायरेक्टर जनरल उत्तराखंड डायरेक्टेड मेजर जनरल अतुल रावत की बैठक में पीएमश्री अटल उत्कृष्ट थारू राजकीय इंटर कॉलेज के एयरफोर्स विंग के एनसीसी अधिकारी फर्स्ट ऑफिसर नरेंद्र सिंह रौतेला ने अपनी यूनिट का प्रतिनिधित्व किया। इस बैठक में राज्य से 18 एसोसिएट एनसीसी अधिकारियों को चुना गया था। बैठक में मेजर जनरल अतुल रावत ने हर एनसीसी कैडेट तक एनसीसी के उद्देश्यों की पूर्ति पर जोर दिया। उन्होंने जमीनी स्तर पर सभी जानकारियां प्राप्त की तथा एनसीसी को बेहतर करने के लिए एनसीसी अधिकारियों से सुझाव प्राप्त किए। इस अवसर पर एनसीसी निदेशालय के उप महानिदेशक, निदेशक आदि मौजूद रहे।

## झूठा मुकदमा दर्ज कराने का आरोप

**बाजपुरः** एक व्यक्ति पर घर में घुसकर युवती से दुष्कर्म के प्रयास एवं विरोध करने पर उसके भाइयों से गाली-गलौज व मारपीट का झूठा मुकदमा दर्ज करवाने का आरोप लगाते हुए आरोपी के पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर निष्पक्ष जांच करवाकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। ग्राम गजरौला निवासी राम सिंह ने पुलिस को बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति ने उसके बेटे बलविंदर सिंह पर 19-20 अप्रैल की रात घर में घुसकर बेटी के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने व युवती के भाइयों द्वारा विरोध किए जाने पर उनके साथ गाली-गलौज व मारपीट करने का आरोप लगा मुकदमा दर्ज करवाया है। राम सिंह के अनुसार बेटे को षड़यंत्र के तहत रंजिशन झूठा फंसाने के उद्देश्य से यह मुकदमा करवाया गया है जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

### मेले में आकर्षण का केंद्र बना है ढोलक बाजार, तीन सौ से लेकर दो हजार तक की ढोलक बिक रही है बाजार में

# चैती मेले की चमक को निखार रहा ढोलक बाजार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** चैती मेले में लगा ढोलक बाजार मेले की रौनक को बढ़ा रहा है। लोग मेले में ढोलक खरीदने पहुंच रहे हैं। तीन सौ से लेकर दो हजार तक की ढोलक बाजार में बिक रही है।

इस बार तीन जगहों पर ढोलक बाजार लगाया गया है। अमरोहा, मुरादाबाद समेत कई जगहों से लोग ढोलक बेचने आए हैं। अमरोहा से आए अमन, शमशेर व राशिद बताते हैं कि ढोलक बेचने का काम उनका पुस्तैनी काम है। वर्षों से चैती मेले में आते हैं। बताया कि 10 लाख के आस-पास कारोबार हो जाता था, लेकिन महंगाई के चलते कारोबार कम हो रहा है।


चैती मेले में लगा ढोलक बाजार। ● अमृत विचार

बताया कि शहर से अधिक गांव के लोग ढोलक खरीद रहे हैं। सबसे बेहतरीन ढोलक दो हजार में मिल रहा है। जबकि 300, 500 रुपये में ढोलक बेच रहे हैं। बताया कि बुक्सा समाज के लोग अधिक ढोलक खरीदने आ रहे हैं। देवी के भजन व अन्य कार्यक्रमों में ढोलक की जरूरत होती है। बताया कि अमरोहा से परिवार के संग चैती मेला पहुंचे हैं। यहां पर पांच मई तक रहकर कारोबार करेंगे।

**झूलों में खूब उमड़ रही भीड़:** मेले में 25 से अधिक प्रकार के झूले लगाए गए हैं। इससे शाम होते ही झूला झूलने वालों की भीड़ उमड़ रही है। बताया कि देर रात तक झूले संचालित किए जा रहे हैं। झूलों पर युवा वर्ग अधिक पहुंच रहा है।

### फिश टनल भी बना आकर्षण का केंद्र

**काशीपुर :** चैती मेले में पहली बार लगाया गया वाटर फिश टनल भी लोगों की पहली पसंद बन गया है। दर्जनों लोग रोजाना जाकर फिश की गतिविधियों को देख कर हैं। बताया कि टनल में विभिन्न प्रजाति की मछलियां रखी गई है।

### मेला खत्म होने से पहले ही महिला समूह की दुकानें लौटीं

**काशीपुर :** चैती मेले में महंगाई बढ़ने के चलते छोटी बड़ी दुकानें लगा रहे व्यापारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। स्थिति यह है कि महिला समूह की पांच दुकानें लौट गई हैं।चैती मेले में करीब 500 दुकानें लगी हैं। मेला पांच मई तक चलेगा। बुधवार को विभिन्न जगहों से आई महिला समूह की पांच दुकानें लौट गईं। महिलाओं का कहना था कि वह खाद्य वस्तु और कपड़ों की दुकानें लेकर चैती आई थीं। बताया कि महंगाई इतनी है कि उनका दुकान का किराया तक नहीं निकल पा रहा है। इससे दुकानें खाली कर लौट गई हैं। बताया कि हर साल चैती में दुकानें लगाने के लिए आती हैं।

# भूमि की हदबंदी करने गए राजस्व कर्मियों का विरोध

### किसानों के विरोध के चलते लौटे कर्मी, किसान का कहना था कि 50 साल से भूमि पर कर रहे हैं खेती, हंगामा

लामबंद

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचारः** किसानों एवं ग्रामीणों के विरोध के चलते डिग्री कॉलेज के लिए चयनित भूमि की हदबंदी करने गई राजस्व विभाग की टीम को बैरंग लौटना पड़ा। इस दौरान किसानों ने राजस्व विभाग के कर्मचारियों पर न्यायालय के आदेश की अवमानना का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

बुधवार को तहसीलदार लीना चंद्र, थानाध्यक्ष जसवीर चौहान एवं कॉलेज की प्राचार्य शर्मिला सक्सेना के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस टीम डिग्री कॉलेज गदरपुर की भूमि की हदबंदी करने ग्राम खेमपुर पहुंची। राजस्व कर्मचारियों ने खेमपुर निवासी सतपाल भांबरी नामक काबिज किसान की वर्ग चार की कृषि भूमि पर हदबंदी का कार्य शुरू किया। उस समय किसान अपनी भूमि पर ट्रैक्टर चलाकर जुताई कर रहा था। पुलिस और राजस्व कर्मचारियों की टीम ने उसे रुकवा दिया। इस पर सतपाल भांबरी और उसके परिवार के सदस्य ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंच गए और प्रदर्शन करने लगे। इस बीच किसान के समर्थन में बड़ी संख्या में ग्रामीण और महिलाएं भी पहुंच गईं।


राजस्व टीम की कार्रवाई के दौरान बेहोश हुई महिला। ● अमृत विचार

### महिला के बेहोश होने पर प्रशासन में मचा हड़कंप

किसानों द्वारा जब विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था तो गर्मी के चलते एक महिला बेहोश हो गई। इससे प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में किसान उसके मुंह पर छींटे मारकर उसे होश में लाए।


तहसीलदार लीना चंद्र के सामने विरोध करते किसान। ● अमृत विचार

### अतिक्रमण हटाने के लिए तीन थानों की पहुंची थी पुलिस

ग्राम खेमपुर में प्रस्तावित डिग्री कॉलेज की भूमि की हदबंदी के लिए राजस्व विभाग के साथ तीन थानों की पुलिस पहुंची थी। इस दौरान पुलिस और किसानों में झड़प होते-होते बची।

उन्होंने सड़क किनारे बैठकर धरना शुरू कर दिया। भूमि पर काबिज किसान अशोक भांबरी का कहना था कि उनके पिता स्वर्गीय प्रेमचंद की मृत्यु के उपरांत वह अपने भाई अजय कुमार और विजय कुमार के अलावा चाचा सतपाल भांबरी के साथ पिछले 50 वर्षों से वर्ग चार की भूमि पर काबिज हैं और खेती कर रहे हैं।

राजस्व कर्मचारियों ने मनमाने तरीके से भूमि को वर्ग पांच में दर्ज कर प्रस्तावित डिग्री कॉलेज के लिए स्थानांतरित कर दिया है जिसकी उनको पूर्व में कोई सूचना नहीं दी गई। वर्तमान में यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है जिसकी सुनवाई आज होनी थी। उनका आरोप था कि राजस्व कर्मचारी जबरन हदबंदी करने की कोशिश करके न्यायालय के आदेश की अवहेलना कर रहे हैं। इस दौरान किसान के परिजनों और पुलिस में झड़प हो गई। इसी दौरान एक महिला बेहोश हो गई। इस दौरान तहसीलदार लीना चंद्र ने फोन पर उप जिलाधिकारी गौरव पांडे से बात की। मामले की गंभीरता को देखते हुए गौरव पांडे मौके पर पहुंचे और किसानों से वार्ता की। उप जिलाधिकारी गौरव पांडे का कहना था कि 10 माह पूर्व राजस्व विभाग की टीम हदबंदी करने पहुंची थी तो किसानों ने मोहलत देने की अपील की थी। उन्होंने कहा कि भूमि को डिग्री कॉलेज के नाम स्थानांतरित कर दिया गया है। किसानों के पास अगर स्टे है तो दिखाएं। इस पर किसान स्टे नहीं दिखा पाया। मामले की जानकारी मिलने पर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के प्रदेश अध्यक्ष सलविंदर सिंह कलसी मौके पर पहुंच गए। उनका कहना था कि काबिज किसानों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष कलसी ने उप जिलाधिकारी गौरव पांडे से वार्ता कर किसान को कुछ समय देने की बात की। उप जिलाधिकारी गौरव पांडे का कहना था कि किसी भी हालत में समय नहीं दिया जाएगा। कलसी के अनुरोध पर उप जिलाधिकारी ने 20 दिन का समय दिया। इस पर किसान पक्ष ने राजस्व विभाग को लिखकर दिया कि अगर 20 दिन में वह कोई भूमि संबंधित कागजात नहीं दिखा पाए तो वह विरोध नहीं करेंगे। इस मौके नायब तहसीलदार देवेंद्र बिष्ट थानाध्यक्ष जसवीर चौहान, राजस्व निरीक्षक सतपाल सिंह, सुरजीत सिंह, सुखदेव मैनी, रमेश धीर उत्तमचंद, रामस्वरूप, हरजिंदर सिंह, साहब सिंह, सतपाल भामडी, अजय मोरचंद आदि शामिल थे।

## एसी सही करने घर नहीं जाने पर दुकानदार को पीटा

**बाजपुरः** पूर्व में किए गए काम के पैसे नहीं देने के कारण पुनः एसी सही करने करने घर जाने से मना किए जाने पर दुकानदार के साथ एक युवक ने गाली-गलौज व मारपीट कर दी। घायलावस्था में कोतवाली पहुंचे पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। वहीं घायल को पुलिस के माध्यम से उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



नगरपालिका के ईदगाह वार्ड मुड़िया पिस्तौर निवासी अरमान अंसारी ने पुलिस को बताया कि उसकी मंडी रोड पर एअर रेफ्रीजरेशन एंड एअर कंडीशनर्स के नाम से दुकान है। बुधवार को दोपहर बाद करीब दो बजे वह दुकान पर काम कर रहा था। इसी बीच एक युवक वहां आया और एसी की मरम्मत करने के लिए घर चलने को कहने लगा, इस पर दुकानदार ने पूर्व में किए गए काम के पैसे देने के बाद ही जाने को कह दिया। आरोप है कि इससे गुस्साए आरोपी ने दुकान के अंदर ही उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी जिसमें वह घायल हुआ है। आसपास के दुकानदारों को आता देख हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया।


काशीपुर में रक्तदान करते लोग। ● अमृत विचार

### जीवन का हर पल मानवता के लिए समर्पित हो

**काशीपुर :** निरंकार प्रभु ने हमें यह जो मानव जीवन दिया है, इसका प्रत्येक पल मानवता के प्रति समर्पित हो। परोपकार का ऐसा सुंदर भाव जब हमारे हृदय में उत्पन्न हो जाता है तब वास्तविक रूप में समूची मानवता हमें अपनी प्रतीत होने लगती है। यह बात सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने मानव एकता दिवस के अवसर पर संबोधित करते हुए कही। संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन ने बुधवार को लगभग 207 स्थानों पर विशाल रूप में रक्तदान शिविर की श्रंखलाओं का आयोजन किया गया। ब्रांच काशीपुर में 113 यूनिट रक्त स्वैच्छिक रुप से एकत्र किया गया।

## मानव एकता दिवस पर सत्संग में उमड़ी संगत

**खटीमाः** निरंकारी सत्संग भवन में सतगुरु बाबा गुरबचन सिंह महाराज की शहादत दिवस को मानव एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान आयोजित सत्संग में सैकड़ों संगत ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महात्मा कृपाल सिंह ने कहा कि बाबा गुरबचन सिंह ने मानव कल्याण के लिए कड़ी मेहनत की। कुछ असामाजिक तत्वों ने बाबा गुरु वचन सिंह महाराज की हत्या कर दी थी। निरंकारी मिशन अमन शांति और सत्य के प्रचार का मिशन है। संगत ने बाबा गुरबचन सिंह महाराज को याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर देवेंद्र कुमार चौधरी, जयपाल सिंह, राजकुमार, एसएस करनवाल, बालकिशन, नारायण सिंह, सुमन करनवाल, कुसुम गुप्ता रहे।

# स्व. गुड़िया को किया गया याद

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** बाजपुर रोड स्थित एससी गुड़िया आईएमटी कॉलेज के प्रांगण में संस्थान के संस्थापक स्वर्गीय सत्येंद्र चंद्र गुड़िया की 14 वीं पुण्यतिथि हवन पूजन कर श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी विमला गुड़िया ने यज्ञ एवं स्मृति भोज का आयोजन किया। यज्ञ के यजमान गुड़िया की पुत्री एवं दामाद रहे। लोगों ने कहा कि स्व. सत्येंद्र चंद्र गुड़िया की 14वीं पुण्यतिथि पर आज हम उनका स्मरण कर रहे हैं। वह एक ऐसी राजनीतिक शख्सियत थे, जिनके कार्यों की प्रशंसा उनके विरोधी भी करते हैं। इस दौरान पारिवारिक सदस्यों मीनाक्षी, प्रवीण शर्मा, अशोक शर्मा, प्रियंका शर्मा,


स्व. सत्येंद्र चंद्र गुड़िया की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते भाजपा नेता व अन्य।

डॉ. नीरज आत्रेय, डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय, धेवते यथार्थ आत्रेय, जैदित्य शर्मा, सत्यार्थ आत्रेय, विमल गुड़िया, राजरानी गुड़िया, कल्पना गुड़िया, विकल्प गुड़िया, सर्वज्ञ गुड़िया सहित शमसुद्दीन, खिलेंद्र चौधरी, दीपक बाली, गुरविंदर सिंह चंडोक, सोहन सिंह, मुशर्रफ हुसैन, संदीप सहगल, हिमांशु अरोरा, अश्वनी छाबड़ा, माजिद अली, इकबाल अदीब, विनोद मेहरोत्रा, संजय कचौड़िया, डॉ. कीर्ति पंत, डॉ. केवल कुमार आदि मौजूद रहे।

आयोजन

### अग्रवाल महिला समिति ने धूमधाम से मनाया हिंदू नव वर्ष, श्रीराम की भक्ति में नजर आईं महिलाएं

# किच्छा में भगवान श्रीराम के भजनों पर झूमीं महिलाएं

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** अग्रवाल महिला समिति के तत्वावधान में हिंदू नव वर्ष एवं अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरा वातावरण भगवान श्री राम की भक्ति में डूबा हुआ नजर आया।

नगर के रुद्रपुर मार्ग स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अग्रवाल महिला समिति की प्रदेश अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री सरोज कंसल एवं जिला अध्यक्ष शोभा गोयल ने शिरकत की। महिलाओं ने भगवान श्री राम के भजनों पर सुंदर


किच्छा में नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान नृत्य प्रस्तुत करने वाली प्रतिभागियों एवं सवाल जवाब प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को भगवान श्री राम की मूर्ति भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर महिलाओं ने समिति अध्यक्ष दीपा गोयल, महामंत्री मोना सिंघल, कोषाध्यक्ष पूनम जिंदल एवं उपाध्यक्ष लता कनोडिया का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर मनीषा जिंदल, नीलम मित्तल, अंजू मित्तल, राधा गोयल, मेदिनी गुप्ता, पूनम अग्रवाल, संतोष बंसल, रक्षा बंसल, आशा अग्रवाल, कांता गोयल, महक गोयल, अनीता गोयल, चारु गोयल मौजूद रहीं।

### मंजू अध्यक्ष, रितु महामंत्री और निधि मित्तल बनीं कोषाध्यक्ष

**किच्छा :** किच्छा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सर्वसम्मति से अग्रवाल महिला समिति की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।


मंजू गोयल।


रितु अग्रवाल।


निधि मित्तल।

इस मौके पर मंजू गोयल को नगर अध्यक्ष, सुमन गर्ग को उपाध्यक्ष, रितु अग्रवाल को महामंत्री एवं निधि मित्तल को कोषाध्यक्ष चुना गया। समिति की प्रदेश अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल की मौजूदगी में अग्रवाल महिला समिति से जुड़ी महिलाओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूल माला पहनाकर उन्हें मनोनयन की बधाई दी।

## दुकानदार के साथ मारपीट तमंचे से फायर भी किया

**बाजपुरः** ग्राम इटव्वा निवासी पप्पू पुत्र भगवान सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र प्रेषित कर कहा है कि वह किराना की दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता है। 6 अप्रैल को वह एक व्यक्ति से दुकान की उधारी के पैसे लेकर ग्राम गोबरा से लौट रहा था। आरोप है कि रंजिशन गऊ घाट के सामने उसे भट्ठा कालोनी पुलिस चौकी कुंडेश्वरी काशीपुर निवासी तीन-चार लोगों ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए केस वापस लेने का दबाव बनाने लगे। इतना ही नहीं आरोपियों ने उनकी बात नहीं मानने पर उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। एक आरोपी ने तमंचे से फायर भी किया जिसमें वह बाल-बाल बच पाया।

## सार-संक्षेप

### छात्रावास में सोलर बैटरियों में आग लगने से हड़कंप

**टनकपुर :** बुधवार को सुबह टनकपुर के कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में सोलर पैनल की बैटरियों में अचानक आग लगने से छात्रावास में हड़कंप मच गया। इस घटना की सूचना मिलने पर अग्निशमन केन्द्र टनकपुर टीम के जवानों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर सोलर पैनल की बैटरियों में लगी आग को बुझाया और छात्रावास में रह रही छात्राओं और स्टाफ को बाहर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। अग्निशमन टीम की त्वरित कार्रवाई से छात्रावास में किसी प्रकार की जान माल की हानि नहीं हुई। अग्निशमन टीम में अमर सिंह अधिकारी, सिपाही वीरेंद्र कुमार, कृष्ण सिंह, त्रिभुवन प्रसाद, रवींद्र कुमार, सुभाष जोशी, अजीत सिंह, मोहित सिंह शामिल रहे।

### शिक्षा से वंचित तीन बच्चों का स्कूल में दाखिला कराया

**बनबसा :** एएचटीयू टीम ने आर्थिक तंगी व अज्ञानता के कारण स्कूल न जाने वाले 3 बच्चों का स्कूल में दाखिला करवाया। एएचटीयू टीम ने किसी भी कारण से स्कूलों से ड्राप आउट हो चुके अथवा स्कूल नहीं जा पा रहे बच्चों को चिन्हित कर उनका ऑपरेशन मुक्ति के तहत स्कूल में दाखिला कराया। साथ ही उनके परिजनों को बच्चों को निरंतर विद्यालय भेजने के लिए जागरूक किया। एएचटीयू टीम के प्रभारी सुरेन्द्र सिंह खड़ायत ने बताया कि शिक्षा से वंचित 46 बच्चों का स्कूल में अभी तक स्कूलों में दाखिला कराया गया है।

### डीएम ने अफसरों से दो दिन में मांगी भूमि की सर्वे रिपोर्ट



पिथौरागढ़ में बहुउद्देश्यीय मैदान के लिए भूमि का निरीक्षण करती डीएम रीना जोशी।

**अल्मोड़ा :** सीमांत जिले पिथौरागढ़ के लिंठूयूड़ा में प्रस्तावित बहुउद्देश्यीय मैदान के निर्माण के लिए प्रशासन ने कवायद तेज कर दी है। बुधवार को जिलाधिकारी रीना जोशी ने प्रस्तावित कार्य हेतु संबंधित भू खंड का जायजा लिया और अधिकारियों को दो दिन के अंदर उसका सर्वे पूरा कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त करते हुए अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने संयुक्त मजिस्ट्रेट, तहसीलदार और अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग को बॉक्सिंग रिंग और लांग टेबिल टेनिस के लिए दो दिनों के अंदर सर्वे कार्य पूरा करने को कहा। उन्होंने कहा कि भूमि के सर्वे के दौरान खेल के सभी मानकों को ध्यान में रखते हुए आवश्यकता के अनुसार भूमि की रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही क्रिकेट, लांग टेनिस व बॉक्सिंग रिंग में आने वाले खिलाड़ियों की प्रत्येक सुविधा का भी विशेष रूप से ख्याल रखा जाए। नगर पालिका के अधिशासी अभियंता को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि मैदान के पास सुव्यवस्थित पार्किंग हेतु डिजाइन समय से तैयार कर लिया जाए। साथ ही मैदान के निकट बह रहे जल स्रोत की मरम्मत भी कराई जाए। निरीक्षण के दौरान सयुंक्त मजिस्ट्रेट आशीष मिश्रा, अधिशासी अभियंता आरडब्लूडी विनोद कुमार जोशी, एई नीरज ओली, तहसीलदार विजय गोस्वामी, अधिशासी अभियंता नगर पालिका राजदेव जायसी समेत अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

### कुमाऊं के पर्यटन और धार्मिक स्थलों का भ्रमण करेंगे सैलानी, पहले दिन मां पूर्णागिरि धाम और नानकमत्ता गुरुद्वारे के किए दर्शन

# पुणे से 280 पर्यटकों को लेकर टनकपुर पहुंची मानसखंड एक्सप्रेस

संवाददाता, टनकपुर



टनकपुर रेलवे स्टेशन पर पुणे से पहुंचे पर्यटकों का किया गया स्वागत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** पुणे से मानसखंड एक्सप्रेस भारत गौरव पर्यटक ट्रेन के टनकपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर पर्यटन विभाग और क्षेत्र के लोगों ने छोलिया नृत्य और फूलमालाओं के साथ ट्रेन से पहुंचे पर्यटकों का जोरदार स्वागत किया।

पुणे से इस ट्रेन में मानसखंड यात्रा पर आए 280 पर्यटक चम्पावत और कुमाऊं के तमाम पर्यटन स्थलों और धार्मिक स्थलों के दीदार करेंगे। यह ट्रेन पुणे से सोमवार 7 बजे चली थी जो बुधवार दोपहर 12 बजे टनकपुर पहुंची। टनकपुर रेलवे स्टेशन पर आरती, टीका, पुष्पवर्षा से पर्यटकों की अगवानी की गई। पर्यटकों को मां पूर्णागिरि धाम और नानकमत्ता गुरुद्वारे के दर्शन कराए गए। चम्पावत के चाय बागान, ऐतिहासिक बालेश्वर महादेव मंदिर, लोहाघाट के अद्वैत आश्रम मायावती के अलावा नैनीताल, भीमताल, अल्मोड़ा, चौकोड़ी, हाट कालिका मंदिर, सूर्य मंदिर कटारमल, कैंची धाम, चितई गोलज्यू देवता मंदिर, जागेश्वर धाम, पाताल भुवनेश्वर मंदिर सहित कई स्थानों का भी पुणे से आए ये पर्यटक भ्रमण करेंगे। पर्यटकों के स्वागत करने में एजुकेटेड टूरिज्म आलोक सिंह परमार, चम्पावत जिला पर्यटन अधिकारी अरविंद गौड़ के अलावा तमाम लोग मौजूद रहे।

इधर जिला पर्यटन अधिकारी अरविंद गौड़ ने बताया कि मानसखंड एक्सप्रेस ट्रेन का सफर नेट 3एसी है। पर्यटकों की सुविधा के लिए एक कूपे में सिर्फ चार बर्थ हैं। ट्रेन के बाहर उत्तराखंड की समृद्ध प्राकृतिक, सांस्कृतिक, स्थापत्य और आध्यात्मिक विरासत उकेरी गई है। पैंट्री कार कोच पर उत्तराखंडी व्यंजनों को दर्शाया गया है। जबकि दूसरे कोच पर राज्य के विभिन्न परिधान पहने हुए लोग हैं। डिब्बों पर विभिन्न मंदिरों और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों को भी दर्शाया गया है। जिला पर्यटन विकास अधिकारी अरविंद गौड़ ने बताया कि पर्यटन विकास परिषद ने रेलवे के साथ इस संबंध में एमओयू किया है। जिसके तहत रेलवे ने प्रति यात्री इस यात्रा के लिए सामान्य श्रेणी में 28020 रुपये और डीलक्स में 34000 रुपये का पैकेज दिया है।

उन्होंने बताया कि मानसखंड मंदिरमाला की अगली यात्रा 9 मई को राजकोट गुजरात से 22 मई को मुंबई से होगी जबकि 7 जून और 21 जून को कोलकाता से यह यात्रा शुरू होगी।

### कॉटेज बनाने के नाम पर ठगी का तीसरा केस दर्ज

**अल्मोड़ा :** तल्ला सल्ट में कॉटेज बनाने के नाम पर ठगी का तीसरा मामला सामने आया है। अब साउथ दिल्ली के एंड्रोगंज डिफेंस कॉलोनी निवासी योगेंद्र कुमार के वाद पर भी न्यायालय ने अभियुक्त के खिलाफ मुकदमे के आदेश जारी किए हैं।

योगेंद्र कुमार ने भी अभियुक्त सनणा निवासी भगवत सिंह पर राजस्व क्षेत्र बड़ैत में भूमि होने और 12.25 लाख रुपये में भूमि की रजिस्ट्री करने और कॉटेज बनाने का आश्वासन देकर पैसे हड़पने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष मदन मोहन जोशी ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। इससे पहले 15 अप्रैल को साउथ दिल्ली के न्यू फ्रेंडस कॉलोनी तैमूरनगर निवासी राजेंद्र कुमार और 21 अप्रैल को नई दिल्ली के लाडोसरॉय निवासी प्रेम सिंह ने सनणा निवासी भगवत सिंह पर फर्जी जमीन की रजिस्ट्री कराने और कॉटेज बनाने के नाम पर ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# ट्रक खाई में गिरने से एक की मौत, दूसरा घायल

### बुधवार सुबह भतरौजखान के पास हुआ हादसा, दमकल विभाग की टीम ने किया घायल का रेस्क्यू

- रामपुर यूपी के रहने वाले हैं मृतक व घायल
- गहरी खाई में गिरने से ट्रक के उड़े परखच्चे

संवाददाता, रानीखेत



दुर्घटना में घायल हुए युवक को खाई से निकालते अग्निशमन दस्ते के जवान।

**अमृत विचार :** बुधवार सुबह भतरौजखान के पास एक ट्रक खाई में गिर जाने से ट्रक में सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। बुधवार सुबह फायर स्टेशन रानीखेत को सूचना मिली कि सोनी डाट से आगे भतरौजखान की ओर एक ट्रक खाई में गिर गया है। जिसमें कुछ लोग फंसे हुए हैं।

सूचना पर फायर स्टेशन रानीखेत से रेस्क्यू टीम तुरंत घटनास्थल पहुंची लेकिन तब तक मटालूब निवासी दड़ियाल जिला रामपुर की मौत हो चुकी थी। टीम ने ट्रक संख्या यूपी 21सीटी 4709 में फंसे तौफिक निवासी नगरिया जिला रामपुर उत्तर प्रदेश को निकालकर बमुश्किल सड़क तक पहुंचाया। पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से हॉस्पिटल भेजा। रेस्क्यू टीम में नरेश जोशी, अनुज शर्मा, चंदन राय, देवेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

### पैदल जा रहे ग्रामीण की लधिया नदी में गिरने से मौत

**टनकपुर :** जिले के दुधौरी गांव में पहाड़ी रास्ते से पांव फिसल जाने के कारण एक ग्रामीण नदी में जा गिरा। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बुड़म गांव का रहने वाला यह व्यक्ति अपने रिश्तेदार के घर शादी में आया था। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक बुड़म निवासी अर्जुन सिंह (40) पुत्र पान सिंह अपने रिश्तेदार की शादी में शिरकत करने के लिए दुधौरी गांव आया था। ग्राम प्रधान दीवान सिंह ने बताया कि बुधवार को वापस अपने गांव बुड़म जाते वक्त अर्जुन का पहाड़ी से पांव फिसल गया और वह नीचे लधिया नदी में गिर गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अर्जुन सिंह के चार बच्चे हैं। चल्थी पुलिस चौकी के प्रभारी निर्मल लटवाल ने बताया कि पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

### द्वाराहाट थाने में तैनात कांस्टेबल नवीन कन्याल का निधन

**रानीखेत :** द्वाराहाट थाने में तैनात कांस्टेबल नवीन कन्याल (46 वर्ष) अपने आवास पर मृत मिले। जानकारी मिलने पर द्वाराहाट पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रानीखेत भेजा। पोस्टमार्टम के बाद रानीखेत कोतवाली में पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा, सीओ विमल प्रसाद, कोतवाल अशोक धनखड़, अवनीश कुमार व जवानों ने दिवंगत कांस्टेबल को अंतिम सलामी दी। तत्पश्चात शव उनके पैतृक गांव डीडीहाट भेजा गया। थाना रानीखेत के अनुसार नवीन कन्याल थाना द्वाराहाट में कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। विगत रात्रि अचानक उनका स्वास्थ्य खराब हो गया। सुबह वह अपने कमरे में मृत पाए गए। मृतक नवीन कन्याल मूल रूप से डीडीहाट के रहने वाले थे। वर्तमान में उनकी पत्नी, बेटा और बेटी काशीपुर में रहते हैं।

# पेयजल के लिए अल्मोड़ा के गांवों में मची त्राहि-त्राहि

- विवाह समारोहों के चलते बढ़ गई लोगों की दिक्कतें

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिला मुख्यालय समेत जिले के ग्रामीण इलाकों में एक महीने से पेयजल की किल्लत बनी हुई है। करोड़ों रुपये की पेयजल योजनाएं सफेद हाथी साबित हो रही है। इन योजनाओं से लोगों को एक बाल्टी पानी तक पानी नहीं मिल रहा है। पेयजल की सबसे अधिक किल्लत का सामना जिले के ग्रामीण इलाकों के लोगों को करना पड़ रहा है। जिले के डोटियाल, रथखाल, सदरा, झिमार, पैंसिया, जालीखान, मौलेखाल, हिनौला, रींची, भतरौंजखान, लमगड़ा, चायखान, सकला, मेरगांव, बख, चौड़ा, डीनापानी, भैंसियाछाना, दन्या, हुना, उड़ियारी, चौखुटिया आदि क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से पेयजल की भारी किल्लत बनी हुई है। स्थानीय लोग आसपास के नदी धारों से पानी ढो रहे हैं। जिसमें उनका पूरा दिन व्यतीत हो जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि भीषण गर्मी के बीच विवाह समारोहों का सीजन होने के कारण इन दिनों पानी की खपत अधिक है। लेकिन विभाग ग्रामीणों को जरूरत के मुताबिक पानी तक मुहैया नहीं करा पा रहा है।



अल्मोड़ा के रींची इलाके में सिर पर पीने का पानी ढोतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# सभी को कराएं माता के दर्शन

- एडीएम ने पूर्णागिरि मेले की व्यवस्थाओं की समीक्षा की

संवाददाता, टनकपुर



चम्पावत जिला सभागार में बैठक लेते एडीएम हेमंत कुमार वर्मा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सुप्रसिद्ध मां पूर्णागिरि धाम मेले की व्यवस्थाओं को लेकर अपर जिलाधिकारी हेमंत कुमार वर्मा ने विभिन्न विभागों के साथ समीक्षा बैठक ली।

चम्पावत जिला सभागार कार्यालय में आयोजित बैठक में अपर जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं के लिए आवास, बिजली, पानी, शौचालय, साफ सफाई, पार्किंग, यातायात तथा सुरक्षा आदि व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आने वाले श्रद्धालुओं को मां पूर्णागिरि के दर्शन आसानी से हों, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि ककरालीगेट से मां पूर्णागिरि धाम तक सभी व्यवस्थाएं बेहतर होनी चाहिए। जिला पंचायत द्वारा बताया गया कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के रुकने के लिए ठूलीगाड़, भैरव मंदिर तथा काली मंदिर के पास टीन शेड तथा ठूलीगाड़ के पास 200 व्यक्तियों की क्षमता वाले 2 रैन बसेरे बनाए गए हैं। जल संस्थान ने बताया कि मेला परिक्षेत्र में 2 हैंडपंप 6 हैंड पोस्ट के अतिरिक्त दो पेयजल टैंकर आदि की व्यवस्था की गई है। सहायक मेला अधिकारी ने बताया कि मेला परिक्षेत्र में सफाई के लिए लगभग 80 सफाई कर्मचारी लगाए गए हैं। चिकित्सा विभाग से आए डॉ. कुलदीप यादव ने बताया कि ठूलीगाड़, काली मंदिर तथा भैरव मंदिर में स्वास्थ्य टीमें तैनात की गई है। इसके अतिरिक्त टुन्यास में आयुर्वेदिक डॉक्टर की तैनाती की गई है।

# पर्यावरण बचाने के लिए सभी को आना होगा आगे

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** पर्यावरण संरक्षण के लिए उत्तराखंड यूथ नेटवर्क ने जागेश्वर क्षेत्र से वॉयस फॉर ग्रीन अर्थ की शुरूआत कर दी है। अभियान के पहले दिन संगठन के सदस्यों ने जागेश्वर क्षेत्र में देवदार के घने जंगलों को बचाने के लिए क्षेत्रीय लोगों को जागरूक किया।

संगठन के सदस्यों ने ग्रामीणों से कहा कि पर्यावरण का संरक्षण प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। इसलिए इसके सभी को मिलजुल कर साझा प्रयास करने होंगे। अभियान के दौरान संगठन के सदस्यों ने देवदार के पेड़ों में मित्रता सूत्र बांधा और स्थानीय लोगों से वृक्ष मित्र अभियान का शपथ पत्र भी भरवाया।

राज्य संयोजक भारती पांडे ने कहा कि वनों और पेड़ों से उत्तराखंड की जनता का आत्मीय लगाव रहा है। जंगलों और पेड़ों को बचाने के लिए यहां के लोग चिपको आंदोलन जैसे कई ऐतिहासिक आंदोलनों में अपनी भागीदारी कर चुके हैं।

## वर्ग पहेली-50

**बाएं से दाएं**

4.1. बल, शक्ति 2. ज़ोर 3. सामर्थ्य।

6.1. भलीभांति, भरपूर, पूरी तरह से, परिपूर्ण 2. अघाया हुआ, संतुष्ट।

9. बहुत दुबला-पतला, जिसके शरीर में हड्डियां ही रह गई हों।

10. शिव के सिर पर विराजमान गंगा।

**ऊपर से नीचे**

1.1. किसी बात का पता लगाने के लिए लोगों से प्रश्न करना या पूछना 2. ख़ोजबीन करना 3. मालूमात के लिए सवाल-जवाब करना; (इनक्वाइरी)।

2.1. कांपता हुआ 2. व्याकुल 3. क्षुब्ध।

3.1. कलौंछ 2. वह काला अंश जो धुएं के जमने से बन जाता है, कालिख।

5.1. हिंदी वर्णमाला में 'क' से 'ह' तक के वर्णों का समूह 2. बारहखड़ी 3. वर्णमाला 4. किसी विषय का आरंभिक या ज़रूरी ज्ञान।

7.1. महान या उच्च आशय और विचारों वाला व्यक्ति 2. आदर्श व्यक्ति, सज्जन 3. समुद्र, सागर।

8.1. मोहित करने की शक्ति, माया या जादू 2. वशीकरण 3. सुंदर स्त्री 4. मोहक प्रभाव 5. पोई का साग 6. एक तरह की जूही।



### वर्ग पहेली -49 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 छ | | | | 2 चुँ |
| 3 भाँ | 4 प | ना | | 5 ध | | द |
| | रि | | 6 क | म | ज़ो | री |
| 7 अ | व | न | म | न | | |
| | ह | | ठी | | 8 दं | |
| 9 सि | न | क | | | भ | |
| | | | 10 ल | प | क | ना |

## सुडोकू-129

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | 1 | | |
| 4 | | 7 | | | | | | |
| 9 | | | | | 5 | 8 | | |
| | | | | | 9 | | 7 | |
| 2 | | | | | | | | 5 |
| | 3 | | | | | | | |
| | | 2 | 1 | | | | | 3 |
| | | | | | 7 | 6 | | 4 |
| 5 | | | | 3 | | | | |

### सुडोकू -128 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 6 | 5 | 3 | 2 |
| 2 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 4 | 7 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 3 | 9 | 7 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 |
| 5 | 2 | 8 | 1 | 6 | 3 | 9 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 8 | 2 | 6 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 अप्रैल गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 06.45 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-विशाखा 26 अप्रैल 02.24 तक तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष:** आज घर की साज-सजावट में आप काफी ध्यान देंगे। मेहनत के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पारिवारिक तनाव दूर होगा। विद्यार्थियों को शिक्षा के उत्तम अवसर प्राप्त होंगे।

**वृष:** आज जीवनसाथी के साथ चर्चा करने से काफी समस्याओं का समाधान हो जायेगा। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निवारण होगा। बेवजह की बातों को तूल देने से बचें। आपके काम में स्थिरता बनी रहेगी। शत्रु पक्ष आपका नुकसान पहुंचाने को लेकर तत्पर रहेगा।

**मिथुन:** आज प्राइवेट नौकरी कर रहे लोगों के ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है। लेकिन शाम के समय आप मनोरञ्जन में बितायेंगे। प्रेम संबंधों में थोड़ी सावधानी रखें। आपकी लापरवाही बड़ी परेशानी को आमंत्रण दे सकती है।

**कर्क:** आज नवीन कार्य योजना बनाने से पहले अनुभवी लोगों की सलाह अवश्य ले लें। कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारियों का दबाव बढ़ सकता है। रक्तचाप के रोगियों को तनाव से बचना चाहिए। विरोधी आपकी छवि को बिगाड़ने में लगे रहेंगे। कुसंगति से आपको बचना चाहिए।

**सिंह:** आज आपकी जीवनशैली काफी अनुशासित रहेगी। किसी महत्वपूर्ण मीटिंग को लेकर योजना बना सकते हैं। धन को लेकर समस्या का समाधान हो जायेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए काफी बेहतरीन है।

**कन्या:** आज कार्यक्षेत्र में आलस्य का अनुभव करेंगे। नई विधा सीखने के लिए तत्पर रहेंगे। बच्चे पढ़ाई को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। दिन भर की थकान दूर होगी। आपका खोया हुआ आत्मविश्वास जागृत होगा। दूसरों के मामले में अपनी सलाह सोच-समझकर दें।

**तुला:** आज कार्यक्षेत्र में अपने संसाधनों का सार्थक सदुपयोग करने के कारण आपको लाभ मिलेगा। बच्चे अपने करियर को लेकर थोड़े भ्रमित हो सकते हैं। प्रेमी जन के साथ कहीं घूमने की योजना बना सकते हैं। दिन की शुरुआत में काम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक:** आज अनावश्यक विवादों से दूर रहें। विदेश में रहने वाले लोगों को धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। अपने नकारात्मक पक्ष को समझे और उसे नियंत्रित करने का प्रयास करें। बिना मांगी सलाह देने के कारण अपमानित होना पड़ सकता है।

**धनु:** आज कोर्ट-कचहरी के मामलों में निर्णय आपके पक्ष में आ सकता है। वैवाहिक जीवन का भरपूर आनन्द लेंगे। घर की साज-सजावट का पूरा ध्यान रखेंगे। कारोबार में बड़ा लाभ मिलने की सम्भावना बन रही है।

**मकर:** आज जीवनसाथी के साथ अनबन दूर होगी। आपके काम में स्थिरता रहेगी। व्यावसायिक यात्रा से आपको लाभ मिलेगा। रिश्तों के बीच बढ़ रही दूरियाँ दूर होंगी। अपनी योग्यता के अनुरूप काम करके आत्म सन्तुष्टि का अनुभव करेंगे।

**कुंभ:** आज स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। गूढ़ विद्या के प्रति आकर्षित रहेंगे। परिजनों के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं। अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें। छोटी-छोटी बातों पर त्वरित प्रतिक्रिया आपकी छवि के लिए नुकसानदेह हो सकती है।

**मीन:** आज आपको कुछ विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। व्यवहारिक बने रहें अन्यथा आप गलत निर्णय ले सकते हैं। अपनी इच्छाओं को दूसरों पर लादने का प्रयास न करें। बदलते मौसम को लेकर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- शादी में जरूर आना — सुबह : 10.56
- धड़कन — रात : 08.44

**&pictures**
- पार्टनर — सुबह : 11.01
- इंग्लिश विंग्लिश — रात : 08.00

**Sony Pix**
- रश आर 3 — सुबह : 09.30
- ब्राइटबर्न — रात : 07.30

**Zee Cinema**
- ट्रफिक सिग्नल — सुबह : 08.35
- त्रिशुल — शाम : 06.00

**Colors Cineplex**
- वन फ्राईडे नाइट — सुबह : 08.23
- चमत्कार — शाम : 05.52

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर पर रात :08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पहला दोस्त– यार कल तो तू बहुत मायूस था आज इतना खुश कैसे है?
दूसरा दोस्त– कल मेरी बीवी ने 7 हजार की साड़ी खरीद ली थी
पहला दोस्त– अच्छा आज इतना खुश क्यों है उसने साड़ी वापिस कर दी क्या ?
दूसरा दोस्त– नहीं यार मेरी पत्नी वही साड़ी पहनकर तेरी पत्नी से मिलने आ रही है।

चिंटू– अगर कोई गलती हो जाए तो पता है क्या करना चाहिए?
पिंटू– क्या...?
चिंटू– शांति से बैठकर सोचना चाहिए कि नाम किसका लगाना है।

प्रियो भवति दानेन प्रियवादेन चापर :।
मन्त्रमूलबलेनान्यो य : प्रिय : प्रिय एव स : ॥

कोई पुरुष दान देकर प्रिय होता है, कोई मीठा बोलकर प्रिय होता है, कोई अपनी बुद्धिमानी से प्रिय होता है ; लेकिन जो वास्तव में प्रिय होता है ,वह बिना प्रयास के प्रिय होता है।

## संपादकीय

# वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा

सेंट पीटर्सबर्ग में एक कार्यक्रम में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को कहा कि अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद 21वीं सदी के सबसे गंभीर खतरों में से एक बना हुआ है। वास्तव में अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद वैश्विक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण खतरा है जिसे जल्द से जल्द हल करने की आवश्यकता है। विश्व राजनीति आज तेजी से आतंकवाद की चपेट में आ रही है। इंटरनेट और सोशल मीडिया समाज को अस्थिर करने के लिए दुष्प्रचार, कट्टरपंथ और साजिश के सिद्धांत फैलाने के लिए आतंकवादियों और आतंकवादी संगठनों के उपकरण बन गए हैं। सवाल है कि 21वीं सदी में लोकतंत्र, सुशासन, विकास और राष्ट्रों की सुरक्षा के लिए उभरते आतंकवाद के खतरे के बारे में क्या किया जाना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं है कि आतंकवाद की घटनाएं न्याय, लोकतंत्र, सार्वजनिक जवाबदेही, राष्ट्रीय संसाधनों के वितरण और जातीय सहिष्णुता, धार्मिक सहिष्णुता और इसी तरह सत्ता साझा करने के मुद्दों पर बढ़ते समकालीन संघर्षों के साथ बढ़ेंगी। साथ ही सुरक्षा मामलों के लिए जिम्मेदार उच्चस्तरीय अधिकारियों की 12वीं अंतर्राष्ट्रीय बैठक में भाग लेते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा कि भारत आतंकवादियों और अपराधियों द्वारा सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग तथा आतंकवाद के वित्तपोषण को रोकने के लिए सहयोग जारी रखेगा। उन्होंने सूचना सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक खुले, स्थिर, सुरक्षित, विश्वसनीय और समावेशी ढांचे के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का आह्वान किया।

इस तरह के सहयोग की रूपरेखा में महत्वपूर्ण मुद्दों पर आम समझ विकसित करने में मदद के लिए सरकारों से लेकर निजी क्षेत्र, शिक्षा जगत, तकनीकी समुदायों और सिविल सोसायटी तक सभी हितधारक और नियमित संस्थागत संवाद शामिल हैं। उन्होंने कहा कि उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए सुरक्षा मानकों के विकास के माध्यम से समान विचारधारा वाले देशों की क्षमता निर्माण और घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सहयोग के लिए तंत्र का निर्माण भी ऐसे सहयोग का हिस्सा होना चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद के मामले में, प्रासंगिक संधि प्रावधानों का पालन किया जाना चाहिए। साइबर अपराध पर संयुक्त राष्ट्र का समझौता अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण पहल होगा। सूचना सुरक्षा सुनिश्चित करने और विश्वसनीय व समावेशी ढांचा बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की जरूरत है। सरकारों और समाज को हमेशा आतंकवाद की प्रत्येक घटना का अध्ययन करने और उचित समाधान लागू करने की आवश्यकता है, क्योंकि कहा जाता है कि रोकथाम इलाज से बेहतर है। डिजिटल आतंकवाद की चुनौती को विफल करने के लिए इस खतरे के बारे में सामाजिक जागरूकता भी आवश्यक है।

# अस्सी के बाद सत्तर के फेर में भाजपा



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

पार्टी इस सच को महसूस कर रही है कि मतदाताओं में मतदान का उत्साह ना होना उसके लिए घातक हो सकता है। पिछले दस वर्ष का रिकार्ड देखिए तो कई चुनावों में जितना–जितना वोट प्रतिशत बढ़ा है उसी अनुपात से भाजपा की सीटों में इजाफा हुआ है। विशेषकर यूपी मे बढ़ते वोटिंग का ग्राफ हिन्दुत्व की लहर और ध्रुवीकरण के संकेत देती रही है।

पहले चरण के चुनाव में मतदाताओं का उत्साह ना देख भाजपा में बेचैनी लाजमी है। खासकर यूपी मे अस्सी की अस्सी सीटें जीतने का लक्ष्य असंभव सा दिख रहा, ऐसे में पिछले लोकसभा चुनाव में जीती 64 सीटें बचाने के लिए पार्टी चुनावी रणनीति को नई धार देने में जुट गई है।

पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के पुराने बयान में मिर्च-मसाला लगाकर एक चुनावी जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विवादित संबोधन इसकी बानगी है। भाजपा के सबसे बड़े नेता और पीएम के इस बयान को ध्रुवीकरण की कोशिश माना जा रहा है। अंदरखाने की खबरों को मानें तो भाजपा ने यूपी में अस्सी की आस छोड़कर 65-70 का लक्ष्य तय करके अपनी जीती सीटों की संख्या को बर्करार रखने के लिए संगठन, कार्यकर्ताओं और पन्ना प्रमुखों को कुछ नए दिशा निर्देश दिए हैं। खासकर इस बात पर जोर दिया गया है कि दूसरे चरण के चुनाव से सत्तर प्लस प्रतिशत वोटिंग हो। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए बूथ संभालने वाले नेताओं-कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए आम जनमानस को वोट डालने के लिए प्रेरित और जागरूक करने की हिदायत दी गई है। भाजपा के यूपी संगठन को ये जिम्मेदारी दी गई है कि हर एक कार्यकर्ता दस मतदाताओं को मतदान के लिए घर से बाहर निकालने का लक्ष्य हासिल करे।

पार्टी इस सच को महसूस कर रही है कि मतदाताओं में मतदान का उत्साह ना होना उसके लिए घातक हो सकता है। पिछले दस वर्ष का रिकार्ड देखिए तो कई चुनावों में जितना-जितना वोट प्रतिशत बढ़ा है उसी अनुपात से भाजपा की सीटों में इजाफा हुआ है। विशेषकर यूपी मे बढ़ते वोटिंग का ग्राफ हिन्दुत्व की लहर और ध्रुवीकरण के संकेत देती रही है।

लोकसभा चुनाव शुरू होने से पहले पूरी तरह से देश में भाजपा के पक्ष में माहौल दिख रहा था। पहले चरण में वोट प्रतिशत गिरने के बाद लगने लगा कि देश की जनता इतनी भगवामय नहीं है जितना माना जा रहा था। बताते चलें कि विभिन्न टीवी चैनलों और सर्वे एजेंसियों ने भी ओपिनियन पोल में भाजपा को भारी बहुमत से जीतने और अपने लक्ष्य के करीब होने की संभावना जताई थी।



इंडिया गठबंधन की बुनियाद रखने वाले और देशभर के विपक्षी दलों को एकजुट करने की कवायद में आगे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पलट कर एनडीए का हिस्सा बनने से लेकर पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस का अकेले लड़ना। पंजाब में कांग्रेस और आप का अलगाव, रालोद के जयंत चौधरी का एनडीए में चला जाना, अपना दल (कमेरावादी) की पल्लवी पटेल द्वारा असदुद्दीन ओवेसी की एआईएमआईएम के साथ चुनाव लड़ने का फैसला.. जैसे बिखराव के बाद विपक्षी खेमा एनडीए के आगे बौना लग रहा था। किंतु यूपी में इंडिया गठबंधन खास कर सपा ने बेहद कम मुस्लिम और अधिक पिछड़ों को टिकट देकर चुनाव को जातिगत बनाने की रणनीति तय की, और ध्रुवीकरण के रास्ते बंद करने का रणनीति तय की।

चुनावी आग़ाज़ में ही यूपी-बिहार जैसी हिन्दी पट्टी में भी कम वोट पड़ना और भी घातक है। क्योंकि उत्तर भारत का जनाधार भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। दक्षिण में जो नुकसान होता है उत्तर उसे कवर कर लेता है। खासकर योगी के सुरक्षा का बुल्डोजर मॉडल, राममंदिर की उपलब्धि, प्राण प्रतिष्ठा का भव्य-दिव्य कार्यक्रम और काशी-मथुरा वाले यूपी से तो बहुत ज्यादा उम्मीद है। यहां पश्चिमी उत्तर प्रदेश से चुनाव का आरंभ हुआ। अस्सी की अस्सी सीटें जीतने के लक्ष्य वाली भाजपा को अनुमान था कि यहां बंपर वोटिंग के साथ भगवा के प्रति उत्साह दिखेगा। अतीत में जाइए तो मुजफ्फरनगर के सांप्रदायिक दंगे और कैराना में पलायन की खबरों के बाद भाजपा को अप्रत्याशित लाभ हुआ था। किसानों और जाट समाज के इस गढ़ में मुस्लिम समाज की भी बड़ी तादाद है। दस वर्ष पूर्व यहां से शुरू हुआ ध्रुवीकरण पूरे यूपी में और फिर देश के कई राज्यों में फैल गया था। 2024 में उम्मीद और भी बढ़ गई। राम मंदिर का मिशन पूरा होने की सफलता के बाद काशी-मथुरा ने हिंदुत्व की लहर और ध्रुवीकरण की आशा बढ़ा दी। साथ काफी समय के बाद भाजपा की ताकत में चार चांद लगाने के लिए किसान और जाट समाज में पकड़ रखने वाले राष्ट्रीय लोकदल के जयंत चौधरी एनडीए का हिस्सा बन गए हैं। यही सब कारण भाजपा का पलड़ा भारी होने के संकेत दे रहे थे।

इंडिया गठबंधन की बुनियाद रखने वाले और देशभर के विपक्षी दलों को एकजुट करने की कवायद में आगे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पलट कर एनडीए का हिस्सा बनने से लेकर पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस का अकेले लड़ना। पंजाब में कांग्रेस और आप का अलगाव, रालोद के जयंत चौधरी का एनडीए में चला जाना, अपना दल (कमेरावादी) की पल्लवी पटेल द्वारा असदुद्दीन ओवेसी की एआईएमआईएम के साथ चुनाव लड़ने का फैसला.. जैसे बिखराव के बाद विपक्षी खेमा एनडीए के आगे बौना लग रहा था। किंतु यूपी में इंडिया गठबंधन खास कर सपा ने बेहद कम मुस्लिम और अधिक पिछड़ों को टिकट देकर चुनाव को जातिगत बनाने की रणनीति तय की, और ध्रुवीकरण के रास्ते बंद करने का रणनीति तय की। इधर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ऐन चुनाव से पहले क्षत्रिय समाज द्वारा पंचायत कर भाजपा पर अनदेखी का आरोप लगाकर विपक्ष द्वारा जाति की राजनीति की मंशा को हवा दे दी। और फिर सैनी समाज, त्यागी समाज और अन्य जातियों की भी सत्तारूढ़ दल से नाराजगी की थोड़ी बहुत सुगबुगाहट नजर आने लगी। दूसरी तरफ हाशिए पर पड़ी बसपा भी मौजूदा चुनाव में मजबूती से लड़ती नजर आ रही। राजनीति परिपक्वता दिखाते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस बार टिकट वितरण में ना सिर्फ सपा-कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) को ही घेरा बल्कि भाजपा की भी मुश्किल बढ़ा दी। इस तरह बी टीम की तोहमत से बच कर बसपा अपना पारंपरिक वोट बैंक वापस लाने में हर संभव प्रयास कर रही है। ये कोशिश भी भाजपा भी भाजपा के माथे पर पसीना ला सकती है।

कुल मिलाकर पहले चरण के बाद भी यदि इस गर्मी में भी हिन्दुत्व एवं ध्रुवीकरण में गर्मी पैदा नहीं हुई और चुनाव माहौल ठंडा ही रहा, वोट प्रतिशत नही बढ़ा, प्रधानमंत्री के बयान से भी ध्रुवीकरण नहीं हुआ और जाति की राजनीति का असर फिर दिखाई दिया ये तो ये चुनाव एक तरफा नहीं बल्कि आमने-सामने का होगा।

## प्रसंगवश

# इस बार का सन्नाटा

सन 1951, मुझे अपने बचपन की याद है, जब किशोरी रमन कॉलेज की फील्ड में पंडित जवाहरलाल नेहरू आए थे। गली मोहल्ले के नर नारी टोल के टोल बना कर बड़े चाव से वहां पंहुचे थे। मेरी बुआ मुझे अपने साथ ले गई थी वहां मैंने अपने मोहल्ले के गोविंद रसिकजी को पहचान लिया था। गोविंद रसिक जी ने हम लोगों को मंच के नीचे बैठा दिया था और कुछ तो समझ में आना ही नहीं था किंतु वहां से मैंने जवाहरलाल नेहरू को देखा और इतनी बड़ी सभा पहली बार देखी।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यह भारत के जनतंत्र का पहला चुनाव था। तब से लेकर अब तक जितने भी चुनाव हुए हैं, वे सब मेरी यादों में हैं। मैं बालक ही था, जब अटलजी मथुरा से चुनाव लड़े थे। शरद नामका मेरा सहपाठी मुझे बतलाया करता था कि कौन सी पार्टी अच्छी है। मोहल्लों में तान के अखाड़े खड़े होते थे और बाजार में डंडे शाही निकलती थी। एक लाइन याद है, पता नहीं, वह कौन से प्रत्याशी की ओर से गाई गई थी-पक्का इरादा कर के अखाड़े में कूदे हैं कस के लंगोट।/ हिम्मत से सब को हरा के दिखा देंगे आवेगी जो कोई जोट।

पार्टी में तो किसी में गया नहीं, गृहस्थी का भार था, किंतु बालकपन से लेकर अब तक जनतंत्र की इस प्रक्रिया का साक्षी जरूर रहा। जनता पार्टी बनी थी, तब राम राम की जगह जय जनता की, अभिवादन पद बन गया था। लोग मिलते थे, जय जनता की।

सन 2024 के चुनाव को भी देख रहा हूं। आज भरोसा कोई करे भी तो किस पर करे? बात तो ठीक है, सबको देख लिया है। किंतु समष्टिभाव और समष्टि प्रक्रिया पर तो विश्वास है ही। इसलिए सोच लेता हूं कि जो भी होगा, अच्छा ही होगा। लेकिन एक अंतर देख रहा हूं। अबकी बार लोग चुप हैं। मीडिया में जो कोलाहल हो रहा है, उसे तो सभी देख ही रहे हैं। लेकिन गली मोहल्ले में, पार्क में लोग मिलते तो हैं, लेकिन खुल कर कुछ भी नहीं कहते। वह चख-चख जो घर के चबूतरे पर ही हो जाती थी, कॉलोनी के दस नर नारी ठुरक कर अपनी बात कह कर जाते थे, अबकी बार कहां है? पार्टी जन की बात नहीं कर रहा, लेकिन लोकसभा के चुनाव में ऐसा सन्नाटा पहली बार देख रहा हूं।

# 'छिपा पाठ्यक्रम' और उसमें निहित संदेश

'रिक्शा चालक की बेटी बनी टॉपर, 'मज़दूर का बच्चा विद्यालय में अव्वल, 'किसान के बेटे ने गणित में पाए सौ में सौ' जैसे कितने ही शीर्षक किसी भी परीक्षा का परिणाम आने पर हम सबकी निगाहों से गुज़रते हैं। इनका निहितार्थ किसी विषम अथवा चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में अर्जित की गई सफलता के प्रति पाठकों का ध्यान आकृष्ट करना होता है। लेकिन इनमें अनचाहे रूप से एक दूसरा संदेश भी छिपा रहता है कि अमुक पेशा, व्यवसाय या परिस्थिति में उक्त सफलता अनपेक्षित है। यह संदेश प्रायः अनचाहे या अनपेक्षित होते हैं जो छिपे पाठ्यक्रम (हिडन करिकुलम) का हिस्सा होते हैं।

नब्बे के दशक के अंतिम बरसों में उत्तर प्रदेश में प्रारंभिक स्तरीय पाठ्य पुस्तकों की समीक्षा, संशोधन व परिवर्धन का कार्य संचालित था। उन्हीं दिनों समीक्षा के दौरान यह बिंदु उभर कर आया कि पाठ्य सामग्रियों में कई अंश छिपे पाठ्यक्रम (हिडन करिकुलम)की तरह मौजूद हैं जो पठन-पाठन के समय अनचाहा संदेश दे सकते हैं। ऐसे कई अंश वाक्यों के रूप में भी थे, जैसे- 'वह महिला होते हुए भी बहादुर थी, 'वह गरीब होते हुए भी ईमानदार था' या कि 'वह सेठ होते हुए भी दयालु था'

औपचारिक एवं अनौपचारिक चर्चा-वार्ताओं में मौजूद इस प्रकार की धारणाएं प्रायः 'हिडन करिकुलम' की तरह समाज में प्रसारित होती रहती हैं और इनका प्रयोग विभिन्न शब्दावलियों, वाक्य-विन्यासों और देहभाषाओं के रूप में प्रचलित होता जाता है। बहुधा इन धारणाओं के मूल में नकारात्मक पूर्वाग्रह अधिक होते हैं।

अपवाद स्वरूप ही सही, यह पूर्वाग्रही धारणाएं कतिपय कक्षाओं में भी पहुंचती हैं। जहां परस्पर



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

विद्यालय स्तर पर, विशेषकर सह शिक्षा वाले विद्यालयों में दिए जाने वाले निर्देशों में जेंडर विभेद अक्सर पाया जाता है। जैसे छात्राओं को ' बेटा ' कहकर संबोधित करना।

विद्यालयीय क्रियाकलापों में कदाचित, 'तुम क्या पढ़ोगे, एकदम गदहा हो' से लेकर पुश्तैनी काम - धंधों पर टिप्पणी जैसे वाक्यों का प्रयोग सामने आता है। पाठ्यवस्तु में भी यदा-कदा इस प्रकार के अंशों के होने से बच्चों के व्यक्तित्व पर इनका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है जो उनके विद्यालय से पलायन का बड़ा कारण बन जाता है। इसलिए आवश्यक है कि इस 'हिडन करिकुलम' पर विद्यालय स्तर से ही विशेष ध्यान दिया जाए।

प्रतिभा किसी क्षेत्र, वर्ण अथवा संप्रदाय विशेष की पूंजी नहीं होती बल्कि सहज रूप से हर बच्चे में मौजूद होती है। हां, यह ज़रूर है कि सीखने -सिखाने की अनुकूल परिस्थितियां एवं एक्सपोज़र उसे तराशने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। स्वाभाविक ही है कि प्रतिभा को तराशने की इस प्रक्रिया का प्रमुख केंद्र विद्यालय ही होते हैं। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि विद्यालय से जुड़ा हर घटक यह सुनिश्चित करे कि बच्चे बिना किसी आरोपित आग्रह या पूर्वाग्रह के अपनी स्वाभाविक गति से आगे बढ़ें।

इसके लिए सबसे ज़रूरी यह है कि विभिन्न क्रियाकलापों के दौरान दिए जा रहे निर्देशों, चर्चा -परिचर्चा, प्रस्तुतीकरण तथा परस्पर संवाद की भाषाशैली और भाव-भंगिमाओं पर विशेष ध्यान दिया जाय। ऐसी किसी भी शब्दावली, संकेत या भाव-भंगिमा का प्रयोग न किया जाय जिसका निहितार्थ प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से बच्चे की निजता को ठेस पहुंचाए या उसे हतोत्साहित करे। किसी भी बच्चे के जीवन को आकार देने में भाषा विशेष भूमिका निभाती है। अतः यह आवश्यक है कि हमारी सामान्य बातचीत या संवाद के दौरान ऐसी शब्दावली या वाक्यों का प्रयोग न हो जिनमें अनचाहे संदेश छिपे हों।

विद्यालय स्तर पर, विशेषकर सह शिक्षा वाले विद्यालयों में दिए जाने वाले निर्देशों में जेंडर विभेद अक्सर पाया जाता है। छात्राओं को 'बेटा' कहकर संबोधित करना, निर्देशों का अधिकांशतः पुल्लिंग शब्दों में होना जैसी स्थितियां सामान्य मानी जाती हैं। विद्यालयीय क्रियाकलाप किसी न किसी लिखित औपचारिक पाठ्यक्रम का अंग होते हैं। जिसके क्रम में विद्यार्थी सीखने के विभिन्न अनुभवों द्वारा अपने ज्ञान का निर्माण करते हैं। छिपा हुआ पाठ्यक्रम ( हिडन करिकुलम) स्कूली पाठ्यचर्या का वह अलिखित, अनौपचारिक और बहुधा अनपेक्षित हिस्सा होता है जिसे बच्चे औपचारिक पाठ्यक्रम के साथ साथ ग्रहण करते रहते हैं। यह हिस्सा सकारात्मक भी हो सकता है और नकारात्मक भी। पर यह तब चिंताजनक हो जाता है जब इसके निहितार्थ नकारात्मक होते हैं और बच्चे के व्यक्तित्व पर अवांछित असर डालते हैं। विद्यालय वह उचित प्लेटफ़ॉर्म है जहां इसके नकारात्मक पक्षों को कम या दूर किया जा सकता है। अतः आवश्यक है विद्यालयीय व्यवस्था से जुड़े समस्त हितधारक इस ओर विशेष ध्यान दें।

## सोशल फोरम

# ब्रांडेड जमाना

फ़िल्म थ्री इडियट का एक दृश्य है जिसमे आमिर खान करीना कपूर के भावी पति के बारे में करीना से कहता है कि उसके पति को अपनी घड़ी और जूतों पर बड़ा गुमान है। और उनको लेकर वह थोड़ा दिखावा करता है। और एक घटना से वो इसे साबित भी कर देता है।

आजकल जब कुछ लोगों को देखता हूं तो वो मुझे करीना के पति समान दिखते हैं। चलते फिरते ब्रांडेड शोरूम। सर से लेकर पैर तक पूरे ब्रांडेड। इधर बड़े अजीब अजीब से समाचार पढ़ने को मिलते हैं। एक सीजन में कोई खिलाड़ी हिट हुआ या किसी एक्टर की एकाध फ़िल्म हिट हो गई तो चार पांच सौ करोड़ उसकी नेटवर्थ तो यूं ही हो जाती है। इतने करोड़ का बंगला, इतने करोड़ की कारें तो बड़े सामान्य से समाचार हो जाते हैं। ज्यादा कमाया तो अपना प्राइवेट जेट भी संभव है।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

मैं किसी की कमाई के विरुद्ध नही हूं। लेकिन 80 करोड़ को 5 किलो अनाज वाले देश मे कुछ लोगों को इतना पैसा थोड़ा आंखों में चुभता है। वैसे इसके लिए भी हम आम जन जिम्मेवार हैं। क्योंकि हम ही उनकी जेबें भरते हैं। आईपीएल जैसे तमाशे में जनता लुटा रही है और कुछ लोग कमा रहे हैं। यही हाल हीरो हेरोइन को सर पर बैठाने वालों का भी है। किसी जमाने में तीन से चार रुपये की जगह आज 4 से 5 सौ रुपये देकर फ़िल्म देख रहे हैं तो एक ही हिट फ़िल्म से अथाह पैसा बनाना कोई बड़ी बात नहीं। आज एक फ्लॉप फ़िल्म भी अपनी लागत से ज्यादा कमा लेती है। और उसके हीरो हेरोइन भी। अब ऐसे धनाढ्य लोगों की जमात के ईगो को संतुष्ट करने के लिए ब्रांड बने हुए हैं। अरमानी का सूट हो, गुची के जूते हों। वैसे अब तो गुची भी गरीब पहनते हैं। मेरे एक मित्र का बेटा प्री वेडिंग शूट के लिए मालद्वीप गया। भाई यहां हीरो हीरोइन अपनी शादी के अधिकार बेच लाखों कमा रहे हैं और उनकी नकल कर हम लाखों गवां रहे हैं।

आप और हम मध्यम वर्गीय लोग ये सब सुन हैरान भले हों लेकिन अपनी हैसियत भर हमारे भी नखरे हैं और हमारे भी अपने ब्रांड हैं। –फेसबुक वॉल से

# राजनैतिक सत्ता संपूर्ण सामाजिक प्रगति की कुंजी

लोकतंत्र के महापर्व में संपूरण देश चुनावी रंग में सराबोर है। सभी दलों के घोषणा पत्र सभी जनों को आकर्षित करने वाले हैं। पहले भी होते रहे हैं लेकिन क्या जनता परीक्षक की भूमिका में है। परीक्षण कर वोट देना सबको आ गया है या हर बार की तरह पिछली गारंटी पूरी न करने वाले नई गारंटी देने वाले दलों के समक्ष मजबूर है। मतदाता उन्हीं में से जो अच्छा लुभा ले जाये के बहाव में।

25 अप्रैल 1948 को लखनऊ में शेड्यूल कास्ट फेडरेशन का पांचवां अधिवेशन था, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में भारत के कानून मंत्री डॉ.बी आर आंबेडकर आमंत्रित किए गए थे। तब उत्तर प्रदेश को संयुक्त प्रांत कहा जाता था। मुख्यमंत्री तब पंडित गोविंद बल्लभ पंत थे। उस अधिवेशन में उन्होंने भी शिरकत की थी। हालांकि डॉ आंबेडकर उस तिथि से पहले दो बार और भी लखनऊ आए थे। एक बार लोथियन समिति के सदस्य के रूप में बारह वर्ष पूर्व लखनऊ आए थे। प्रत्येक बार वे लखनऊ के रिसालदार पार्क बुद्ध विहार में रुके। बुद्ध विहार के मुख्य कर्ता-धर्ता महेथरा बोधानन्द जी थे जो कि त्रिपटक के महाविद्वान थे। इस अधिवेशन की सफलता के पीछे उनका हाथ था। वे पिछड़ा वर्ग के सदस्य रहे, जिनका कहना था आसमान व्यवस्था को चौरस करके ही दम लूंगा। हालांकि व्यवस्था अभी भी चौरस नहीं हुई है पिछड़ा



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

आंबेडकर ने अपने ओजस्वी भाषण में कहा राजशक्ति ही सामाजिक उन्नति की कुंजी है। इसलिए अनुसूचित जातियों को चाहिए वे अपनी प्रगति के लिए संगठित हों और सत्ता पर काबिज हों।

वर्ग के सदस्य रहे शिवदयाल चौरसिया अध्यक्ष समता सैनिक दल के गोपीचंद पिम्पल, कन्हैया लाल सोनकर, गयाप्रसाद तिलक चंद कुरील, अखिल भारतिय फेडरेशन के महासचिव पी एन राजभोज, मेवालाल सोनकर, बुद्धदास चौधरी इन सबके अतिरिक्त जागरूक पिछड़े वर्ग व अनुसूचित जाति के कार्यकर्ताओं की वजह से उस समय एक लाख के आसपास लोग उपस्थित हुए थे। इसके पीछे एक वजह थी, शेड्यूल कास्ट फेडरेशन ने एक वर्ष पूर्व ही अनुसूचित जातियों ने हितों की अनदेखी पर आंदोलन किया था। पुलिस ने लगभग दो हजार कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया था।

शिवदयाल चौरसिया ने डॉ.आंबेडकर से पूछा संविधान में पिछड़े वर्गों के लिए क्या है? आंबेडकर ने कहा जिस दिन पिछड़े और वंचित वर्ग के लोग एक साथ आ जाएंगे, तब हमारे लोगों के साथ अन्य लोग भी गौरान्वित महसूस करेंगे। आंबेडकर ने काफी प्रयास के साथ भारतीय संविधान के अनुच्छेद 340 में पिछड़े वर्गों की जानकारी उनकी स्थिति उनकी भागीदारी एवं उत्थान के लिए एक कमीशन बनाए जाने का प्रावधान किया था जिसके तहत तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने काका कालेलकर आयोग गठित किया था।

25 अप्रैल 1948 को लखनऊ उत्तर प्रदेश शेड्यूल कॉस्ट फेडरेशन के सालाना अधिवेशन में डॉ. आंबेडकर ने जो भाषण दिया, जिसकी गर्माहट ने दिल्ली में पंडित नेहरू और पटेल को विचलित कर दिया लेकिन जिन लोगों के लिए आंबेडकर जोखिम लेकर संदेश दिया वे समाज या राजनीतिक नुमाइंदे आज तक नहीं समझे। नेहरू व पटेल ने अम्बेडकर को पत्र लिखकर नाराजगी व्यक्त की थी। आंबेडकर द्वारा स्पष्टीकरण का सिलसिला चलता रहा।

आंबेडकर ने अपने ओजस्वी भाषण में कहा राजशक्ति ही सामाजिक उन्नति की कुंजी है। इसलिए अनुसूचित जातियों को चाहिए वे अपनी प्रगति के लिए संगठित हों और सत्ता पर काबिज हों। ऐसे में कांग्रेस व समाजवादी पार्टियों के बीच सत्ता संतुलन में ही उनका कल्याण होगा। कांग्रेस एक जलता हुआ मकान है। उन्हें कोई ताज्जुब नहीं कुछ वर्षों में नष्ट होने के कगार पर पहुंच जाए। डॉ. आंबेडकर ने कहा पिछड़े वर्ग व दलित वर्ग मिलकर देश की बहुसंख्यक आबादी होते हैं। वे मिल जाएं तो इस देश पर राज कर सकते हैं। भारत का मेहनतकश समाज देश के विकास में सहयोगी है। आजादी के अमृत काल तक कितना बदलाव आया है। यह आज भी सवाल है। आंबेडकर ने अपने ओजस्वी भाषण में कहा राजशक्ति ही सामाजिक उन्नति की कुंजी है। इसलिए अनुसूचित जातियों को चाहिए वे अपनी प्रगति के लिए संगठित हों और सत्ता पर काबिज हों। ऐसे में कांग्रेस व समाजवादी पार्टियों के बीच सत्ता संतुलन में ही उनका कल्याण होगा। हालांकि कांग्रेस आज बदलाव के मार्ग पर है। वह जाति जनगणना की पक्षधर है। पिछड़े दलितों की भागीदारी पर भी चिंतित है। राहुल गांधी के बयानों में जब तब दिखता है। आंबेडकर के बाद बहुजन समाज पार्टी उभरी भी उत्तर प्रदेश के सत्ता तक पहुंची। आज स्थिति सोचनीय है समाजवादी पार्टी भी सत्ता का स्वाद चख चुकी है। प्रदेश में मुख्य विपक्षी दल है लेकिन कुछ निर्णय ऐसे हुए दलित समाज नाराज हुआ लेकिन आज समाजवादी पार्टी के प्रमुख भी समझे हैं, आंबेडकर व लोहिया की विचारधारा स्थापित करना चाहते हैं। सबको समुचित भागीदारी की बात भी कर रहे हैं। चुनाव की बेला में आंबेडकर का बयान 25 अप्रैल 1948 वाला आज भी बहुजनों में एकता के लिए प्रसांगिक है।

# बढ़ती आर्थिक असमानता

इन दिनों देश में बढ़ रही गैर बराबरी की चर्चा जोरों पर है, हाल ही में वर्ल्ड इनेक्वलिटी लैब ने जो आंकड़े पेश किए वो बेहद चौकाने वाले है, इनसे पता चलता है कि मात्र एक फीसदी लोगों के पास देश की संपत्ति का 40 प्रतिशत हिस्सा मौजूद है। रिपोर्ट के अनुसार 2014-15 से 2022-23 के मध्य आय में असमानता सबसे तेजी से बढ़ी है। देश में अरबपतियों की संख्या निरंतर बढ़ रही हे नए आंकड़ों के अनुसार यह संख्या अब 259 हो गई है। यह रफ्तार कई अन्य देशों के मुकाबले कहीं ज्यादा है लेकिन वहीं दूसरी ओर 72 करोड़ से ज्यादा लोग मात्र 6000 रूपये मासिक आय पर अपना गुजारा करने को मजबूर हैं। आमदनी की असमानताओं में सिर्फ साउथ अफ्रीका और ब्राजील ही आगे हैं, यह भी बताना जरूरी है कि 1991 में जब वैश्विक उदारीकरण शुरू हुआ इस समय केवल एक भारतीय 1 अरब डालर से ज्यादा संपत्ति का मालिक था, किंतु पिछले चंद वर्षो में भारत में असमानता ब्रिटिश राज के समय से भी ज्यादा हो गई है। 2014 से 2023 के मध्य जहा आम आदमी की औसत आय 27.8 प्रतिशत बढ़ी है। वहीं चंद पूंजीपतियों की आय में 280 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है, यह असीमित बढ़ोतरी ही अमीर गरीब की असमानता का मुख्य कारण है। गैर बराबरी तीन तरह की बताई जाती है, एक खपत में, दूसरी आय में और तीसरी वेल्थ में। इस आसमान पूंजी के बंटवारे को केवल क्रोनी केपिटालिज्म का विकास ही कहा जा सकता है, देश का चहुंमुखी विकास तो कतई नहीं। चहुंमुखी विकास के लिए और आर्थिक असमानता को दूर करने के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने होंगे महिलाओं की सीमित भागीदारी को बढ़ाना ही होगा। 85 प्रतिशत तक छोटे मझौले किसानों की आय को बढ़ाने की जरूरत होगी, माइक्रो सेक्टर की आमदनी बढ़ानी होगी, शिक्षा और स्वास्थ्य को बेहतर बनाना होगा ताकि लेबर प्रोडक्टिव हो सके, कर्मचारियों की रियल सेलरी में बढ़ोतरी की जरूरत होगी। क्योंकि जो ग्रोथ हो रही है उसका लाभ सिर्फ उद्योग जगत तक सीमित है और यही कारण आर्थिक असमानताएं बढ़ रही है। इस महत्वपूर्ण मुद्दे को ध्यान में रख कर आर्थिक नीतियों में बड़े परिवर्तन की जरूरत होगी।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

**पश्चिमी उत्तर प्रदेश से शुरू हुए लोकसभा चुनाव के पहले चरण में कम मतदान से उपजी आशंकाओं को पीछे छोड़कर भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए और कांग्रेस-सपा के इंडिया गठबंधन के साथ बहुजन समाज पार्टी ने अब प्रदेश में दूसरे चरण की उन आठ सीटों पर मुकाबले के लिए कमर कस ली है, जिन पर 26 अप्रैल को वोट डाले जाने हैं। इन आठ सीटों में पिछले 2019 के चुनाव में भाजपा ने सात सीटों मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में कमल खिलाया था, जबकि अमरोहा सीट सपा से गठबंधन के चलते बसपा ने जीती थी। इस बार प्रदेश की इन आठ सीटों में से पांच पर जानकार मुकाबला त्रिकोणीय मान रहे हैं। दो सीटों पर भाजपा और सपा के बीच जबकि एक सीट पर भाजपा से बसपा की सीधी टक्कर होने का अनुमान लगाया जा रहा है। प्रदेश में मिशन -80 का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा के लिए यह चरण अगर काफी अहम है, तो कांग्रेस की साख भी चार सीटों पर चुनाव लड़ने के कारण सबसे ज्यादा दांव पर लगी है। सपा के लिए इस चरण में खोने के लिए बहुत कुछ नहीं है, लेकिन बसपा क्या खाता खोलने में कामयाब रहेगी, यह सवाल भी है। लेकिन इससे भी बड़ा सवाल 40 डिग्री पार जाते पारा में कौन अपने ज्यादा से वोट बूथ तक पहुंचा पाएगा, इसकी मशक्कत का भी है। हालांकि चुनाव आयोग मतदान बढ़ाने के लिए लगातार विशेष प्रयास कर रहा है।**



# जातीय समीकरण और ध्रुवीकरण का दूसरा चरण

**91** प्रत्याशी आठ सीटों पर इस बार मैदान में

**42** प्रत्याशी हैं दूसरे चरण में करोड़पति

**02** वर्तमान सांसद भी आमने-सामने

**62%** से अधिक हुआ था 2019 में मतदान

मनोज त्रिपाठी

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में प्रदेश में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा संसदीय सीट पर 26 अप्रैल को वोट पड़ेंगे। इन आठ लोकसभा सीटों पर कुल 91 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें से अमरोहा को छोड़कर बाकी सभी सीटें 2019 में भाजपा ने जीती थीं। अमरोहा सीट सपा और रालोद के साथ गठबंधन के चलते बसपा के खाते में गई थी। इस बार चुनावी समीकरण पिछले चुनाव वाले नहीं हैं। रालोद अब भाजपा के साथ मिलकर चुनावी मैदान में है, तो सपा ने कांग्रेस के साथ गठजोड़ बनाया है। बसपा अकेले दम पर सभी आठ सीटों पर अपनी किस्मत आजमा रही है। भाजपा आठ में से सात सीटों पर चुनाव लड़ रही है। उसने बागपत सीट गठबंधन में शामिल रालोद को दी है। इसके मुकाबले इंडिया गठबंधन में सपा और कांग्रेस चार-चार सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस के प्रत्याशी गाजियाबाद, मथुरा, बुलंदशहर, अमरोहा सीट पर मैदान में हैं, जबकि सपा अलीगढ़, बागपत, गौतमबुद्ध नगर और मेरठ सीट पर मुकाबला कर रही है। ऐसे में यह चुनावी चरण भाजपा-रालोद, सपा-कांग्रेस गठबंधन और बसपा की कड़ी परीक्षा लेने जा रहा है, जिसमें भाजपा पिछले चुनाव में मिली जीत का अंतर देखते हुए इस बार भी कमल खिलाने के लिए थोड़ी आश्वस्त नजर आ रही है।

## ब्रजवासी किसे कहेंगे राधे-राधे

- मथुरा लोकसभा सीट हाईप्रोफाइल सीट मानी जाती है। इस सीट से हेमा मालिनी भाजपा प्रत्याशी के रूप में लगातार दो बार चुनाव जीत चुकी हैं और इस बार जीत की तिकड़ी लगाने में जुटी हैं। कांग्रेस यहां पिछली बार यहां 20 वर्ष पहले चुनाव जीती थी, जबकि बसपा का इस सीट पर अब तक खाता नहीं खुल पाया है। कांग्रेस ने हेमा मालिनी के मुकाबले दलित समाज के मुकेश धनगर को उतारा है, तो बसपा ने जाट बिरादरी से आने वाले रिटायर्ड आईआरएस अधिकारी सुरेश सिंह पर दांव लगा रखा है। भाजपा की तरफ से अयोध्या और काशी के बाद अब मथुरा की बारी जैसा मुद्दा उछाला जा रहा है। यह सीट जाट बाहुल्य मानी जाती है। जाट वोटों में सेंध लगने से बचाने के लिए धर्मेंद्र से शादी करने के कारण हेमा मालिनी खुद को जाट बता रही हैं। कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश धनगर चुनाव ब्रजवासी और अप्रवासी का मुद्दा गर्म करने में लगे हैं और जाट वोट बंटने पर अपनी जीत का रास्ता खोज रहे हैं। जानकार मान रहे हैं कि मथुरा सीट पर बसपा अगर जाट-दलित वोटों को जोड़ने में कामयाब रही तो भाजपा को मुश्किल में डाल सकती है।

**भाजपा का वोट प्रतिशत**
**2019 – 60.77%, 2014 – 53.29%**





## मेरठः भाजपा- बनाम बसपा लग रही लड़ाई

- मेरठ लोकसभा सीट से धारावाहिक रामायण में राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल भाजपा प्रत्याशी हैं, उनके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रोड शो कर चुके हैं। सपा से यहां पूर्व महापौर सुनीता वर्मा उनका मुकाबला कर रही हैं। बसपा से देवव्रत त्यागी किस्मत आजमा रहे हैं। पिछली बार मेरठ सीट पर भाजपा मामूली अंतर से जीत दर्ज कर पाई थी। बसपा के याकूब कुरैशी ने सपा का गठबंधन मिलने से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र अग्रवाल को कांटे की टक्कर दी थी। इसी कारण भाजपा ने राजेंद्र अग्रवाल का टिकट काटकर अरुण गोविल को उतारा है। याकूब परिवार अब बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी को जिताने के लिए पूरी ताकत के साथ लगा है। बसपा सुप्रीमो दो दिन पहले यहां सभा कर गई हैं। इस दौरान उन्होंने वोट बैंक साधने के लिए सपा को ज्यादा निशाने पर रखा था। इसके चलते सपा प्रत्याशी सुनीता वर्मा के लिए चुनौती खड़ी हो गई है। मुस्लिम बाहुल्य इस सीट पर मुस्लिम मतदाता सपा और बसपा दोनों से प्रत्याशी हिंदू होने के कारण अभी असमंजस में नजर आ रहा है। सपा प्रत्याशी खुद को राम के सामने सबरी बताकर मुख्य मुकाबले में रहने की कोशिश कर रही हैं। लेकिन जिस तरह से बसपा मुस्लिम, दलित के साथ राजपूत और त्यागी वोटों पर नजर लगा रही है, उससे जानकार मेरठ का चुनाव भाजपा बनाम बसपा की तरफ बढ़ता मान रहे हैं।

**भाजपा का वोट प्रतिशत**
**2019 – 48.19%, 2014 – 47.80%**













**08** लोकसभा सीटों पर कुल 91 प्रत्याशी मैदान में हैं।

## गौतमबुद्ध नगर में त्रिकोणीय मुकाबला

- गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर लगातार दो बार से चुनाव जीत रहे भाजपा सांसद डॉ महेश शर्मा जीत की हैट्रिक लगाने के लिए इस बार कड़ी मेहनत कर रहे हैं। लोकसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में विकास कार्यों को लेकर कई जगह लोग उनसे नाराज हैं, लेकिन वोट भाजपा को ही देने की बात कह रहे हैं। सपा से उतरे डॉ. महेंद्र नागर अपने सजातीय और पीडीए वोट बैंक के बूते चुनावी जंग को दो डॉक्टरों के बीच रखने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं, तो बसपा प्रत्याशी पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सोलंकी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की भरसक कोशिश में जुटे हैं। इससे चुनाव रोचक हो गया है। तीनों प्रत्याशी अलग-अलग जातियों से हैं। भाजपा प्रत्याशी ब्रह्मण, सपा प्रत्याशी गुर्जर और बसपा प्रत्याशी ठाकुर बिरादरी से हैं। सपा ने गुर्जर-मुस्लिम-यादव समीकरण बनाने का दांव चला है तो बसपा ने ठाकुर-दलित समीकरण के सहारे जीत का ताना बाना बुन रखा है। इस सीट पर ठाकुर मतदाता बड़ी संख्या में है, जो भाजपा के परंपरागत वोटर माने जाते है, लेकिन ठाकुरों की नाराजगी का मुद्दा उछालकर इस वोट बैंक में सेंधमारी की कोशिशें भी कम नहीं हो रही हैं। इस लोकसभा सीट पर धीरे-धीरे मुकाबला त्रिकोणीय होता नजर आ रहा है।

**भाजपा का वोट प्रतिशत**
**2019 – 59.6 %, 2014 – 50.0 %**

## 2024 में किस दल के कितने प्रत्याशी

| इंडिया गठबंधन | | राजग गठबंधन | | |
|---|---|---|---|---|
| 04 | 04 | 07 | 01 | 08 |
| सपा | कांग्रेस | भाजपा | रालोद | बसपा |

## 2019 में आठ सीटों पर यह था स्कोर

| | |
|---|---|
| 07 | 01 |
| भाजपा | बसपा |



**2019** बसपा ने सपा के साथ गठबंधन में लोकसभा चुनाव में 19 फीसदी वोट पाए, 10 सीटें जीतीं

**25%** सपा और कांग्रेस का साझा वोट प्रतिशत रहा था 2019 के लोकसभा चुनाव में

## दूसरे चरण का रण क्या बदल पाएगा हाथ के हालात

- प्रदेश में दूसरे चरण के चुनाव में कांग्रेस की प्रतिष्ठा दांव पर है। कांग्रेस इस चरण में सबसे ज्यादा चार लोकसभा सीटों पर मैदान में है। गठबंधन के तहत बाकी चार सीटों पर समाजवादी पार्टी चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस प्रत्याशी मथुरा, गाजियाबाद, अमरोहा और बुलंदशहर सुरक्षित सीटों पर भाजपा का मुकाबला कर रहे हैं। कांग्रेस से गाजियाबाद में ब्राह्मण महिला डॉली शर्मा, अमरोहा में मुस्लिम प्रत्याशी के रूप में बसपा से आए सांसद दानिश अली हैं, तो मथुरा की सामान्य सीट पर पार्टी ने दलित समाज के मुकेश धनगर पर दांव लगा रखा है। बुलंदशहर सुरक्षित सीट पर शिवलाल वाल्मीकि लोगों से हाथ का साथ मांग रहे हैं। फिलहाल कांग्रेस ने चारों सीटों पर प्रचार के अंतिम चरण में पूरी ताकत झोंक रखी है। कांग्रेस ने इन चारों सीटों में सबसे ज्यादा उम्मीद गाजियाबाद सीट पर लगा रखी है। यहां भाजपा द्वारा वीके सिंह का टिकट काटकर विधायक अतुल गर्ग को उतारे जाने से कांग्रेस को जीत के लिए उम्मीद की किरण नजर आ रही है। मथुरा सीट कांग्रेस ने आखिरी बार 2004 में जीती थी। यहां 2009 और 2019 में कांग्रेस प्रत्याशी तीसरे स्थान पर रहे थे। अमरोहा में बसपा से आए सांसद दानिश अली पर दांव लगाकर कांग्रेस जीत के लिए पूरी तरह उन्हीं पर और सपा के समर्थन पर निर्भर नजर आ रही है, इसकी वजह यह है कि इस सीट पर 1984 के बाद पार्टी का खाता नहीं खुला है और संगठन काफी कमजोर है। बुलंदशहर में कांग्रेस 2019 के चुनाव में तीसरे नंबर पर थी। इस बार यहां जातीय समीकरणों के सहारे पार्टी मुकाबले में आने की उम्मीद में है।

## अलीगढ़ः जातीय खांचे में फंसी जीत की हैट्रिक

- तालों की नगरी अलीगढ़ से ब्राह्मण बिरादरी के भाजपा प्रत्याशी सतीश गौतम जीत की हैट्रिक लगाने को बेताब हैं। लेकिन बसपा ने यहां भाजपा छोड़कर हाथी की सवारी करने वाले ब्राह्मण समाज के ही हितेंद्र कुमार उर्फ बंटी उपाध्याय को मैदान में उतार कर भाजपा के सामने मुश्किल खड़ी कर दी है। सपा ने जाट बिरादरी के पूर्व सांसद चौधरी बिजेन्द्र सिंह पर फिर भरोसा जताया है। इस सीट पर सर्वाधिक मुस्लिम मतदाता हैं। बावजूद इसके सपा और बसपा ने मुस्लिम उम्मीदवार नहीं उतारा है। बसपा ने पहले मुस्लिम गुफरान नूर को टिकट दिया था, पर उनके बीमार होने पर प्रत्याशी बदल दिया। मुस्लिम मतों का झुकाव या बिखराव यहां के परिणाम पर असर डालेगा, ऐसा माना जा रहा है। इसे देखते हुए दो दिन पहले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव रैली करके मुस्लिमों को जोड़ने के साथ पीडीए को मजबूत करने की बाद कह गए हैं। इसके बाद से सपा प्रत्याशी का हौसला बढ़ गया है।

**भाजपा का वोट% 2019 – 56.42 %, 2014 – 48.34 %**

## बागपत : ब्राह्मण और पिछड़ा वर्ग लिखेगा जीत

- चौधरी चरण सिंह के परिवार का गढ़ रही इस सीट पर चुनाव जातीय समीकरणों में उलझता नजर आ रहा है। 47 वर्षों बाद चौधरी परिवार का कोई सदस्य यहां चुनाव नहीं लड़ रहा है। रालोद ने भाजपा से गठबंधन में मिली इस सीट पर अपने राष्ट्रीय सचिव राजकुमार सांगवान को जिताने के लिए पूरी ताकत लगा रखी है। एक तरह से जयंत चौधरी चुनावी कमान संभाले हैं। सपा ने इस सीट पर साहिबाबाद के पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा को उतार कर मुकाबला दिलचस्प बना दिया है। अमर पाल शर्मा की ब्राह्मण बिरादरी में बढ़िया पकड़ मानी जाती है। बसपा ने दिल्ली हाई कोर्ट के अधिवक्ता गुर्जर बिरादरी के प्रवीण बंसल पर दांव लगाया है। पिछले दो चुनावों में यहां आमने-सामने रहीं भाजपा और रालोद के हाथ मिलाने से इस सीट पर गिना जाने वाला साढ़े तीन लाख जाट वोट तो सांगवान के समर्थन में लामबंद हो गया है, लेकिन मुस्लिम वोटर जो करीब चार लाख है, सपा की तरफ झुकने से रालोद प्रत्याशी के लिए परेशानी खड़ी कर सकता है, क्योंकि करीब 70 हजार यादव वोट सपा के साथ पहले ही खड़ा है। ऐसे में बागपत सीट पर जीत की राह ब्राह्मण और पिछड़े वर्ग के मतदाताओं के बीच से ही निकलने के कयास लगे जा रहे हैं।

**भाजपा का वोट प्रतिशत**
**2019 – 50.32 %, 2014 – 42.15 %**

## बुलंदशहर है भाजपा का बुलंद दुर्ग

- अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित इस सीट पर इस बार दो सांसदों के बीच चुनावी जंग हो रही है। भाजपा ने यहां पिछले दो बार से लगातार जीत दर्ज कर रहे खटिक बिरादरी के भोला सिंह को जीत की हैट्रिक लगाने का मौका दिया है। बसपा ने नगीना के मौजूदा सांसद गिरीश चंद्र को मैदान में उतारा है। उनके सामने दलित वर्ग की गैर जाटव जातियों को अपने पक्ष में मोड़ने की चुनौती है। कांग्रेस से उतरे आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सदस्य शिवराम वाल्मीकि सपा से जुड़े वोटरों को जोड़कर दोनों सांसदों के बीच अपनी सफलता की राह खोज रहे हैं। बसपा यहां दम तो दिखाती रही है, पर कभी जीत की मंजिल तक नहीं पहुंच पायी है। सपा को जरूर वर्ष 2009 में सफलता मिली थी। इसी लोकसभा चुनाव को छोड़कर वर्ष 1991 के चुनाव से अब तक भाजपा यहां अपराजेय रही है।

**भाजपा का वोट प्रतिशत**
**2019 – 60.64 %, 2014 – 59.83%**

## गाजियाबाद : जीत का चौका या चौंकाएंगे मतदाता

- गाजियाबाद में पिछले आठ लोकसभा चुनावों में भाजपा सात बार जीती है। इस बार यहां भाजपा, कांग्रेस और बसपा तीनों दलों के नए और स्थानीय प्रत्याशी जीत के लिए जूझ रहे हैं। प्रत्याशी बदलने के साथ ही चुनावी और जातीय समीकरण भी बदल गए हैं। भाजपा से मैदान में उतरे शहर के विधायक अतुल गर्ग के सामने पिछली बार वीके सिंह को मिली पांच लाख की जीत बरकरार रखने की चुनौती है, तो सपा-कांग्रेस गठबंधन से डॉली शर्मा भाजपा का किला भेदने के लिए जलभराव, कूड़े के पहाड़ और प्रदूषण जैसी समस्याओं के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य व सुरक्षा के मुद्दों पर धार पैनी किए हैं। बसपा प्रत्याशी नंदकिशोर पुंडीर क्षत्रियों की नाराजगी के मुद्दे पर भाजपा के वोटबैंक में सेंध लगाने में जुटे हैं। बुधवार को इसीलिए उन्होंने क्षत्रिय बहुल धौलाना विधानसभा में रोड शो निकाला। बसपा सुप्रीमो मायावती यहां रैली में कह भी गई थीं कि देख लेना, क्षत्रिय को टिकट दिया है। तीनों प्रत्याशियों की इस टक्कर में अब भाजपा इस सीट पर जीत का चौका लगाएगी या वोटर चौंकाएंगे यह सवाल हर कहीं चर्चा में तैर रहा है।

**भाजपा का वोट प्रतिशत**
**2019 – 61.93 %, 2014 – 56.51 %**

## अमरोहा में हाथी बिगाड़ेगा कांग्रेस का खेल ?

- 1980 के बाद से किसी प्रत्याशी को लगातार दो बार लोकसभा न भेजने वाली अमरोहा की जनता पुराना रिवाज कायम रखेगी या पिछले साढ़े चार दशक से चली आ रही परंपरा को इस बार तोड़ देगी। इस बात पर हर किसी की निगाह लगी है। यहां बसपा को छोड़कर हाथ का साथ थामने वाले मौजूदा सांसद कुंवर दानिश अली मुस्लिम बहुल इस सीट पर सपा की साइकिल का साथ मिलने से दोबारा जीत हासिल करने के लिए तेजी से पैडल मारते नजर आ रहे हैं। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर भी इस बार रालोद का साथ पाकर 2014 वाली सफलता हासिल करने के लिए प्रयासरत हैं। मुस्लिम बाहुल्य इस सीट पर बसपा उम्मीदवार मुजाहिद हुसैन मुकाबले का तीसरा कोण बनकर असली परेशानी कांग्रेस प्रत्याशी दानिश अली के सामने खड़ी कर रहे हैं। जानकार बसपा और कांग्रेस-सपा गठबंधन दोनों के मुस्लिम प्रत्याशी होने से मुस्लिम वोटों में बिखराव तय मान रहे है। कहा जा रहा है कि बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी कांग्रेस का खेल बिगाड़ने के लिए खड़ा किया है। बसपा प्रमुख मायावती ने अमरोहा सीट पर प्रचार करते हुए कहा भी था कि दानिश अली ने मुस्लिमों को धोखा दिया है और उनके साथ गद्दारी की है। ऐसे में भाजपा के कंवर सिंह तंवर की स्थिति मजबूत मानी जा रही है, लेकिन यहां भी समस्या भाजपा-रालोद कार्यकर्ताओं में एकजुटता नहीं बन पाने की आ रही है। कई बार टकराव की स्थिति बन चुकी है।

BSP बहुजन समाज पार्टी

**वोट प्रतिशत**
बसपा **2019 – 51.4 %,** भाजपा **2014 – 48.3 %**



## जीत की भरी हुंकार



मथुरा से भाजपा की उम्मीदवार सांसद हेमा मालिनी ने रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने अबकी बार चार सौ पार का नारा लगाया।

बहस में उलझे मतदाता | परिवारवाद और भ्रष्टाचार से शुरू हुई चुनावी लड़ाई नए मुकाम पर पहुंची, महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दे हुए दरकिनार

# मंगलसूत्र, संपत्ति बंटवारे और विरासत टैक्स से बढ़ी सियासी गर्मी बूथ तक पहुंचेगी!

राजपुरुष

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में मौसम का पारा और मतदाताओं का मिजाज कितना गर्म रहेगा, इसका पता तो 26 अप्रैल को ही चलेगा, लेकिन सियासी तापमान अभी से बेहद गर्म हो गया है। परिवारवाद और भ्रष्टाचार से शुरू हुई लड़ाई अचानक कांग्रेस के मैनिफेस्टो से होती हुई मंगलसूत्र, संपत्ति सर्वे, मुस्लिम आरक्षण और विरासत टैक्स पर उलझ गई है। महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दे दरकिनार हो गए हैं और मतदाता भी इस बहस में जुड़कर यह पड़ताल करने में लगा है कि क्या वास्तव में कांग्रेस पार्टी जातीय जनगणना और संपत्ति सर्वे की आड़ में अरबन नक्सल के हाथों में खेल रही है। हालांकि इस विमर्श में कुछ लोगों को यह भी लग रहा है कि चुनावी जंग में यह सब कुछ जुमलों की बौछार या फिर वोट बैंक को साधने के इंतजाम से ज्यादा कुछ नहीं है। लेकिन इस तरह के आक्रमक चुनावी अभियान का मतदाता के मन पर कहां और कितना असर हुआ है या आगे होगा, इसती लाभ-हानि का जोड़ घटाना परिणाम आने पर ही लगाया जा सकेगा, फिलहाल बयानों के अग्नि बाण दोनों तरफ से जारी हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार पिछले तीन दिनों से अपनी रैलियों में कांग्रेस के घोषणा पत्र की बातों का जिक्र करते हुए उसे कठघरे में खड़ा करके सवालों के दनादन प्रहार कर रहे हैं। वह लोगों को आगाह कर रहे हैं कि कांग्रेस की सरकार आने पर लोगों की संपत्ति घुसपैठियों और उन लोगों में बांट दी जाएगी, जिनके अधिक बच्चे हैं। यहां तक कि माताओं-बहनों का मंगलसूत्र तक नहीं बचने देंगे। जिनके पास दो घर हैं, उनका एक घर छीन लिया जाएगा। कांग्रेस भाजपा के इस प्रचार अभियान को लेकर चुनाव आयोग तक पहुंच गई है, लेकिन आरोपों की बौछार रुकने का नाम नहीं ले रही है। प्रधानमंत्री के हमले को को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह के साथ यूपी और एमपी के मुख्यमंत्री और धार देने में जुट गए हैं। इसी क्रम में नया विवाद इंडियन ओवरसीज़ कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा के बयान से जुड़ गया है, उन्होंने एक साक्षात्कार में अमेरिका जैसे उत्तराधिकार टैक्स की भारत के लिए वकालत की है। उनकी इस टिप्पणी पर भाजपा ने कांग्रेस के खिलाफ और हमलावर रुख अख्तियार किया तो कांग्रेस को कहना पड़ा कि यह बयान पित्रोदा के निजी विचार हैं। पित्रोदा ने भी अपने बयान पर भी सफ़ाई दी है। लेकिन विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसे में चुनावी रण में भाजपा की तरफ से हो रहे ताबड़तोड़ हमलों की बौछार का कांग्रेस की तरफ से जवाब आना ही था। पहले प्रियंका गांधी ने पलटवार किया कि उनकी मां सोनिया गांधी ने अपना मंगलसूत्र देश के लिए कुर्बान कर दिया था। अब राहुल गांधी जिनके तेलंगाना में यह कहने से सारा विवाद शुरू हुआ था कि उनकी सरकार आने पर देश में संपत्ति का सर्वे कराया जाएगा, भी यह कहते हुए इस दंगल में कूद पड़े हैं कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश 25 करोड़पति बनाए हैं, कांग्रेस की सरकार आने पर करोड़ों लोग लखपति बनाए जाएंगे।



### कांग्रेस की सफाई कितनी उसके काम आई

- कांग्रेस नेता प्रधानमंत्री और भाजपा नेताओं के हमले से बचाव की मुद्रा में हैं। पार्टी की तरफ से सफाई दी जा रही है कि उनके घोषणा पत्र जिसे न्याय पत्र दिया गया है, उसमें ऐसा कुछ भी नहीं जैसा कि प्रचारित किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं के मुताबिक उनके घोषणा पत्र में आर्थिक न्याय से जुड़े पेज नंबर 28 के बिंदु नंबर 21 में ये जरूर लिखा है कि कांग्रेस नीतियों में उपयुक्त बदलाव करके धन और आय के मामले में बढ़ती असमानता का समाधान करेगी। घोणषा पत्र के पेज नंबर 6 पर कांग्रेस ने हिस्सेदारी न्याय औऱ सामाजिक न्याय के अंतर्गत लिखा है कि आर्थिक सामाजिक जाति गणना कराएगी. आर्थिक सामाजिक स्थिति का पता लगाएगी. फिर कांग्रेस सुधार के लिए कदम उठाएगी। इसी तरह पेज नंबर 7 पर अल्पसंख्यक के तहत लिखा गया है कि तानाशाही या बहुसंख्यकवाद के लिए देश में कोई जगह नहीं है। कांग्रेस भारत में अल्पसंख्यकों के अधिकार को बनाए रखने और रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

- **आक्रमक प्रचार अभियान क्या जुमलों की बौछार या वोट बैंक साधने का इंतजाम, बड़ा सवाल**

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73,852.94 | 22,402.40 |
| तेजी | 114.49 | 34.40 |
| प्रतिशत में | 0.16 | 0.15 |



अमृत विचार
www.amritvichar.com
हल्द्वानी, गुरुवार, 25 अप्रैल 2024

### मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 995 फ्लैग- 1105 बोल्ड- 1145 डीएमओ- 865
**रामपुर :** शिवालिक-990 फ्लैग-1105 डीएमओ-885 बोल्ड-1165

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 83200 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74000 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 55150-55350 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 74,500 |
| सोना रवा | 74,350 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 82,600 |
| चांदी (999) | 82,500 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 74000 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 73000 |
| सिल्वर (पक्की) | 817 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,700 |
| चांदी आभूषण | 82,100 |

### हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती-75 मसूरी-55 अंगूरी-47 बासमती-100 दाल दलहन काला चना-82 साबुत चना दाल-75-90 मूंग साबुत-123 राजमा-130-145 दाल उड़द-120 साबुत मसूर दाल- 80-100 मसूर दाल-78-105 उड़द साबुत- 126 काबुली चना-120 अरहर दाल-168 लोबिया/करमानी-120 सोयाबीन-75 मूंगफली-65 मटर (सूखी)-53 मक्का-23।

# 2जी फैसला बदलने की कोशिश नहीं, रक्षा व उपग्रह क्षेत्र के लिए नीलामी के बगैर आवंटन

## सुप्रीम कोर्ट ने दूरसंचार स्पेक्ट्रम के आवंटन के लिए नीलामी को माध्यम बनाने का दिया था निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार दूरसंचार स्पेक्ट्रम आवंटन के लिए नीलामी को अहमियत देने के उच्चतम न्यायालय के फैसले में बदलाव की कोशिश नहीं कर रही है। शीर्ष सूत्र ने बुधवार को यह बात कही। उच्चतम न्यायालय ने 2012 के अपने फैसले में दूरसंचार स्पेक्ट्रम के आवंटन के लिए नीलामी को ही माध्यम बनाने का निर्देश दिया था। हालांकि उपग्रह संचार और रक्षा जैसे विशिष्ट क्षेत्रों को इसके दायरे में नहीं रखा था।

सरकार ने पिछले साल 15 दिसंबर को शीर्ष अदालत में अर्जी दायर कर विशिष्ट क्षेत्रों को स्पेक्ट्रम आवंटन के संबंध में स्थिति स्पष्ट करने की गुहार लगाई थी। इसमें उपग्रह संचार, रक्षा बलों और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों, मेट्रो या रेलवे संचालन के लिए नीलामी के बगैर स्पेक्ट्रम



- सरकार ने पिछले साल अर्जी दायर कर स्पेक्ट्रम आवंटन में स्थिति स्पष्ट करने की लगाई थी गुहार
- स्टारलिंक, वनवेब व प्रोजेक्ट कुइपर जैसे अंतरिक्ष दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को मिल सकती है राहत

आवंटित करने को लेकर स्पष्टीकरण देने का आग्रह किया गया था। याचिका दिसंबर के अंत में संसद में दूरसंचार विधेयक को पारित करने से पहले दायर हुई थी।

यह सोमवार को सुनवाई के लिए रखी गई। नए विधेयक में 19 छूटें दी हैं। सूत्र ने याचिका पर उपजे विवाद को 'बेमतलब' बताते हुए कहा कि सरकार से 2जी फैसले को बदलने जैस सवाल किए जा रहे हैं। तथ्य यह है कि कई मुकदमों को देखते हुए पारदर्शिता बनाए रखने के लिए यह आवेदन दायर किया गया था। प्रशासनिक आवंटन मार्ग से एलन मस्क की स्टारलिंक, भारती एयरटेल के वनवेब और अमेजन की प्रोजेक्ट कुइपर जैसे अंतरिक्ष दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को राहत मिल सकती है क्योंकि उन्हें नीलामी प्रक्रिया से गुजरे बिना स्पेक्ट्रम मिलने का रास्ता साफ होगा। दूरसंचार के लिए स्पेक्ट्रम की अगली नीलामी इस साल जून में होने वाली है। इस पर सभी पक्षों से परामर्श हुआ लेकिन न्यायालय से परामर्श करने का कोई तरीका नहीं है। लिहाजा न्यायालय को सूचित करने तथा उसकी राय जानने को आवेदन दायर किया गया था।

## माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन के एआई सौदों की जांच करेगा ब्रिटेन

**लंदन।** ब्रिटेन का प्रतिस्पर्द्धा नियामक माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन के हाल ही में किए कृत्रिम मेधा (एआई) सौदों की समीक्षा करेगा। इन सौदों से एआई उद्योग में प्रतिस्पर्धा प्रभावित होने की आशंका है। ब्रिटेन के प्रतिस्पर्धा एवं बाजार प्राधिकरण ने कहा कि वह माइक्रोसॉफ्ट की मिस्ट्रल एआई के साथ साझेदारी और एक अन्य स्टार्टअप इन्फ्लेक्शन एआई से प्रमुख कर्मचारियों को नियुक्त करने पर गौर कर रहा है। प्रतिस्पर्द्धा नियामक ने सैन फ्रांसिस्को स्थित एंथ्रोपिक में अमेजन के चार अरब डॉलर के निवेश की जांच करने की भी घोषणा की। सार्वजनिक तथा व्यावसायिक रुचि के बीच बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियां जेनरेटिव एआई स्टार्टअप में पैसा लगा रही हैं। ये निवेश व्यापार विरोधी गतिविधियों की जांच करने वालों का ध्यान भी अपनी ओर खींच रहे हैं।

# सेंसेक्स फिर पहुंचा 74,000

**मुंबई, एजेंसी**

वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच धातु और जिंस शेयरों में खरीदारी से बुधवार को शेयर बाजार चौथे कारोबारी सत्र में बढ़त में रहा और दोनों सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी चढ़कर बंद हुए। दूरसंचार, आईटी और प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली से इस तेजी पर लगाम लग गई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 114.49 अंक यानी 0.16 प्रतिशत चढ़कर 73,852.94 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 383.16 अंक उछलकर 74,121.61 अंक पर भी पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 34.40 अंक यानी 0.15 प्रतिशत बढ़कर 22,402.40 अंक पर पहुंच गया। कारोबारी सत्र के अंतिम दौर



- भारत का दुनिया में मात्रा के हिसाब से तीसरा और मूल्य के हिसाब से 13वां सबसे बड़ा उद्योग

में सूचकांकों पर कुछ बिकवाली से शुरुआती बढ़त कम हो गई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि आईटी और कुछ अन्य दिग्गज कंपनियों के अपेक्षाकृत कमजोर नतीजों से भारतीय बाजार में थोड़ी निराशा है। इसके बावजूद विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के दमदार प्रदर्शन से मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में कुछ तेजी दिख रही है। अप्रैल में विनिर्माण और सेवा क्षेत्र आर्थिक गतिविधियों को गति देते हुए नजर आ रहे हैं।

### लाइसेंसधारकों को बुनियादी ढांचा साझा करने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** दूरसंचार नियामक ट्राई ने बुधवार को दूरसंचार सेवा लाइसेंसधारकों को उनके स्वामित्व एवं संचालन वाले भवनों, टावर, विद्युत उपकरण और डार्क फाइबर सहित निष्क्रिय बुनियादी ढांचे को सभी तरह के दूरसंचार सेवा लाइसेंसधारकों के साथ साझा करने की मंजूरी देने की सिफारिश की।

# हलाल प्रमाणपत्र देने वाले निकायों की मान्यता चार जुलाई तक बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- डीजीएफटी ने पिछले साल हलाल प्रमाणन प्रक्रिया के लिए नीति और शर्तों को किया था अधिसूचित
- निकायों को हलाल के लिए एनएबीसीबी से पांच अप्रैल तक मान्यता लेने का दिया था निर्देश

सरकार ने हलाल प्रमाणपत्र देने वाले निकायों की मान्यता और निर्यात इकाइयों के पंजीकरण की समय सीमा तीन महीने बढ़ाकर चार जुलाई कर दी है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने पिछले साल मांस और मांस उत्पादों के लिए हलाल प्रमाणन प्रक्रिया के लिए नीति और शर्तों को अधिसूचित किया था। साथ ही मौजूदा निकायों को आई-सीएएस (भारत अनुरूप मूल्यांकन योजना) हलाल के लिए राष्ट्रीय प्रमाणन निकाय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीसीबी) से पांच अप्रैल, 2024 तक मान्यता लेने का निर्देश दिया था।

डीजीएफटी ने अधिसूचना में कहा, हलाल प्रमाणन निकायों की मान्यता और निर्यात इकाइयों के पंजीकरण की समय अवधि तीन महीने यानी चार जुलाई, 2024 तक बढ़ा दी गई है। विदेश व्यापार महानिदेशालय वाणिज्य मंत्रालय के अंतर्गत आता है। यह निर्यात और आयात से संबंधित मुद्दों को देखता है। दिशानिर्देशों के अनुसार मांस और उसके उत्पादों को 'हलाल प्रमाणित' के रूप में निर्यात करने की अनुमति तभी दी जाती है, जब वे भारतीय गुणवत्ता परिषद के बोर्ड से मान्यता प्राप्त निकाय से मिले वैध प्रमाण पत्र वाली सुविधा में उत्पादित, प्रसंस्कृत और पैक किये जाते हैं।

## एलआईसी ने उसके ब्रांड और प्रतीक वाले भ्रामक विज्ञापनों पर किया आगाह

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने वरिष्ठ अधिकारियों की तस्वीर, कंपनी के ब्रांड तथा प्रतीक का दुरुपयोग करके सोशल मीडिया पर धोखाधड़ी वाले विज्ञापन देने में शामिल लोगों/संस्थाओं को बुधवार को आगाह किया। एलआईसी ने 'एक्स' पर अपने पॉलिसीधारकों और जनता से सावधानी और ऐसी हर चीज की प्रामाणिकता की जांच करने को कहा है। निगम ने सार्वजनिक नोटिस में कहा, यह हमारे संज्ञान में आया है कि कुछ लोग और संस्थाएं हमारी सहमति के बिना हमारे अधिकारियों या पूर्व अधिकारियों की तस्वीर, हमारे ब्रांड नाम तथा प्रतीक का दुरुपयोग करके सोशल मीडिया पर धोखाधड़ी वाले विज्ञापन दे रहे हैं। हम इसेल लेकर जनता को सचेत करना चाहते हैं। नोटिस में जनता से एलआईसी सोशल मीडिया खातों पर ऐसे विज्ञापनों के 'यूआरएल लिंक' की जानकारी देने को भी कहा गया। एलआईसी ने कहा, बिना अनुमति हमारे ब्रांड का इस्तेमाल करके धोखाधड़ी में शामिल लोगों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करेंगे।

# देश का औषधि निर्यात 9.67% बढ़कर पहुंचा 27.9 अरब डॉलर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- भारत का दुनिया में मात्रा के हिसाब से तीसरा और मूल्य के हिसाब से 13वां सबसे बड़ा उद्योग

देश का औषधि निर्यात 2023-24 में सालाना आधार पर 9.67% बढ़कर 27.9 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। वित्त वर्ष 2022-23 में निर्यात 25.4 अरब डॉलर था। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, मार्च में दवा निर्यात 12.73% बढ़कर 2.8 अरब डॉलर हो गया। 2023-24 में इस क्षेत्र के लिए शीर्ष पांच निर्यात बाजार अमेरिका, ब्रिटेन, नीदरलैंड, ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील थे। भारत के कुल औषधि निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी 31% से अधिक रही।

उद्योग विशेषज्ञ ने कहा कि अमेरिका जैसे देशों में बढ़ते बाजार अवसरों और मांग से निर्यात को मासिक आधार पर वृद्धि दर्ज करने में मदद मिल रही है। भारत का दवा उद्योग का कारोबार 2030 तक 130 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो सकता है। बाजार के विस्तार तथा विदेशी में बढ़ती मांग से यह हो पाएगा। 2022-23 में कारोबार 50 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक रहा था।

भारत औसतन हर महीने दो से तीन अरब डॉलर के औषधि उत्पादों का निर्यात करता है। देश का दवा उद्योग दुनिया में मात्रा के हिसाब से तीसरा सबसे बड़ा और मूल्य के हिसाब से 13वां सबसे बड़ा उद्योग है, जो 60 चिकित्सीय श्रेणियों में 60,000 से अधिक जेनेरिक दवाओं का उत्पादन करता है।



### एक नजर

#### केन्द्रीय कारागार में कैदी ने की आत्महत्या

**अलवर।** राजस्थान में अलवर केंद्रीय जेल में पॉक्सो मामले में बंद कैदी ने बुधवार को पिता से बात करने के बाद जूते के सलु से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। जेल अधीक्षक शिवेंद्र कुमार ने बताया कि खैरथल जिला निवासी धीरेंद्र (21) पॉक्सो के मामले में 10 जनवरी 2024 से जेल में सजा काट रहा था। बुधवार सुबह उसने साढ़े नौ बजे एसटीडी पर पिता से बात की और कहा कि उसे जल्दी जमानत कराकर जेल से निकलवाओ। यहां उसका दम घुट रहा है। पिता के जवाब के बाद मायूस हो गया और अपने बैरेक में चला गया। 10 बजे वह नहाने गया, लेकिन वह जिंदा वापस नहीं आया।

#### मणिपुर में विस्फोट से पुल क्षतिग्रस्त

**इंफाल।** मणिपुर में जातीय हिंसा प्रभावित कांगपोकपी जिले में एनएच-दो पर विस्फोट से पुल आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे यातायात बाधित हो गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आईईडी विस्फोट मंगलवार रात 12.45 बजे सपरमीना और कोउब्रू लेइखा के बीच पुल पर हुआ। इस विस्फोट में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुल के दोनों छोर पर गड्ढे और दरारें देखी गईं। मणिपुर की राजधानी इंफाल को नगालैंड के दीमापुर से जोड़ने वाले पुल पर भारी वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है।

#### कश्मीर में 15 तस्कर गिरफ्तार

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में मादक पदार्थ की तस्करी में शामिल 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दस तस्करों की पहचान सलामाबाद के बशरत अहमद रैना, बांदी के चंगेज़ खान और उरी में परानपीलन के सैयद मेहताब हुसैन, लचीपोरा बिझामा के मंजूर अहमद लोन उर्फ मुन्ना, मदियान कमलकोटे के नजर दीन भट्टी, नूरखाह के इमरान अहमद खान, लवायपोरा एचएमटी के आशिक हुसैन पर्रे उर्फ इलाही, मालपोरा सोपोर के अल्ताफ अहमद मीर, वाटरगाम वागूरा के अमीर सुभान मल्ला और चानपोरा के साहिल अहमद रेशी कुन्जर के तौर पर की है। इसके अलावा अन्य पांच तस्करों में वानपोरा खुदवानी के मोहम्मद उर्फ रमजान शेख उर्फ रम्म शेख, ब्रेज़लू जागीर के आरिफ अहमद भट, मांचेवा यारीपोरा के फिरदौस अहमद शेख, ब्राज़लू जागीर के शाहिद अहमद भट और मालवान देवसर के हिलाल अहमद डार है।

#### नशीले कैप्सूल रखने में 10 साल की जेल

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान के हनुमानगढ़ में एनडीपीएस एक्ट मामलों की विशेष अदालत के न्यायाधीश रूपचंद सुथार ने नशीले कैप्सूल बरामद होने के मामले में आरोपी रवीश कुमार को बुधवार को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनायी। विशिष्ट लोक अभियोजक दिनेश दाधीच ने बताया कि हनुमानगढ़ जिले में टिब्बी थाने में नौ फरवरी 2020 को खाराखेड़ा गांव में हनुमान मंदिर के पास रवीश कुमार को गिरफ्तार किया, जिसके पास नशे के रूप में इस्तेमाल किये जाने वाले पर पारवोरिन पास के 600 कैप्सूल बरामद हुये। खाराखेड़ा गांव निवासी रवीश कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

#### प्रेमी संग मिलकर महिला ने की पति की हत्या

**जीपीएम।** छत्तीसगढ़ के गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला के पेंड्रा थाना क्षेत्र में महिला के प्रेमी के साथ मिलकर पति को मौत के घाट उतार दिया।पुलिस को सूचना मिली की लालचंद नायक अपनी बाड़ी में फांसी पर लटका है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की। शक मृतक की पत्नी था। पुलिस ने दुर्गावती नायक से पूछताछ की तो उसने बताया कि प्रेमी कमलेश्वर के साथ उसने 20 अप्रैल की रात पति का गला दबाकर हत्या कर दी और शव को लटका दिया।

#### फ्लाईओवर से लटका मिला शव

नई दिल्ली। दिल्ली में रोहिणी के अमन विहार इलाके में बुधवार सुबह 35 वर्षीय एक व्यक्ति का शव एक निर्माणाधीन फ्लाईओवर से लटका हुआ मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक उन्हें एक राहगीर ने इसकी सूचना दी थी। मृतक की पहचान हरप्रीत सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह आशंका जताई जा रही है कि हरप्रीत ने आत्महत्या की है।

# कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी : मोदी

## वोट की भूखी कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण लागू करना चाहती है

**अंबिकापुर, एजेंसी**

प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका में 'विरासत कर' संबंधित सैम पित्रोदा की टिप्पणी पर कहा कि पार्टी 'विरासत कर' लगाकर लोगों और उनके बच्चों का अधिकार छीनना चाहती है। मोदी ने अंबिकापुर की चुनावी रैली में कहा कि कांग्रेस के खतरनाक इरादे खुलकर सामने आ रहे हैं। शाही परिवार के शहजादे के सलाहकार ने कहा था कि देश के मध्यम वर्ग के लोग जो मेहनत करके कमाते हैं उन पर ज्यादा कर लगना चाहिए। इन्होंने सार्वजनिक तौर पर ऐसा कहा था।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का कहना है कि अब वह इनहेरिटेंस टैक्स (विरासत कर) लगाएगी। माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर भी कर लगाएगी। आप जो मेहनत से संपत्ति बनाते हैं, वह आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। कांग्रेस सरकार का पंजा उसे



- कहा- लोगों का धन लेने के कांग्रेस के नापाक मंसूबों को किया उजागर

भी आपसे छीन लेगा। कांग्रेस का मंत्र है- कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी जिंदगी के बाद भी। मोदी ने कहा कि जब तक आप जीवित रहेंगे, कांग्रेस ज्यादा कर से मारेगी और जब आप जीवित नहीं रहेंगे तो आप पर विरासत कर का बोझ लाद देगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस नहीं चाहती कि आम भारतीय अपनी संपत्ति अपने बच्चों को दें। मूल्यों से लेकर संस्कृति तक हमारा देश उपभोक्तावादी देश नहीं है। हम संचय, संवर्धन और संरक्षण में विश्वास करते हैं। आज हमारी प्रकृति और पर्यावरण इन्हीं मूल्यों के कारण सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि हमारे माता-पिता, दादा-दादी, अपने हर गहनों को यह सोचकर संभालकर रखते हैं कि पोते-पोतियों को उनकी शादी में पहनाएंगे... मेरे देश के लोग कर्ज लेकर जीवन जीने के शौकीन नहीं हैं। यहां लोग मेहनती हैं और जरूरत के मुताबिक खर्च करते हैं तथा संचय की प्रवृत्ति रखते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भारत के मूलभूत संस्कार पर कड़ा प्रहार करने जा रही है। उन्होंने कहा कि कल उन्होंने यह बयान इसलिए दिया है क्योंकि उनकी यह सोच बहुत पुरानी है। जब मैंने कहा कि शहरी नक्सलियों और माओवादियों ने कांग्रेस पर कब्जा कर लिया है तो लगा कि उन्हें अमेरिका को खुश करने के लिए कुछ कहना चाहिए। जब मोदी ने आरोप लगाए तो वे संतुलन साधने के लिए दूसरी तरफ जाने का नाटक कर रहे थे।

## जाति आधारित जनगणना को कोई ताकत नहीं रोक सकती : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जो अपने आप को देशक्त कहते हैं वो 90 प्रतिशत लोगों के लिए 'न्याय' सुनिश्चित करने वाली जाति आधारित जनगणना के 'एक्सरे' के विरोध में खड़े हो गए हैं, लेकिन वे जाति आधारित जनगणना को रोक नहीं सकते।



उन्होंने जोर दिया कि जाति आधारित जनगणना को कोई शक्ति नहीं रोक सकती है क्योंकि लोगों को यह बात समझ में आ गई है। भाजपा के लोग जातिगत जनगणना के 'एक्सरे' से डरते हैं। मोदी ने देश से 10 साल कहा कि वह ओबीसी हैं। जैसे ही मैंने जाति आधारित जनगणना और एक एक्सरे की बात की तो नरेन्द्र मोदी कहते हैं की जाति ही नहीं होती है। अगर जाति नहीं है तो आप ओबीसी कैसे हैं? आपको उसी समय कहना चाहिए था कि मेरी कोई जाति नहीं है। उनका कहना था कि अगर आप महाशक्ति बनना चाहते हैं, चीन से मुकाबला करना चाहते हैं तो 90 प्रतिशत लोगों की शक्ति का इस्तेमाल तो करना पड़ेगा। जाति आधारित जनगणना का 'एक्सरे' और न्याय उनके लिए राजनीतिक मुद्दा नहीं है।

# अदालत ने केजरीवाल को जवाब देने के लिए दिया वक्त

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली की अदालत ने आबकारी नीति मामले में ईडी द्वारा जारी समन को कथित तौर पर नजरअंदाज करने को लेकर आदेश के खिलाफ पुनर्विचार की मांग करने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की दो याचिकाओं पर एजेंसी के जवाब पर प्रतिक्रिया देने के लिए आप नेता को समय दिया है।

ईडी की शिकायत पर एक मजिस्ट्रेट अदालत ने केजरीवाल को समन जारी किया था और उनके खिलाफ एक आदेश पारित किया था, जिसको चुनौती देते हुए 'आप' नेता ने विशेष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। ईडी ने मामले में जारी समन से कथित तौर पर बचने के लिए केजरीवाल के खिलाफ मजिस्ट्रेट अदालत में शिकायत की थी। विशेष न्यायाधीश राकेश सयाल ने केजरीवाल की अपील पर ईडी के जवाब मिलने के बाद आप संयोजक को जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया है। केजरीवाल के वकीलों ने अदालत को बताया

### समन अनदेखी मामला



- ईडी की शिकायत पर समन भेजने और आदेश को चुनौती देने आप नेता पहुंचे थे विशेष अदालत

#### केजरीवाल से मिले सौरभ

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बुधवार को तिहाड़ जेल में मुख्यमंत्री केजरीवाल से मुलाकात की, जो 30 मिनट चली। भारद्वाज ने कहा कि केजरीवाल ने जनता से कहा है कि उनकी चिंता न करे। वह मुलाकात जंगले में मिले और इंटरकॉम पर बातचीत हुई।

कि ईडी मामले में 'आप' नेता को गिरफ्तार कर चुकी है इसलिए उन्हें अब इस बारे में उनसे कोई निर्देश नहीं मिला इसलिए जवाब दाखिल करने के लिए समय चाहिए, जिसके बाद अदालत ने यह आदेश दिया। अब 14 मई को याचिका पर सुनवाई करेगी।

# चुनावी बॉण्ड : एसआईटी से जांच वाली याचिका कोर्ट में दाखिल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- राजनीतिक दलों को चंदा देने में पारदर्शिता के प्रयास के तहत किया गया था शुरू

अपारदर्शी चुनावी बॉण्ड योजना को लेकर जारी विवाद के बीच उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर की गई है जिसमें राजनीतिक दलों, कॉरपोरेट घरानों और चुनावी बॉण्ड के जरिये दिये गये चंदे की जांच कर रही एजेंसियों के अधिकारियों के बीच 'परस्पर लाभ पहुंचाने' की कथित घटनाओं की अदालत की निगरानी में एसआईटी जांच कराने का अनुरोध किया गया है।

शीर्ष अदालत की पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने 15 फरवरी को राजनीतिक दलों को गोपनीय रूप से चंदा देने से जुड़ी भाजपा सरकार की चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया था। उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद चुनावी बॉण्ड के अधिकृत विक्रेता बैंक 'भारतीय स्टेट बैंक' ने निर्वाचन आयोग के साथ डेटा साझा किया था, जिसने बाद में सूचनाओं को सार्वजनिक कर दिया। सरकार द्वारा दो जनवरी, 2018 को अधिसूचित चुनावी बॉण्ड योजना को राजनीतिक दलों को दिए जाने वाले नकद चंदे के विकल्प के रूप में पेश किया गया था। इस योजना को राजनीतिक दलों को चंदा देने में पारदर्शिता लाने के प्रयास के तहत शुरू किया गया था। वकील प्रशांत भूषण के माध्यम से दायर याचिका में अधिकारियों को विभिन्न राजनीतिक दलों को 'मुखौटा कंपनियों और घाटे में चल रही कंपनियों' की ओर से दिये गये चंदे के स्रोत की जांच करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। ऐसी कंपनियों द्वारा चंदा दिये जाने का खुलासा चुनावी बॉण्ड से जुड़े डेटा के माध्यम से किया गया है।

गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन' द्वारा दायर याचिका में इसे 'घोटाला' करार देते हुए अधिकारियों को 'शेल कंपनियों और घाटे में चल रही कंपनियों' के वित्त पोषण के स्रोत की जांच करने का निर्देश देने की मांग की गई है, जिन्होंने विभिन्न राजनीतिक दलों को चंदा दिया था, जैसा कि चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों से पता चला है।

## ईडी ने संजय राउत के कथित सहयोगी की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** ईडी ने बुधवार को कहा कि उसने मुंबई के पात्रा चॉल के पुनर्विकास में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धनशोधन जांच के सिलसिले में शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत के कथित सहयोगी प्रवीण राउत की 73 करोड़ रुपये से अधिक की जमीन कुर्क की है। उसने कहा कि अचल संपत्तियां पालघर, दापोली, रायगढ़ और ठाणे में और उसके आसपास स्थित हैं।प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले में संजय राउत और प्रवीण राउत दोनों को गिरफ्तार किया था। धन शोधन का मामला मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की प्राथमिकी से उपजा है।

# सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई जांच के खिलाफ बंगाल के मुकदमे पर सुनवाई एक मई तक स्थगित की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा दाखिल एक मुकदमे पर सुनवाई बुधवार को एक मई तक के लिए स्थगित कर दी। बंगाल सरकार ने सीबीआई पर राज्य से बिना मंजूरी प्राप्त किए चुनाव के बाद हिंसा मामलों में जांच को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया है।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने सुनवाई को स्थगित करने के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के अनुरोध के बाद मामले को स्थगित कर दिया। तुषार मेहता ने पीठ से कहा कि उन्हें नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ के सामने पेश होना है, जिस कारण सुनवाई को स्थगित कर दिया जाये। मेहता ने पीठ से कहा कि मैं जानता हूं कि मैंने कई मौकों पर स्थगन का अनुरोध किया है लेकिन आज पीठ के समक्ष मेरे पेश होने की बारी है। पश्चिम बंगाल सरकार ने केंद्र सरकार के खिलाफ शीर्ष अदालत में मुकदमा किया है। बंगाल सरकार का आरोप है कि राज्य सरकार के क्षेत्राधिकार में आने वाले मामलों की जांच के लिए एजेंसी को दी गई मंजूरी वापस ले ली गयी, जिसके बावजूद सीबीआई प्राथमिकियां दर्ज कर रही है और जांच आगे बढ़ा रही है।

# ओबीसी आरक्षण पर कर्नाटक ने नहीं दिया उचित स्पष्टीकरण : आयोग

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में संपूर्ण मुसलमान समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग- ओबीसी के अंतर्गत आरक्षण देने पर राष्ट्रीय ओबीसी आयोग ने कहा है कि राज्य सरकार ने इस संबंध में उचित स्पष्टीकरण नहीं दिया है। राष्ट्रीय ओबीसी आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने बुधवार को यहां कहा कि कर्नाटक सरकार ने ओबीसी आरक्षण का श्रेणीकरण इस तरह से किया है कि संपूर्ण मुसलमान समुदाय ओबीसी आरक्षण में आ गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार से मुसलमान समुदाय को ओबीसी के अंतर्गत आरक्षण देने का आधार पूछा गया था जिसका राज्य सरकार से कोई उचित स्पष्टीकरण नहीं मिला है। श्री अहीर ने कहा कि कर्नाटक में ओबीसी समुदाय को 32 प्रतिशत आरक्षण प्राप्त है। राज्य सरकार ने ओबीसी आरक्षण में बंटवारा किया जिसमें श्रेणी प्रथम, प्रथम बी, द्वितीय बी, तृतीय ए और तृतीय बी बनायी हैं। प्रथम श्रेणी में 95 जातियां हैं जिनमें 17 मुसलमान जाति हैं। द्वितीय बी में 103 जातियां हैं जिनमें 19 मुसलमान जातियां भी शामिल हैं।

## ट्रेलर और स्कार्पियो टकराने से पांच लोगों की मौत

**नागौर।** राजस्थान में नागौर जिले के डेगाना क्षेत्र के हरसौर कस्बे में आज ट्रेलर और स्कार्पियो गाड़ी टकरा जाने से तीन बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गई तथा छह घायल हो गए। डेगाना पुलिस उपाधीक्षक रामेश्वर लाल ने बताया कि ये लोग हरसौर के पास स्थित रानाबाई मंदिर में दर्शन करने के लिए जा रहे थे कि उनकी स्कार्पियों गाड़ी और सामने से आर रहा ट्रेलर आपस में टकरा गये। ये जोधपुर के रिजनाली गांव के रहने वाले बताये जा रहे हैं। मृतकों में एक महिला भी शामिल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं।

आयोग के सात स्थानों के लिए आठ दावेदार थे दौड़ में, मतदान प्रक्रिया के बाद चुने गए सात सदस्य

# डब्ल्यूएफआई एथलीट पैनल के अध्यक्ष बने नरसिंह

वाराणसी, एजेंसी

राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता नरसिंह पंचम यादव बुधवार को यहां भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के एथलीट आयोग का अध्यक्ष चुना गया जिससे खेल की विश्व संचालन संस्था द्वारा अनिवार्य की गई प्रक्रिया भी पूरी हो गई। आयोग के सात स्थानों के लिए कुल आठ दावेदार दौड़ में थे और मतदान के बाद सात सदस्यों को चुना गया। इसके बाद उन्होंने आयोग के अध्यक्ष पद के लिए नरसिंह को चुना।

2016 ओलंपिक से पहले टीम के सदस्य नरसिंह सुर्खियों में आ गये थे जब ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार ने उनके खिलाफ एक ट्रायल मुकाबले का अनुरोध किया था जबकि वह चोट के कारण क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में नहीं खेल पाये थे। सुशील ने दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और उनकी अपील खारिज होने के बाद पुष्टि हो गयी कि नरसिंह ही रियो ओलंपिक जाएंगे, लेकिन हैरानी की बात रही कि नरसिंह ओलंपिक से पहले कराई गई दो डोप जांच में विफल हो गए थे जिससे खेल पंचाट ने उन्हें चार साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया था। हालांकि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने उन्हें यह कहते हुए पाक साफ करार कर दिया था कि वह साजिश के कारण डोप जांच में पॉजिटिव आए थे। खेल पंचाट का फैसला नरसिंह के शुरूआती मुकाबले से एक दिन पहले ही आया था जिससे वह रियो से बिना खेले ही वापस लौट आये थे। उनका प्रतिबंध जुलाई 2020 को खत्म हुआ और उन्होंने कहा कि था कि यह घटनाक्रम साजिश का हिस्सा था।

एथलीट आयोग के लिए चुने गए अन्य सदस्य साहिल (दिल्ली), स्मिता ए एस (केरल), भारतीय भाघेई (उत्तर प्रदेश), खुशबू एस पवार (गुजरात), निक्की (हरियाणा) और श्वेता दुबे (बंगाल) हैं। खेल की अंतर्राष्ट्रीय संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने डब्ल्यूएआई का निलंबन हटाते हुए कहा था कि संजय सिंह की अगुआई वाली राष्ट्रीय महासंघ के लिए पहलवानों की शिकायतों को निपटाने के लिए एथलीट आयोग गठित करना अनिवार्य होगा।



- पूर्व पहलवान ने राष्ट्रमंडल खेलों में जीता था स्वर्ण पदक
- पहलवानों की शिकायतों पर एथलीट आयोग ने उठाया कदम

## आज का मुकाबला

सनराइजर्स हैदराबाद
बनाम
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
समय : शाम 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 08 | 379 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (सीएसके) | 08 | 349 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 06 | 324 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 08 | 13 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 08 | 13 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 08 | 13 |

# आरसीबी के खिलाफ रनों का अंबार लगाने पर होंगी हैदराबाद की निगाह

हैदराबाद, एजेंसी

सनराइजर्स हैदराबाद की टीम जब गुरुवार को आईपीएल में निचले पायदान पर चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी निगाह फिर से आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए रनों का अंबार लगाने की होगी।

इस आईपीएल चरण में तीन बार 250 रन का आंकड़ा पार कर चुकी सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने तूफानी बल्लेबाजी दिखाई है, इसमें मुंबई इंडियंस उसका सबसे पहला शिकार बनी और फिर बेंगलुरू में 2016 की विजेता टीम ने आरसीबी के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बनाकर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा कर दिया। इतना ही काफी नहीं था कि एसआरएच ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 125 रन का रिकॉर्ड बनाने के साथ आईपीएल में पहली बार 300 रन पार करने की संभावना भी बना दी थी।





गुरुवार को भी अगर एसआरएच कुछ रिकॉर्ड बना दे तो हैरानी नहीं होगी और वो भी आरसीबी के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ, जिसकी संभावना काफी ज्यादा है। आरसीबी अब तक आठ में से सात मैच गंवाकर तालिका में निचले स्थान पर काबिज है। आरसीबी के बल्लेबाजों ने अपनी गेंदबाजी की खामियों की भरपाई करने के लिए मशक्कत की है लेकिन संतुलन के मामले में इतनी कमजोर टीम के लिए हरफनमौला प्रदर्शन दिखाना असंभव ही दिखता है।

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 | +0.698 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 | +1.206 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.941 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.148 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 4 | 8 | +0.415 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 | -1.055 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.227 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.477 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 | -0.292 |
| बेंगलुरु | 8 | 1 | 7 | 2 | -1.046 |

# दिल्ली ने गुजरात को दिया 225 रनों का लक्ष्य

## ऋषभ ने खेली कप्तानी पारी, अक्षर पटेल ने लगाया शानदार अर्धशतक, संदीप ने झटके तीन विकेट




नई दिल्ली, एजेंसी

कप्तान ऋषभ पंत और अक्षर पटेल के अर्धशतक और दोनों के बीच चौथे विकेट की शतकीय साझेदारी से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग मैच में बुधवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ खराब शुरुआत से उबरते हुए चार विकेट पर 224 रन बनाए।

पंत ने 43 गेंद में पांच चौकों और आठ छक्कों की मदद से नाबाद 88 रन की तेजतर्रार पारी खेली जबकि अक्षर ने 43 गेंद में पांच चौकों और चार छक्कों से 66 रन बनाए। दोनों ने चौथे विकेट के लिए उस समय 113 रन की साझेदारी की जब टीम 44 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। पंत ने अंत में ट्रिस्टन स्टब्स ने सात गेंद में नाबाद 26 के साथ सिर्फ 18 गेंद में 67 रन की अटूट साझेदारी की जिससे दिल्ली की टीम अंतिम पांच ओवर में 97 रन जोड़ने में सफल रही। टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर दिल्ली को बल्लेबाजी का न्योता दिया। पृथ्वी साव (11) और जेक फ्रेजर-मैकगर्क (23) ने अजमतुल्लाह उमरजई के पहले ओवर में चौके से खाता खोला। फ्रेजर-मैकगर्क हालांकि इसी ओवर में भाग्यशाली रहे जब गेंद को हवा में खेल बैठे लेकिन राशिद खान मिड विकेट पर कैच लपकने में नाकाम रहे। फ्रेजर-मैकगर्क ने संदीप वारियर और उमरजई पर छक्के मारे लेकिन फिर संदीप की गेंद पर डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर नूर अहमद को कैच दे बैठे।

नूर ने दो गेंद बाद पृथ्वी का भी शानदार कैच लपककर दिल्ली को दोहरा झटका दिया। थर्ड अंपायर द्वारा आउट दिए जाने के बावजूद यह फैसला विवादास्पद रहा। दिल्ली ने पावर प्ले में तीन विकेट गंवाकर 44 रन बनाए। बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजे गए अक्षर और पंत ने इसके बाद पारी को संवारा।

पंत और अक्षर ने 12वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया। पंत ने मोहित पर छक्के के साथ 34 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। ट्रिस्टन स्टब्स ने 19वें ओवर में बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर की लगातार गेंदों पर दो चौके और दो छक्के मारे। पंत ने टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। वारियर टाइटंस के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने तीन ओवर में 15 रन देकर तीन विकेट चटकाए। मोहित ने चार ओवर में 73 रन लुटाए जबकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिला।



### दिल्ली 224/4

20 ओवर, अतिरिक्त : 05

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| पृथ्वी साव का नूर बो वारियर | 11 | 7 | 2/0 |
| जेक फ्रेजर मैकगर्क का नूर बो वारियर | 23 | 14 | 2/2 |
| अक्षर पटेल का साई सुदर्शन बो नूर | 66 | 43 | 5/4 |
| शाई होप का राशिद बो वारियर | 5 | 6 | 1/0 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 88 | 43 | 5/8 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 26 | 7 | 3/2 |

**गेंदबाजी :** उमरजई 4-0-33-0, वारियर 3-0-15-3, राशिद 4-0-35-0, नूर 3-0-36-1, मोहित 4-0-73-0, शाहरूख 1-0-8-0, साई किशोर 1-0-22-0

## 'इम्पैक्ट' खिलाड़ी ने रोमांच तो बढ़ाया पर खत्म कर दी ऑल राउंडर की भूमिका

**चेन्नई।** लखनऊ सुपर जायंट्स के सलाहकार एडम वोग्स ने आईपीएल में 'इम्पैक्ट' खिलाड़ी नियम के लिए चल रही बहस में शामिल होते हुए कहा कि उन्हें ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में 'पावर सर्ज' जैसा नियम ज्यादा पसंद आता है जिसमें बल्लेबाजी टीम को क्षेत्ररक्षण पांबदियों के दो ओवर के चरण पर फैसला करने का मौका मिलता है।



इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम पिछले सत्र में शामिल किया गया था और इस सत्र में इसे लेकर काफी बहस चल रही है जिसमें भारतीय कप्तान रोहित शर्मा सहित काफी खिलाड़ी इसे आल राउंडरों के लिए नुकसानदायक करार कर रहे हैं। वोग्स ने कहा कि यह नियम क्रिकेट को रोमांचक तो बना रहा है लेकिन इससे आल राउंडर खिलाड़ियों को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट में काफी बड़े स्कोर बन रहे हैं और टीम के लिए मजबूत बल्लेबाज सातवें या आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतर रहे हैं। निश्चित रूप से इससे क्रिकेट के रोमांच का स्तर बढ़ गया है लेकिन इससे मैच में आल राउंडर की भूमिका और उनका प्रभाव थोड़ा कम हो जाता है।

## खेल डायरी

### एशियाई अंडर-22 में भारत की अगुआई करेंगी मुक्केबाज प्रीति

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक जाने वाली टीम की सदस्य मुक्केबाज प्रीति पवार 27 अप्रैल से कजाखस्तान के अस्ताना में शुरू होने वाली एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 50 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुआई करेंगी। 20 वर्षीय मुक्केबाज प्रीति के साथ अंडर-22 प्रतियोगिता में पूर्व युवा विश्व चैंपियन और 2022 एशियाई एलीट मुक्केबाजी चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता अलफिया पठान (81 किग्रा) भी हिस्सा लेंगी।

### आईटीएफ के पूर्व अध्यक्ष ब्रायन टोबिन का निधन

**लंदन।** अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) के पूर्व अध्यक्ष ब्रायन टोबिन का सोमवार को निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे। खेल की संचालन संस्था ने इसकी जानकारी दी। आईटीएफ ने कहा कि टोबिन का सोमवार को निधन हो गया। टेनिस ऑस्ट्रेलिया के पूर्व अध्यक्ष ज्योफ पोलार्ड ने भी बुधवार को ओसनिया टेनिस महासंघ को संदेश में टोबिन के निधन की पुष्टि की।

### उसेन बोल्ट को आईसीसी ने टी-20 विश्व कप का दूत बनाया

**दुबई।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महान धावक उसेन बोल्ट को एक से 29 जून तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले आगामी टी20 विश्व कप का ब्रांड दूत नियुक्त किया। जमैका में जन्में बोल्ट ने 2008 में बीजिंग में हुए ओलंपिक खेलों में इतिहास रचा था, जहां उन्होंने विश्व रिकॉर्ड समय में 100 मीटर, 200 मीटर और 4 गुणा 100 मीटर दौड़ जीती थी। बोल्ट विश्व कप के अपने देश आने और अपनी नयी भूमिका को लेकर उत्साहित है।

# ओलंपिक के लिए तैयार अदिति और दीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय गोल्फर अदिति अशोक (46) और दीक्षा डागर (138) पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं जबकि शुभंकर शर्मा (197) और गगनजीत भुल्लर (232) के भी रैंकिंग के आधार पर खेलों में जगह बनाने की संभावना है। अदिति के लिए यह तीसरा ओलंपिक होगा जो किसी भारतीय गोल्फर की ओलंपिक में सबसे ज्यादा भागीदारी होगी।

दीक्षा दूसरी बार ओलंपिक में हिस्सा लेंगी। शर्मा और भुल्लर के लिए यह पहला ओलंपिक होगा। भारत के लिए ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अदिति के नाम है जो तोक्यो 2020 ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही थीं। ओलंपिक के लिए प्रविष्टियां भारतीय गोल्फ संघ द्वारा भेजी जाती हैं। ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन रैंकिंग से निर्धारित होता है जो आधिकारिक विश्व गोल्फ रैंकिंग (ओडब्ल्यूजीआर) के जरिये 60 पुरुष और इतनी ही महिला खिलाड़ियों के लिए सीमित है। ओडब्ल्यूजीआर रैंकिंग में शीर्ष 15 खिलाड़ी ओलंपिक के लिए स्वतः ही क्वालीफाई कर लेते हैं जिसमें से प्रत्येक देश से अधिकतम चार गोल्फर इसमें हिस्सा ले सकते हैं। इसके बाद ओलंपिक गोल्फ रैंकिंग (ओजीआर) में से प्रत्येक देश से दो शीर्ष खिलाड़ी शामिल होते हैं, बशर्तें देश के शीर्ष 15 में कम से कम दो गोल्फ खिलाड़ी शामिल नहीं हों। भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर साहित थिगाला और अक्षय भाटिया पीजीए टूर पर काफी अच्छा खेल रहे हैं और दोनों ने इस हफ्ते अपने करियर की शीर्ष रैंकिंग हासिल की है, लेकिन अमेरिकी खिलाड़ियों के शीर्ष 15 रैंकिंग में दबदबे को देखते हुए उनके ओलंपिक में जाने की संभावना नहीं है। थिगाला की रैंकिंग 12 और भाटिया की रैंकिंग 33 है।



- शुभंकर और गगनजीत को भी रैंकिंग के आधार पर मिल सकती है जगह

# महिला फुटबॉल की कोच होंगी चाओबा



नई दिल्ली, एजेंसी

आईएम विजयन की अगुआई वाली अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की तकनीकी समिति ने बुधवार को पूर्व खिलाड़ी लांगम चाओबा देवी के नाम की सिफारिश राष्ट्रीय महिला फुटबॉल कोच पद के लिए की है जिससे वह इस पद की जिम्मेदारी लेने को तैयार हैं। देवी (51 वर्ष) ने फिलीपींस में 1999 एशियाई चैंपियनशिप में राष्ट्रीय टीम की कप्तानी की थी। वह भारतीय टीम की सहायक कोच भी रह चुकी हैं।

एआईएफएफ ने कहा कि काफी सोच विचार के बाद समिति ने एल चाओबा देवी के नाम की सिफारिश भारतीय सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच पद के लिए की है। देवी पूर्वोत्तर की एकमात्र महिला कोच हैं जिनके पास एएफसी का 'ए' लाइसेंस कोचिंग प्रमाण पत्र है। एआईएफएफ की कार्यकारी समिति इस सिफारिश को अगली बैठक में मंजूरी देगी। तकनीकी समिति ने विजयन की अध्यक्षता में वर्चुअल बैठक में यह सिफारिश की जिसमें पिंकी भोंपल मगर, शब्बीर अली, विक्टर अमलराज, संतोष सिंह और क्लाइमेक्स लॉरेंस शामिल थे।

- 1999 में हुए एशियाई चैंपियनशिप में भारतीय टीम की कर चुकी हैं कप्तानी
- पूर्वोत्तर की एकमात्र महिला कोच हैं जिनके पास है 'ए' कोचिंग लाइसेंस

## बॉलीवुड हलचल

### किंग में डॉन का किरदार निभाएंगे शाहरूख






**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान फिल्म किंग में डॉन का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। शाहरुख खान अपनी बेटी सुहाना खान के साथ फिल्म किंग में काम करने जा रहे हैं। चर्चा है कि शाहरुख खान फिल्म किंग में डॉन के किरदार में नजर आएंगे। कहा जा रहा है कि फिल्म किंग शाहरुख खान के सबसे बड़े प्रोजेक्ट्स में से एक है, जिसकी हर बारीकी पर खुद शाहरुख खान निर्देशक सुजॉय घोष और सिद्धार्थ आनंद से बात कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि फिल्म किंग में शाहरुख खान के बाल लंबे होंगे और उनकी हल्की दाढ़ी भी होगी। मेकर्स फिल्म में उनके लुक से अपने दर्शकों को पूरी तरह से हैरान करने की तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग इस साल सितंबर में शुरू होगी।



### डांस ऑफ एनवी गाने पर थिरकेंगी माधुरी-करिश्मा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित और करिश्मा कपूर कलर्स चैनल के पॉपुलर शो डांस दीवाने में अपनी सुपरहिट फिल्म दिल तो पागल है के गाना डांस ऑफ एनवी पर फिर थिरकती नजर आएंगी। यशराज बैनर तले वर्ष 1997 में प्रदर्शित फिल्म दिल तो पागल है में शाहरूख खान, माधुरी दीक्षित, करिश्मा कपूर और अक्षय कुमार ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म का माधुरी और करिश्मा पर फिल्माय गाना डांस ऑफ एनवी काफी पॉपुलर हुआ था। माधुरी और करिश्मा की जोड़ी का जादू एक बार फिर इस गाने में देखने को मिला। कलर्स चैनल के पॉपुलर शो डांस दीवाने में करिश्मा कपूर स्पेशल गेस्ट बनकर आएंगी।, जिसमें करिश्मा और माधुरी का डांस ऑफ एनवी भी देखने को मिलेगा। इससे जुड़ा प्रोमो सामने आ चुका है। इस प्रोमो में माधुरी और करिश्मा उसी डांस ऑफ एनवी को रिपीट करती नजर आ रही हैं।

# भारतीय पुरुष, महिला कंपाउंड टीमों की नजरें स्वर्ण पदक पर



शंघाई में जीत के बाद अभिषेक वर्मा, प्रथमेश भालचंद्र फुगे और प्रियांश। ● एजेंसी

शंघाई, एजेंसी

**तीरंदाजी विश्व कप**

भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमों ने बुधवार को सत्र के शुरुआती तीरंदाजी विश्व कप में फाइनल में जगह बनाकर देश का पदक पक्का कर दिया। अनुभवी अभिषेक वर्मा, उभरते हुए तीरंदाज प्रथमेश भालचंद्र फुगे और मौजूदा अंडर-21 विश्व चैंपियन प्रियांश की चौथी वरीयता प्राप्त पुरुष टीम ने फिलीपींस और डेनमार्क को शिकस्त देने के बाद सेमीफाइनल में कोरिया की चुनौती खत्म की।

भारतीय पुरुष टीम के सामने शनिवार को खेले जाने वाले फाइनल में नीदरलैंड की चुनौती होगी। महिला वर्ग में मौजूद विश्व चैंपियन भारत ने तुर्की और एस्तोनिया को शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया। भारत के सामने फाइनल में इटली की चुनौती होगी। मौजूदा अंडर-18 और सीनियर चैंपियन अदिति स्वामी, एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम और परनीत कौर की तिकड़ी ने अपने शुरुआती दो मैचों में सिर्फ 10 अंक गंवाए। भारतीय पुरुष टीम ने करीबी मुकाबले में कोरिया को 235-233 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। इस मुकाबले के शुरुआती दो दौर के बाद दोनों टीमें बराबरी पर थी लेकिन भारत ने 59 के स्कोर के साथ कोरिया को पछाड़ा।

# आईसीसी टी-20 बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष पर सूर्यकुमार

दुबई, एजेंसी

भारत के स्टार सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजी टी-20 रैंकिंग में 861 की रेटिंग के साथ शीर्ष पर कायम है। आईसीसीआई की ताजा रैकिंग में इंग्लैंड के फिल साल्ट 802 की रेटिंग के साथ दूसरे नंबर पर हैं। हाल ही में टी-20 में सबसे तेज तीन हजार रन बनाने वाले पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को रैंकिंग में कोई फायदा मिलता हुआ नहीं दिख रहा है। उनकी रेटिंग 800 की है। इस बीच दक्षिण अफ्रीका के एडन मारक्रम एक पायदान आगे बढ़कर चौथे नंबर पर आ गए हैं और उनकी रेटिंग 755 की है।

मारक्रम के कारण पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को नुकसान हुआ है और वे एक स्थान नीचे खिसक कर पांचवें नंबर पर पहुंचे गये हैं। शीष पांच बल्लेबाजों के बाद छठे स्थान पर 714 रेटिंग के साथ यशस्वी जायसवाल हैं। दक्षिण अफ्रीका के राइली रूसो 689 की रेटिंग के साथ सातवें नंबर पर हैं। इंग्लैंड के जॉस बटलर 680 की रेटिंग के साथ अब एक स्थान की उछाल के साथ आठवें नंबर पर पहुंच हैं। न्यूजीलैंड के फिन ऐलन एक स्थान नीचे यानी नौवें नंबर पर पहुंच गए हैं। उनकी रेटिंग 666 की है। दक्षिण अफ्रीका के रीजा हेड्रिक्स 660 की रेटिंग के साथ अभी भी नंबर 10 पर बने हुए हैं।

वहीं, बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी एक बार फिर पाकिस्तान के सर्वोच्च रेटिंग वाले टी-20 गेंदबाज हैं। वह न्यूजीलैंड केखिलाफ सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्थान ऊपर चढ़कर 17वें स्थान पर पहुंच गए हैं। तेज गेंदबाजी में टीम साउदी और तेज हारिस रऊफ 22वें स्थान पर हैं।



- 802 की रेटिंग के साथ दूसरे स्थान पर इंग्लैंड के फिल साल्ट
- शाहीन अफरीदी सर्वोच्च रेटिंग वाले टी-20 गेंदबाज तेज गेंदबाज

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

